दैनिक
# विनय उजाला
इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00
RNI. Reg. MPHIN/2019/78560
अलीराजपुर
शनिवार, 12 अप्रैल 2025
चैत्र शुक्ल पक्ष - पूर्णिमा
वर्ष : 06 | अंक : 132
कुल पृष्ठ : 12
न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!



जन्मोत्सव विशेष : महाबली वीर हनुमान ... 05

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के 12 पर्सेंट जजों ने ही बताई अपनी संपत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों कहा था कि उसके सभी जजों को अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करना चाहिए। इसके अलावा उन जजों को भी ऐसा करना होगा, जो भविष्य में शीर्ष अदालत का हिस्सा होंगे। इसके बाद भी अब तक 12 फीसदी सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों ने ही अपनी संपत्ति की जानकारी पब्लिक डोमेन में दी है। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर बड़े पैमाने पर कैश मिलने और उसमें आग लगने के दावों के बीच ऐसा आदेश आया था। कोर्ट का कहना था कि सभी जजों को उसकी वेबसाइट पर संपत्ति का ब्योरा देना होगा। यह पहला मौका नहीं है, जब अदालत ने कहा है कि सभी जजों को अपनी वेल्थ की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। इससे पहले 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव लाकर कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के सभी जस्टिसों को अपनी संपत्ति की जानकारी चीफ जस्टिस को देनी चाहिए। इसके अलावा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को कहा गया था कि वे भी अपने चीफ जस्टिस को जानकारी देंगे। प्रस्ताव पर कभी शत प्रतिशत अमल नहीं हुआ है। हालांकि ऐसा प्रस्ताव हर साल आता रहा है। इसके बाद 12 साल बाद एक बार फिर से सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सभी जजों को अपनी संपत्ति सार्वजनिक कर देनी चाहिए।

### गंगा किनारे अतिक्रमण पर सुप्रीम चिंता, केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गंगा किनारे अतिक्रमण को लेकर चिंता जताई है। अदालत ने केंद्र और बिहार सरकार से इस पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह पूछते हुए कि गंगा किनारे अवैध निर्माण हटाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित तरीके और समय अवधि के अलावा मौजूदा अतिक्रमणों की संख्या भी जानना चाहा। पीठ ने कहा, हम जानना चाहेंगे कि गंगा नदी के किनारे ऐसे सभी अतिक्रमणों को हटाने के लिए अधिकारियों ने क्या कदम उठाए हैं।

### 40 दिनों में बिहार में 17 नक्सली, 137 इनामी अपराधी गिरफ्तार

**पटना, (हि.स.)।** राज्य की विधि-व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए अपराधियों खासकर कुख्यात और इनामी अपराधियों के खिलाफ पुलिस के स्तर से निरंतर कार्रवाई जारी है। पिछले 40 दिनों में बिहार में 1 लाख का इनामी समेत 17 नक्सली, 137 इनामी अपराधी और विभिन्न जिलों के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शुमार 17 कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। यह जानकारी एडीजी पंकज कुमार दराद ने शुक्रवार को दी। पत्रकार वार्ता में एडीजी ने कहा कि इस अवधि में पकड़े गए अपराधियों एवं नक्सलियों के पास से 1 एके-47, 3 एसएलआर, 4 रेगुलर रायफल, 986 कारतूस समेत अन्य चीजें बरामद हुई हैं। एडीजी ने बताया कि पिछले 40 दिनों में नक्सलियों एवं अपराधियों के साथ 4 बार मुठभेड़ हो चुकी है। गया के इमामगंज में 4 अप्रैल को जमुई के कटोरिया थाना क्षेत्र में हुई छापेमारी में 4 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं।




**प्रधानमंत्री मोदी आनंदपुर धाम पहुंचे... परमहंस अद्वैत मत के तीन प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए**

# सभी समस्याओं का समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा : पीएम

ग्वालियर

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया में भौतिक उन्नति के बीच मानवता के लिए युद्ध, संघर्ष और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कई चिंताएं हमारे सामने हैं। इनकी जड़ में क्या है। इनकी जड़ में अपने और पराए की मानसिकता है। ये मानसिकता मानव से मानव को दूर करती है। आज विश्व भी सोच रहा है कि इनका समाधान कहां मिलेगा। इनका समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा। अद्वैत यानी यहां कोई द्वैत नहीं है।**

प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को मध्यप्रदेश के अशोकनगर के ईसागढ़ स्थित श्री आनंदपुर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने परमहंस अद्वैत मत के तीन प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए। उन्होंने आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित किए। इसके बाद मोती हॉल पहुंचकर परमहंस अद्वैत मत के वर्तमान गुरु से मुलाकात की और फिर सत्संग हॉल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित भी किया। पीएम मोदी के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहे।



### अशोकनगर में शोक आने से डरता है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया हो, जहां परमार्थ एक परंपरा बन चुका हो, जहां सेवा के संकल्प मानवता के कल्याण का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है। इसलिए हमारे संतों ने अशोक नगर के बारे में कहा था कि यहां शोक आने से डरता है।

**मुश्किलों में ऋषियों ने मार्गदर्शन किया...** प्रधानमंत्री ने कहा- हमारा भारत ऋषियों, मनीषियों और संतों की धरती है। जब-जब हमारा भारत, हमारा समाज किसी मुश्किल दौर से गुजरता है, कोई न कोई ऋषि, मनीषी इस धरती पर अवतरित होकर समाज को नई दिशा देता है। हम पूज्य स्वामी अद्वैतानंद महाराज जी के जीवन में भी इसकी झलक देख सकते हैं। एमपी सरकार अभी से ही उज्जैन सिंहस्थ की तैयारी में जुट गई है। हम देश में राम वन गमन पथ का विकास कर रहे हैं। इसका अहम हिस्सा एमपी से होकर गुजरेगा। एमपी पहले से ही अजब और गजब है। इन कार्यों से उसकी पहचान और मजबूत होगी।

### संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करना है

पीएम मोदी ने कहा- 2047 तक विकसित भारत बनने का लक्ष्य तय किया है। हमें विश्वास है, इसे हासिल करेंगे। विकास की दौड़ में कई देश अपनी संस्कृति से कट गए, अपनी परंपराएं भुला दी। भारत में हमें इन्हें संरक्षित करके रखना है। हमारी संस्कृति हमारे सामर्थ्य को मजबूत करती है।

### सेवा की भावना सरकार की नीति भी, निष्ठा भी

गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प, सबका साथ सबका विकास का मंत्र, सेवा की भावना सरकार की नीति है। निष्ठा भी है। सेवा की भावना हमारे व्यक्तित्व को भी निखारती है। सेवा हमें व्यक्तिगत दायरे से निकालकर मानवता के बड़े उद्देश्य से जोड़ती है। सेवा एक साधना है, एक ऐसी गंगा है, जिसमें हर व्यक्ति को डुबकी लगानी चाहिए।

**मुख्यमंत्री ने द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के राष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसम का किया शुभारंभ**

# मध्यप्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे हैं मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र: डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने डॉ. निधिपति सिंघानिया को किया सम्मानित

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राचीनकाल से ही आर्किटेक्ट्स का विशेष महत्व रहा है। राजा भोज स्वयं बड़े वास्तुकार थे। भोपाल ताल सहित प्राचीन स्थापत्य के कई उदाहरण भोपाल और इसके आसपास विद्यमान है।**

सीएम ने कहा कि भोपाल का ताल मूलत: बांध है। एक हजार साल पहले बनी है यह अद्भुत और बेमिसाल संरचना आज भी सामयिक और बड़ी आबादी के लिए उपयोगी है। मितव्ययता और तकनीकी उत्कृष्टता के साथ निर्मित यह संरचना, प्राचीन समृद्ध ज्ञान परंपरा का जीवंत उदाहरण है, जिस पर आज भी विचार प्रासंगिक है। इस दृष्टि से भोपाल में हो रहा आर्किटेक्ट्स सम्मेलन विशेष महत्व का है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वास्तुशिल्प नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए वास्तुकला उत्कृष्टता में विरासत को समाहित करने के लिए डॉ. निधिपति सिंघानिया को भारतीय वास्तुकार संस्थान (आईआईए) फैलोशिप से सम्मानित किया।



### औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार की अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस दौर में मध्यप्रदेश बदल रहा है, प्रदेश में औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, जलवायु, जन सामान्य का आत्मीय व्यवहार, सड़क-बिजली-पानी जैसी अधोसंरचनात्मक सुविधाएं, प्रदेश को निवेश के लिए आदर्श राज्य बनाती हैं। व्यवसायियों और उद्योगपतियों को कार्य में परेशानी ना आए इस उद्देश्य से ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ-साथ सेक्टर विशेष पर केंद्रित नीतियां लागू की गई है। प्रदेश में मेट्रोपॉलिटन सिटी भी तेजी से विकसित हो रही हैं, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर जैसे बड़े शहरों से आसपास के पांच जिलों को जोड़कर विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, शाजापुर को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन विकसित करने की कल्पना है।

**एनआईए ने की मुंबई हमले में पूछताछ**

# अगर-मगर कर रहा तहव्वुर राणा नहीं दे रहा सवालों के सीधे जवाब

नई दिल्ली

**26/11 मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा से पूछताछ तो शुरू हो गई है, लेकिन अब तक वो जांच एजेंसी के सवालों से कन्नी काट रहा है। सूत्रों के मुताबिक, राणा एनआईए के अफसरों से सहयोग नहीं कर रहा है और हर सवाल पर या तो चुप्पी साध रहा है या गोलमोल जवाब दे रहा है। शुक्रवार को जब उसे पहली बार एनआईए मुख्यालय लाया गया, तो उससे महज तीन घंटे की पूछताछ ही हो सकी। इसमें में भी उसने अधिकांश सवालों का जवाब पता नहीं में दिया।**



दरअसल, राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर दिल्ली लाया गया और अदालत के आदेश पर उसे 18 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा गया। इसके बाद शुक्रवार सुबह उसे सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित एनआईए मुख्यालय लाया गया, जहां उसे कड़ी सुरक्षा के बीच हाई-सिक्योरिटी कोठरी में रखा गया है। चौबीसों घंटे निगरानी के साथ उसकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। हालांकि, पूछताछ की रफ्तार फिलहाल धीमी ही दिख रही है।

एनआईए की उपमहानिरीक्षक और केस की मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय इस पूछताछ का नेतृत्व कर रही हैं। एनआईए ने साफ किया है कि आने वाले दिनों में राणा से विस्तार से पूछताछ कर 2008 के हमलों की पूरी साजिश का पर्दाफाश करने की कोशिश की जाएगी। लेकिन शुरुआती रवैये से एजेंसी के हाथ ज्यादा कुछ नहीं लगा है।

# टोल बंद होने से 1638.85 करोड़ का नुकसान, पंजाब सरकार से भरपाई की तैयारी

अमृतसर, एजेंसी

पंजाब में बार-बार टोल प्लाजा को जबरन बंद किए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने गहरी नाराजगी जताई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस मुद्दे पर पंजाब के मुख्य सचिव के एपी सिन्हा को पत्र लिखकर बताया कि अक्टूबर 2020 से नवंबर 2024 के बीच इस तरह की घटनाओं के कारण केंद्र सरकार को 1 हजार 638.85 करोड़ रुपए का भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

4 अप्रैल को लिखे गए इस पत्र में मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने कहा कि टोल वसूली में बार-बार आने वाले रुकावटों के कारण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनएचएआई की परियोजनाओं के निर्माण और रखरखाव पर बुरा असर पड़ा है। इसके साथ ही केंद्र इस घाटे की भरपाई राज्य सरकार से करने पर भी विचार कर रहा है। वहीं, इस मामले को लेकर अब वित्त मंत्री हरपाल चीमा का भी बयान आया है। हरपाल चीमा ने कहा है कि टोल प्लाजा की बंदी किसानों की मांगों के चलते हुई है, और ये मांगें केंद्र सरकार से संबंधित हैं। ऐसे में नुकसान की भरपाई भी केंद्र सरकार को ही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार किसानों के साथ संवाद के पक्ष में रही है, लेकिन यह मामला राष्ट्रीय नीति से जुड़ा है, इसलिए केंद्र को ही इसका समाधान निकालना होगा।

# पीएम ने मांगी गैंगरेप की जानकारी

### कमिश्नर से कहा- दोषी बचने न पाएं

वाराणसी, एजेंसी

मोदी ने वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरते ही पुलिस कमिश्नर, कमिश्नर और डीएम से छात्रा से हुए गैंगरेप की घटना की जानकारी ली। पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह 10 बजकर 7 मिनट पर अपने 50वें दौरे पर वाराणसी पहुंचे। एयरपोर्ट पर उतरते ही पीएम ने पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल से छात्रा से गैंगरेप केस को लेकर सवाल-जवाब किए। उन्होंने कमिश्नर से वारदात की पूरी जानकारी ली। कहा- सभी दोषियों पर सख्त एक्शन हो। साथ ही, ऐसी घटना दोबारा न होने पाए। यह घटना 15 दिन पहले की है कमिश्नर ने पीएम मोदी को केस की पूरी स्टेटस रिपोर्ट बताई। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्य आरोपी समेत 9 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी का कैफे सील कर दिया गया है। दरअसल, वाराणसी में ग्रेजुएशन की छात्रा से 29 मार्च को 23 लड़कों ने 7 दिन तक गैंगरेप किया था, फिर उसे सड़क पर फेंक कर भाग गए थे।

# यूपी-बिहार में बारिश-बिजली का कहर, 83 मौतें

### 10 राज्यों में आंधी-बारिश का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में मौसम की दोहरी मार जारी है। एक तरफ तेज गर्मी और दूसरी तरफ आंधी-तूफान और बारिश का कहर है। यूपी-बिहार में 10 अप्रैल को आंधी-तूफान के कारण 83 लोगों की मौत हो गई। इसमें 61 मौतें बिहार में और 22 मौतें हुईं। एयर इंडिया आंधी और तेज हवाओं के कारण एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइन ने कहा कि उत्तरी भारत के कई हिस्सों में फ्लाइट्स प्रभावित हैं। दिल्ली से आने-जाने वाली हमारी कुछ फ्लाइट्स लेट हैं और कुछ को डायवर्ट किया गया है। इसका असर ओवरऑल फ्लाइट शेड्यूल पर भी पड़ सकता है।



मौसम विभाग के मुताबिक भी जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, असम, मेघालय में 40-50 किमी की रफ्तार से तूफानी हवा चल सकती है। साथ ही बिजली गिरने का भी अलर्ट है।

**थाईलैंड में नौकरी का लालच**

# म्यांमार ले जाकर कराते रहे 'साइबर गुलामी', 60 भारतीयों को बचाया

मुंबई

महाराष्ट्र पुलिस की साइबर शाखा ने म्यांमार में साइबर गुलामी के लिए मजबूर किए गए 60 से अधिक भारतीय नागरिकों को बचाया है। एक विदेशी नागरिक समेत 5 एजेंट को गिरफ्तार भी किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने इस संबंध में 3 एफआईआर दर्ज की हैं। अधिकारी ने बताया कि गिरोह चलाने वाले लोग सोशल मीडिया के जरिए पीड़ितों से संपर्क करते थे और उन्हें थाईलैंड व दूसरे पूर्वी एशियाई देशों में उच्च वेतन वाली नौकरियों की पेशकश करते थे। उन्होंने बताया कि एजेंटों ने पीड़ितों के लिए पासपोर्ट और विमान के टिकट का मुहैया कराया और उन्हें पर्यटक वीजा पर थाईलैंड भेज दिया। वहां से उन्हें म्यांमार सीमा पर भेजा गया और छोटी नौकाओं से नदी पार कराकर म्यांमार में प्रवेश कराया गया।

सीनियर अधिकारी ने बताया कि ने बताया कि म्यांमार में प्रवेश करते ही पीड़ितों को सशस्त्र विद्रोही समूह कड़ी सुरक्षा वाले परिसरों में ले जाते थे और उन्हें बड़े पैमाने पर फर्जी निवेश योजनाओं के नाम पर साइबर धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर करते थे। अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर पीड़ितों को बचाया। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि पीड़ितों को बचाने के लिए म्यांमार में घुसकर अभियान चलाया गया था या नहीं। उन्होंने बताया कि पीड़ितों से पूछताछ में एजेंटों और धोखाधड़ी करने वाली कॉल सेंटर कंपनियों के एक नेटवर्क का खुलासा हुआ, जो भारत से नौकरी के इच्छुक लोगों को अपने जाल में फंसाते थे।

**1000 किलो का बम और 100 किमी है रेंज**

# 'गौरव' के सफल ट्रायल से कांप उठे दुश्मन

नई दिल्ली, एजेंसी

**रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक और कारनामा कर दिखाया है। 8 से 10 अप्रैल के बीच लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम 'गौरव' का सफल रिलीज ट्रायल पूरा हुआ। यह परीक्षण भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई विमान से किया गया। ट्रायल के दौरान, इस हथियार को अलग-अलग कई स्टेशनों पर ले जाया गया और एक द्वीप पर मौजूद जमीन के टारगेट को निशाना बनाया गया। इस तरह करीब 100 किलोमीटर की रेंज के साथ पिनपॉइंट एक्यूरेसी को हासिल कर लिया गया, जो इसकी प्रभावशाली क्षमता को दर्शाता है।**

गौरव1000 किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है। इसे अनुसंधान केंद्र इमारत, आयुध अनुसंधान व विकास प्रतिष्ठान और एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर की ओर से डिजाइन और डेवलप किया गया है। यह पूरी तरह स्वदेशी है और भारतीय वायुसेना की सटीक हमले की जरूरतों को पूरा करता है। इस ट्रायल को अडानी डिफेंस और भारत फोर्ज जैसी इंडस्ट्रीज ने सपोर्ट किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, वायुसेना और इंडस्ट्री को बधाई दी, इसे स्वदेशी डिफेंस टेक्नोलॉजी में बड़ा कदम बताया। यह सफलता भारत की आत्मनिर्भरता और सैन्य ताकत को और मजबूत करती है।




### गौरव है पूरी तरह से स्वदेशी

इस बम का पहला ट्रायल 2014 में किया गया था। 1000 किलो के इस ग्लाइड बम की खासियत है इसकी रेंज और इसकी सटीकता। गौरव की रेंज 100 किलोमीटर की है। इस बम के ऑन बोर्ड हाईब्रिड नेविगेशन सिस्टम इसे लंबी दूरी तक सटीक मार करने की क्षमता देती है। गौरव ग्लाइड बम के डेवल्पमेंट ट्रायल लगभग खत्म हो चुके हैं। अब जल्द ही इसे यूजर ट्रायल के लिए दिया जाएगा। एक बार यूजर ट्रालय पूरे होने के बाद इसे आधिकारिक रूप से भारतीय वायुसेना में शामिल कर लिया जाएगा। इसी का दूसरा वर्जन जिसे नाम दिया गया है 'गौतम' वह डेवल्पमेंट फेज में है। इसकी रेंज 30 किलोमीटर के करीब है। लेकिन इसमें गौरव की तरह विंग नहीं है।

### लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम गौरव की खासियत

1. एलआरजीबी 'गौरव' की खासियत यह है कि इसके पंख इसे ग्लाइड करने में मदद करते हैं, जिससे यह काफी घातक हो जाता है।
2. यह 100 किलोमीटर से ज्यादा की रेंज हासिल कर सकता है, खासकर हाई एल्टिट्यूड (40,000 फीट से ज्यादा) से लॉन्च करने पर।
3. इस बम में हाइब्रिड नेविगेशन सिस्टम है, जो नेविगेशन सिस्टम और जीपीएस डेटा का कॉम्बिनेशन यूज करता है। इससे यह लंबी दूरी तक टारगेट को सटीकता से हिट कर सकता है।
4. यह बंकर, हार्ड स्ट्रक्चर, और एयरफील्ड जैसे टारगेट्स को नष्ट करने में भी सक्षम है।
5. गौरव के जरिए वायुसेना के विमान दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम से दूर रहकर हमला कर सकते हैं, जिससे उनकी सेफ्टी बढ़ती है।

## संक्षिप्त समाचार

### हिन्दीयोद्धा डॉ. वेदप्रताप वैदिक पुस्तक लोकार्पित





**इन्दौर ( विनय उजाला )।** शहर में पत्रकारों की पुरातन संस्था इन्दौर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इन्दौर मीडिया कॉनक्लेव में बुधवार को राजेन्द्र माथुर स्मृति व्याख्यान के दौरान डॉ. अर्पण जैन अविचल द्वारा लिखी पुस्तक हिन्दी योद्धा- डॉ. वेदप्रताप वैदिक का लोकार्पण मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार पी. साईनाथ, इन्दौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, इन्दौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी, पद्मश्री जनक पलटा, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, प्रेस क्लब महासचिव हेमंत शर्मा, समाजसेवी अजय चौरड़िया व वरिष्ठ पत्रकार हेमंत शर्मा द्वारा किया गया। डॉ. वेदप्रताप वैदिक के परिचय पर एकाग्र देश की पहली पुस्तक है। अब तक डॉ. वैदिक के अवदान और उनके कार्यों पर कोई पुस्तक नहीं लिखी गई। डॉ. अर्पण जैन अब तक 15 से अधिक किताबें लिख चुके हैं और उन्हें साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश शासन द्वारा अखिल भारतीय नारद मुनि पुरस्कार व जम्मू कश्मीर साहित्य एवं कला अकादमी द्वारा अक्षर सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर सैंकड़ों पत्रकार, साहित्यकार और विद्यार्थी इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन संजय पटेल व आभार प्रेस क्लब उपाध्यक्ष दीपक कर्दम ने माना।

### केन्द्रीय मंत्री श्री शाह के मुख्य आतिथ्य में होगा राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन

**भोपाल, निप्र।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में रविवार 13 अप्रैल को रवीन्द्र भवन सभागार में दोपहर 12 बजे से अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत होने वाले राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन होगा। सम्मेलन में सांसद श्री वी.डी. शर्मा विशेष अतिथि होंगे। सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को मंत्रालय में सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में पशुपालन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल, अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव श्री उमाकांत उमराव, सहकारिता, पशुपालन, नगर निगम, पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिये कि कार्यक्रम सुव्यवस्थित हो, इसके लिये अलग-अलग काम के लिये अलग-अलग अधिकारी की ड्यूटी निर्धारित की जाये। साथ ही एक कंट्रोल-रूम स्थापित किया जाये, जिसके लिये एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें। उन्होंने बैठक व्यवस्था, पास, निमंत्रण-पत्र, वाहन पार्किंग के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### स्त्री शिक्षा की नींव रखने में ज्योतिबा फुले का अतुलनीय योगदान : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

**भोपाल, निप्र।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में फैली कुरीतियों से लड़ने के लिए आंदोलन भी चलाया था। देश में स्त्री शिक्षा की नींव रखने और छुआछूत के खिलाफ अलख जगाने में उनका उल्लेखनीय योगदान है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शुक्रवार को भोपाल में सात नंबर बस स्टॉप ज्योतिबा फुले चौराहे पर मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर ने कहा कि भारतीय समाज को सशक्त बनाने तथा महिला शिक्षा की अलख जगाने में ज्योतिबा फुले का योगदान युगों-युगों तक याद किया जाएगा। श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि अंग्रेजों की हुकूमत जब इस देश में चारों तरफ देश की जनता को गुलामी की बेड़ियों में जकड़े हुए थी तब ज्योतिबा फुले ने कहा था की शिक्षा का स्तर इस प्रकार से होना चाहिए की शिक्षा का प्रकाश समाज के कोने-कोने तक पहुंचे।

# प्रधानमंत्री मोदी का ग्वालियर आगमन पर हुआ स्वागत

## प्रभारी मंत्री, मंत्रिगण एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने की विमानतल पर अगवानी





विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का शुक्रवार को अल्प प्रवास पर ग्वालियर आगमन हुआ। प्रधानमंत्री श्री मोदी दोपहर लगभग 2 बजे वायुसेना विमानतल महाराजपुरा पहुँचे। विमानतल पर जन-प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अगवानी की गई। प्रधानमंत्री श्री मोदी हेलीकॉप्टर से अशोकनगर जिले के लिए रवाना हुए।

प्रधानमंत्री श्री मोदी की अगवानी ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, विधायक श्री मोहन सिंह राठौर, महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान और पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने की। साथ ही पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, श्री जयभान सिंह पवैया, श्री अनूप मिश्रा, श्रीमती माया सिंह, श्रीमती इमरती देवी, पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री सीताराम बाथम, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर सहित श्री आशीष अग्रवाल, श्री जयप्रकाश राजौरिया, श्री प्रेम सिंह राजपूत, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री द्वारा महू के ग्राम आशापुरा में कामधेनु गौशाला का भूमि पूजन आज

## गौवंश संरक्षण के लिए 25 हेक्टर् भूमि पर बनेगी आधुनिक गौशाला

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि नगर निगम इंदौर को गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से महू स्थित ग्राम आशापुरा में आवंटित 25 हेक्टर् शासकीय भूमि पर आधुनिक कामधेनु गौशाला माननीय मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी की गरिमा में उपस्थिति में द्वारा 12 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:00 बजे भूमि पूजन किया जाएगा।

इस अवसर पर माननीय नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय,



जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, सांसद श्री शंकर लालवानी, सांसद एवं राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, सुश्री कविता पाटीदार,विधायक सुश्री उषा ठाकुर, विधायकगण, सभापति, महापौर परिषद सदस्य, पार्षद गण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि गौवंश की सुरक्षा, चिकित्सा एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित 25 हेक्टर शासकीय भूमि पर कामधेनु गौशाला में प्रवेश द्वार निर्माण, शेड निर्माण, गौवंश के लिए पेयजल की व्यवस्था हेतु तालाब निर्माण के साथ ही अन्य विकास कार्य का निर्माण होगा। नगर निगम इंदौर द्वारा गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे सड़क पर विचरने वाले असहाय गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा।

इस गौशाला में गौवंश के स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल की समुचित व्यवस्था की जाएगी, जिससे गौसंवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही गौशाला निर्माण होने जाने पर लगभग 10 हजार से अधिक गोवंश को आसरा मिलेगा एवं वन क्षेत्र से लगे होने के कारण गोवंश को गौशाला परिक्षेत्र मे खुले में भ्रमण की आजादी भी रहेगी।

## नवीन एसओआर केवल एक तकनीकी दस्तावेज नहीं, विजन 2047 की दिशा में विभाग के सुनियोजित प्रयासों का है प्रतीक : मंत्री सिंह

**भोपाल, निप्र।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा जारी नवीन एस.ओ.आर. (दर अनुसूची) केवल एक तकनीकी दस्तावेज नहीं, बल्कि यह विजन 2047 की दिशा में विभाग के सुनियोजित प्रयासों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता, नवीन तकनीकों का समावेश और पर्यावरणीय संतुलन को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए, जिससे निर्माण कार्यों के माध्यम से नागरिकों के जीवन में वास्तविक सुधार लाया जा सके। मंत्री श्री सिंह निर्माण भवन में सड़क एवं पुल कार्यों की नवीन एस.ओ.आर.(दर अनुसूची) के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग का यह नवीन एस.ओ.आर. लोक निर्माण से लोक कल्याण की भावना को और अधिक मजबूत करेगा। तकनीक के साथ पारदर्शिता, गुणवत्ता के साथ गति और निर्माण के साथ जनकल्याण इन्हीं मूल सिद्धांतों पर आधारित यह दस्तावेज प्रदेश को अधोसंरचना विकास के नए मानदंडों की ओर अग्रसर करेगा। राज्य में अधोसंरचना विकास को अधिक सक्षम, पारदर्शी और पर्यावरण-मित्र बनाने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों के लिए यह नवीन एस.ओ.आर. जारी किया गया है।






**( विनय उजाला )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक श्री भगवानदास सबनानी जी ने दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर वार्ड 29, में हरिओम प्रभात फेरी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ का पूजन कर सहभागिता की एवं कथा श्रवण किया।

### रिलायंस ज्वेल्स ने अक्षय तृतीया के लिए 'ज्वेल्स ऑफ इंडिया - तिरुपति कलेक्शन' का 10वाँ संस्करण पेश किया

विनय उजाला




**मुंबई।** भारत के सबसे भरोसेमंद आभूषण ब्रांडों में से एक, रिलायंस ज्वेल्स, तिरुपति की पवित्र भूमि को नमन करते हुए गर्व से अपने सिग्नेचर 'ज्वेल्स ऑफ इंडिया' कलेक्शन में तिरुपति कलेक्शन का 10वाँ संस्करण प्रस्तुत करता है। अपने पौराणिक मंदिरों, शानदार वास्तुकला और अपने इष्टदेव, भगवान बालाजी की दिव्य आभा से प्रेरित, यह उत्कृष्ट सोने और हीरे के ज्वेलरी कलेक्शन अक्षय तृतीया समारोह को दैवीय अनुकंपा प्रदान करता है।

बारीकी के साथ तैयार किए गए ये डिज़ाइन भगवान बालाजी की आध्यात्मिक महिमा, पवित्र तिरुमाला पहाड़ियों और श्रीनिवास कल्याणम् के सुंदर आकर्षण को दर्शाते हैं। चाहे वह राजसी चोकर हो, शानदार लंबे हार, नाज़ुक ढंग से हस्तनिर्मित चूड़ियाँ, या खूबसूरती से गढ़ी गई बालियाँ, हर आभूषण मंदिर परंपराओं की कलात्मकता को प्रतिबिंबित करती है, जो आधुनिकता के साथ सहजता से मिश्रित होती है। अपनी बेहतरीन कृतियों के अलावा, 'ज्वेल्स ऑफ इंडिया - तिरुपति' कलेक्शन में भगवान बालाजी के पवित्र तत्व को रोज़मर्रा की ज़िंदगी में शामिल करने के लिए डिज़ाइन किए गए हल्के वज़न वाले पहनने योग्य आभूषणों की एक श्रृंखला भी शामिल है। ये किफायती, सुरुचिपूर्ण रचनाएँ ग्राहकों को अपने दैनिक जीवन में आध्यात्मिकता और परंपरा से रू-ब-रू कराती हैं, जबकि भव्य डिज़ाइन विशेष अवसरों पर शोस्टॉपर बनते हैं। लॉन्च पर बोलते हुए, रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ सुनील नायक ने कहा, आभूषण केवल एक श्रृंगार नहीं है; यह विरासत, आस्था और दैवीय संबंध की एक शाश्वत अभिव्यक्ति है। ज्वेल्स ऑफ इंडिया तिरुपति कलेक्शन भगवान बालाजी को एक भावपूर्ण श्रद्धा है, जिसके हर हिस्से में उनका आशीर्वाद समाया हुआ है। यह अक्षय तृतीया की भावना को खूबसूरती से प्रस्तुत करता है - ऐसा त्योहार जो प्रचुरता और शुभता का प्रतीक है। इस कलेक्शन के प्रत्येक अंश के साथ, हम इस पवित्र भावना को जीवन में लाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

2019 में अपनी शुरुआत के बाद से, रिलायंस ज्वेल्स की ज्वेल्स ऑफ इंडिया पहल ने अपने शानदार आभूषण संग्रह के माध्यम से कर्नाटक, राजस्थान, ओड़िशा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न क्षेत्रों की समृद्ध कलात्मक परंपराओं की खोज की है।

## उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ दिल्ली के लाल किले पर तीन दिवसीय विक्रमोत्सव का करेंगे शुभारंभ

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती गुप्ता भी होंगी शामिल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** महान सम्राट विक्रमादित्य, विक्रम संवत् और देश के गौरवशाली इतिहास में उनके योगदान से देश को अवगत कराने के लिए सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य का मंचन 12 से 14 अप्रैल तक नई दिल्ली के लाल किले में माधवदास पार्क में होगा। उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ शाम को 7 बजे विक्रमोत्सव में सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नई दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता और केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के साथ साथ लाल क़िले पर विक्रमादित्य और अयोध्या, विक्रमादित्य क़ालीन पुरातात्विक मुद्रा मुद्रांक, वृहत्तरभारत के सांस्कृतिक वैभव, मध्यप्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं, प्रदेश में निवेश तथा रोज़गार सृजन के अवसरों में लोकव्यापीकरण के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियाँ भी लगाई जा रही हैं।

साथ ही दिल्ली के निवासी फूड कोर्ट में मध्यप्रदेश के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद भी चख सकेंगे। इस तीन दिवसीय उत्सव में भारतीय इतिहास और संस्कृति के महान नायक के योगदान को जीवंत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में संस्था विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति ने महानाट्य की परिकल्पना को साकार किया है। महानाट्य में विक्रमादित्य के जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की सभी गाथाएँ अंकित की गई है।

सम्राट विक्रमादित्य के विराट स्वरूप को प्रस्तुत करने के लिये कलाकारों का विशाल दल लगभग 125 कलाकारों और 50 अन्य सहयोगियों के माध्यम से इसे प्रस्तुत किया जायेगा।

नाटक के दृश्यों का सजीव बनाने के लिए अश्व, रथ, पालकी एवं ऊँट आदि का इस्तेमाल किया गया है। मंचीय प्रस्तुतिकरण को प्रभावी बनाने के लिये तीन मंच एवं एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट का प्रयोग किया गया है।

### पश्चिम रेलवे ने टिकट जांच और गैर-किराया राजस्व श्रेणी में रचा नया कीर्तिमान

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में जुर्माने के रूप में रु. 150.86 करोड़ प्राप्त किये

विनय उजाला

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे राजस्व रेवेन्यू ऑप्टिमाइजेशन करने और पैसेंजर डिसिप्लिन को बढ़ावा देने में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में हासिल की गई एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में पश्चिम रेलवे ने टिकट चेकिंग अभियानों के माध्यम से बिना बुक किए गए सामान के मामलों सहित बिना टिकट और अनियमित यात्रा के कुल 25.17 लाख मामलों का पता लगाया, जिसके परिणामस्वरूप 150.86 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड जुर्माना प्राप्त किया गया। पश्चिम रेलवे को गैर-किराया राजस्व श्रेणी में भारतीय रेल में दूसरे स्थान पर रहने का गौरव भी प्राप्त हुआ है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस गति को बनाए रखते हुए अकेले मार्च, 2025 के महीने में 2.72 लाख मामले पकड़े गए, जिनसे 16.57 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। निरंतर यह प्रदर्शन, बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाते हुए वास्तविक यात्रियों के हितों की रक्षा करने की पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एक यात्री-हितैषी कदम उठाते हुए, जिसका उद्देश्य यात्रा के दौरान आराम बढ़ाना और आरक्षित डिब्बों में भीड़भाड़ को कम करना है, पश्चिम रेलवे ने जून, 2024 में एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव लागू किया। अनियमित यात्रियों को उनके गंतव्य तक दंडित करने के बजाय, अब उनसे केवल अनियमितता पता लगने तक का ही शुल्क लिया जाता है और उन्हें तुरंत उतार दिया जाता है। इस दृष्टिकोण ने आरक्षित टिकट धारकों के लिए अधिक आरामदायक और निर्बाध यात्रा



Shri C.K. Sinha
Dy. Chief Ticketing Inspector, Surat

Shri Laxman Kumar
Dy. Chief Ticketing Inspector, Borivali

Shri Ashutosh Kumar Singh
Dy. Chief Ticketing Inspector, HQ

सुनिश्चित करने में मदद की है। इस बदलाव को मजबूती से लागू करने के लिए सप्ताहांत और त्योहारों के दौरान विशेष गहन टिकट जाँच अभियान चलाए जाते हैं, जिससे नियमों का अधिक अनुपालन सुनिश्चित होता है और पूरे नेटवर्क में यात्री अनुशासन को मजबूती मिलती है। पश्चिम रेलवे की टिकट जांच टीम के अथक प्रयासों ने भी इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सूरत के उप मुख्य टिकट निरीक्षक (Dy CTI) श्री सी.के. सिन्हा ने 10,682 मामलों का पता लगाने और बिना उचित टिकट और बिना बुक किए सामान ले जाने वाले यात्रियों से 74.87 लाख रुपये का जुर्माना वसूलने की प्रभावशाली उपलब्धि हासिल की। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले अन्य कर्मचारियों में श्री लक्ष्मण कुमार, उप मुख्य टिकट निरीक्षक, बोरीवली शामिल हैं, जिन्होंने 10,603 मामलों का पता लगाया और लगभग 67.36 लाख रुपये का जुर्माना वसूला और श्री आशुतोष कुमार सिंह, उप मुख्य टिकट निरीक्षक, मुख्यालय ने 6,687 मामलों का पता लगाया और 66.13 लाख रुपये का जुर्माना वसूला। मुंबई उपनगरीय खंड पर, लगभग 11 लाख मामलों का पता लगाया गया और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 47.43 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया।

श्री विनीत ने आगे बताया कि एसी लोकल ट्रेनों में सामान्य टिकट धारकों के अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए लगातार औचक टिकट जांच से जुड़े प्रयास किए जा रहे हैं। परिणामस्वरूप अप्रैल, 2024 से मार्च 2025 की अवधि में जुर्माने के लगभग 65,000 मामलों का पता लगाया गया और 209.52 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा, गैर-किराया राजस्व (हस्त्र्क) के प्रदर्शन में पश्चिम रेलवे भारतीय रेल में दूसरे स्थान पर है। रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 105 करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 112.17 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करके अपने एनएफआर लक्ष्यों को पार कर लिया। यह लक्ष्य से लगभग 7% अधिक है और पिछले वर्ष के 100.81 करोड़ रुपये के राजस्व से 11.27% अधिक है। एनएफआर की अभिनव पहल जैसे कि रेस्तरां ऑन व्हील्स, डिजिटल एआई कियोस्क के माध्यम से विज्ञापन, बैटरी चालित गाड़ियां, रिलैक्सेशन यूनिट के साथ गेमिंग जोन, पोर्टर ऑन कॉल, आदि ने इस शानदार उपलब्धि को हासिल करने में मदद की है। इन रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धियों के साथ पश्चिम रेलवे गैर-किराया राजस्व हासिल करने में भारतीय रेल में अग्रणी बनी हुई है, साथ ही यात्रा अनुभव, यात्री संतुष्टि, परिचालन दक्षता और व्यावसायिक नवप्रवर्तन में सुधार के लिए समर्पित होकर साल-दर-साल उच्च मानक स्थापित कर रही है।

नर्मदा जल पर तपस्यारत योगी संत दादा गुरु का नगर आगमन

# नदी वह शक्ति है जो ब्रह्मांड का आधार है और नर्मदा उसका प्रतिरूप है : दादा गुरु

## ऐसे संत युग में विरले होते हैं जो धर्म, ध्वजा, भूमि, जल और सनातन संस्कृति की रक्षा में समर्पित : महापौर







विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** परम पूज्य महायोगी अवधूत दादा गुरु जी, जो कि नर्मदा जल पर आधारित तपस्यारत जीवन जीने वाले एक अलौकिक संत हैं, का नगर में आगमन हुआ। दादा गुरु जी का आगमन महापौर पुष्यमित्र भार्गव के विशेष आग्रह पर रेडियो कॉलोनी स्थित उनके निवास पर हुआ, जहाँ महापौर ने अपने परिवार सहित उनकी पदवंदना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ-साथ नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा, भाजपा प्रदेश कार्यालय के मंत्री राघवेंद्र, एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। रेडियो कॉलोनी स्थित महापौर निवास पर थोड़ी देर विश्राम और श्रद्धालुओं से आत्मीय भेंट के पश्चात दादा गुरु नर्मदा चौराहे पहुँचे। वहाँ महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, सौगात मिश्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। माँ नर्मदा की प्रतिमा का विधिवत पूजन मंगलाचरण से प्रारंभ हुआ, जिसमें नर्मदा अष्टक का पाठ कर गुरुजी और महापौर ने अंग वस्त्र अर्पित किए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहाँ उपस्थित रहे और गुरुजी के दिव्य दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सत्संग के दौरान दादा गुरु ने कहा कि सत्संग का सार यही है कि हम आना-जाना सीखें, क्योंकि पल में दशा बदल सकती है। आज ज्ञानी नहीं, प्रेमी के मध्य हूँ। इंदौर का नर्मदा चौराहा जो भावपूर्ण श्रद्धा से भरा है, वह देश में अद्वितीय है। आने वाले समय में यह नगर सत्य संतान की प्रामाणिकता का केंद्र बनेगा। गुरुजी ने आगे कहा कि हम मुस्कुराना भूलते जा रहे हैं। नर्मदा केवल नदी नहीं, शक्ति है - जन्म देने वाली, जीवन देने वाली, जीना सिखाने वाली माँ। यह वह शक्ति है जो ब्रह्मांड का आधार है और नर्मदा उसका प्रतिरूप है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि ऐसे संत युग में विरले होते हैं जो धर्म, ध्वजा, भूमि, जल और सनातन संस्कृति की रक्षा में स्वयं को समर्पित करते हैं। दादा गुरु ने तीन बार नर्मदा परिक्रमा की, और हर बार केवल नर्मदा जल के सेवन के साथ। वे जीवन, साधना और सेवा के अद्भुत उदाहरण हैं।



### दादा गुरु - परिचय

दादा गुरु मध्य प्रदेश के एक प्रतिष्ठित संत हैं, जिनका जीवन मां नर्मदा के संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन को समर्पित है।

**तपस्वी जीवन :** लगातार 1500 दिनों से निराहार साधना, केवल नर्मदा जल पर निर्भर।

**निराहार जीवन पर वैज्ञानिक शोध :** उनके अलौकिक जीवन पर राज्य सरकार, एम्स और मेडिकल कॉलेज द्वारा शोध किया गया है।

**पर्यावरण एवं गौ संरक्षण :** वे नर्मदा उत्थान, वनों की रक्षा और गौ संवर्धन के लिए सतत प्रयत्नशील हैं।

**नर्मदा परिक्रमा में सक्रिय योगदान :** 20 जिलों में सतत सत्संग संवाद और जनजागरण का कार्य कर रहे हैं।

**आध्यात्मिक प्रेरणा :** उनका जीवन दर्शन दादा भगवान के अक्रम विज्ञान से अनुप्राणित है।

# महावीर जयंती पर वरिष्ठ जनों का किया सम्मान

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** श्री दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के उपलक्ष में जिनालय से भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को रजत विमान वेदी में विराजित कर बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा के रूप में छत्रपति नगर से गौरव नगर, महावीर बाग एवं अग्रसेन नगर होते हुए वापस जिनालय तक बिहार कराया गया, शोभायात्रा में महिलाएं मंगल गीत गाते हुए और पुरुष भगवान महावीर स्वामी का जयकारा लगाते हुए पैदल चल रहे थे मार्ग में जगह-जगह श्रीजी की मंगल आरती उतारी गई। शोभा यात्रा के वापस जिनालय पहुंचने पर श्रीजी का स्वर्ण रजत कलशों से अभिषेक हुआ। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री अनिल जैनको एवं धर्मेंद्र सिनकेम के मुख्य आतिथ्य में 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाज के 11 वरिष्ठ अमृत पुरुषों सर्वश्री प्रकाशचंदजैन , कैलाश जैन नेताजी माणिकचंद नायक, ब्रह्मचारी उत्तम चंदजी, डॉ वी सी जैन, इंजीनियर डी एल जैन , रमेश चंद जैन , जय कुमार जैन, हीरालाल शाह और सुरेश जैन पड़ोसी का प्रशस्ति पत्र के साथ शाल, श्रीफल,पगड़ी एवं मोतियों की माला पहनाकर सम्मान किया गया। समारोह में सम्मानित व्यक्तियों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाशित एवं ट्रस्ट के कार्याध्यक्ष डॉ जैनेंद्र जैन द्वारा संपादित एक लघु पुस्तिका भी वितरित की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनिल जैन को ने ट्रस्ट अध्यक्ष श्री भूपेंद्र जैन को बधाई एवं सम्मानित व्यक्तियों के स्वस्थ सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए बधाई दी और कहा कि ट्रस्ट ने बुजुर्गों का सम्मान कर एक अनुकरणीय कार्य किया है।

जो समाज अपने वरिष्ठ जनों और प्रतिभाओं का सम्मान नहीं करता वह समाज जीवंत समाज नहीं कहलाता।

समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान समाज का नैतिक दायित्व है जो आपने निभाया है उसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। प्रारंभ में मंगलाचरण श्रीमती मुक्ता जैन, सोनाली बगड़िया एवं समता सोधिया ने किया। स्वागत भाषण ट्रस्ट अध्यक्ष श्री भूपेंद्र जैन ने देते हुए अतिथियों का स्वागत किया, एवं डॉ जैनेंद्र जैन ने सम्मान समारोह क्यों इस विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री उत्तम चंद जैन, अजय रेनबो, अखिलेश सोधीया मुकेश गोधा, विजय सेठी,जिनेश जैन श्रीमती मीना जैन, सुरेखा रसिया, आदि गणमान्य उपस्थितथे। आभार श्री कमल जैन चैलेंजर ने माना।





## जाहिर सूचना

सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्री मनोहर देव पिता ईश्वरलाल देव,पंकज देव पिता मनोहर देव दोनों निवासी - 507, इंडस्ट्रीज हाउस पलासिया इन्दौर (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य का ग्राम कनाडिया तहसील व जिला इन्दौर में स्थित गायत्री पैराडाइज़ का भूखण्ड क्रमांक - 25 का कुल क्षेत्रफल 3098.42 वर्गफीट अर्थात 281.71 वर्ग मीटर के भूखण्ड का सौदा करते हुए बयाना राशि का भुगतान भी किया है। उक्त भूखण्ड के विषय में किसी भी व्यक्ति, संस्था, विभाग आदि का किसी भी प्रकार का गिरवी, बिक्री, डिक्री, दान, अनुबंध, जमानत आदि स्वरूप का भार या बोझ या किसी प्रकार की आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य न होगी तथा भूखण्ड का पंजीयन करा लिया जावेगा।

**शशांक श्रीवास्तव ( एडव्होकेट )**
**703, राजानी भवन, इन्दौर,**
**मो.9039400500**


# खेलों से युवाओं को जिला, राज्य, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है व व्यक्तिगत निर्माण होता है

विनय उजाला




**इंदौर, नप्र।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल के निर्देश व धार पुलिस अधीक्षक महोदय खेल और युवा कल्याण अधिकारी राजेश शाक्य जी के मार्गदर्शन में खेलो बड़ो अभियान योजना के अंतर्गत आज किला मैदान रतलाम रोड धार एवं स्वर्गीय राजा देवी सिंह बैडमिंटन हॉल व एसपीडीए खेल मैदान डोजो हाल पर कराते एवं कुश्ती के खिलाड़ियों को खेल और युवा कल्याण विभाग की संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में तथा खेलों में करियर बनाने की संभावनाओं से खिलाड़ियों को अवगत कराया गया है। नए-नए खिलाड़ियों में खेलों के प्रति उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली है। खेल और युवा कल्याण विभाग के धार ब्लॉक समन्वयक मनीष सोनी ने, एवं जिला प्रशिक्षक शालिनी मिश्रा ने बतलाया की खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास होता है खेलों से युवाओं को जिला, राज्य, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है व्यक्तिगत निर्माण और करियर का सतत माध्यम है उच्च स्तरीय प्रशिक्षण वित्तीय सहायता प्रतियोगिता में भागीदारी तथा पुरस्कार योजनाओं जैसी सुविधाओं की जानकारी दी गई। जिला प्रशिक्षक शालिनी मिश्रा और ब्लॉक समन्वयक मनीष सोनी ने खिलाड़ियों से खेलों से जुड़े रहने के फायदे व खेलों से करियर बनाने के बारे में बताया तथा खेलों में मध्य प्रदेश सरकार खेलों से युवाओं को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है इसीलिए खेलो बड़ो अभियान के तहत कार्यक्रम समस्त विकास खंड व जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहे हैं। खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अकादमियों का निशुल्क भ्रमण कराया जाएगा।

खेलो बड़ो अभियान कार्यक्रम में फुटबॉल कोच निलेश भाटी मुकेश, बैडमिंटन कोच सुधीर वर्मा, कुश्ती कोच अन्नुपाल आदि कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। यह जानकारी श्रीमती अर्चना हृदय मुकाती ने दी।

## वेदों में रचा बसा है जीवन प्रबंधन का विज्ञान

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** वेदों में लाइफ मैनेजमेंट साइंस विषय पर एल एन सी टी यूनिवर्सिटी के रायसेन रोड भोपाल कैम्पस में एम बी ए के छात्र छात्राओं को वेदों में रुचि लेने का सोद्देश्य आग्रहकरते हुए दर्शन शास्त्र की व्याख्याता डॉ आरती दुबे ने बताया कि वैदिक साहित्य मानव जाति के लिए बहुमूल्य धरोहर ही नहीं जीवन प्रबंधन विज्ञान का एक अभिनव अविष्कार है। जिसे मनुष्य मात्र क़े मन, मस्तिष्क और आत्मा के परिष्करण के लिए आहूत किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर एम बी ए डॉ. अरविंद सिंह ने संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कहा कि वेदों में क्षमा और सद्भावना जीवन प्रबंधन के गहरे सूत्र हैं। प्रबंधन जैसे विषय को वेदों में खोजने के सूत्र देते हुए डॉ आरती ने कहा कि वेद भारत की सांस्कृतिक धरोहर है। स्वयं की खोज में आत्मा के परिष्करण को सोचना एवं उसकी क्रियात्मक अवधारणा को अनुभव सिद्ध पद्धति के रूप में मानव जाति के सामने रखना एक बहुत बड़ा अविष्कार है। यह प्रगल्भ एवं परिपक्व मस्तिष्क द्वारा ही संभव है। यह संकेत ही बताता है कि हमारे ऋषि-मुनि कितने गहन गंभीर चिंतन परक, आविष्कारक थे। संसार को आत्मा की अवधारणा का प्रथम परिचय कराने वाला भारतीय दर्शन आत्मा की खोज पर रुका नहीं वरन उसके परिष्करण की प्रक्रिया का अविष्कार करने के पश्चात ही उसने अपनी चिंतन यात्रा से विराम लिया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग-खण्डवा

क्रं. 886/निविदा/लोस्वायांवि/2025 खण्डवा, दिनांक : 07/04/2025

**:: निविदा सूचना क्रमांक-01/2025-26**

खण्डवा जिले के विकासखण्ड खण्डवा एवं पुनासा के ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों में सिंगल फेस सबमर्सिबल मोटर पम्प स्थापना कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएं-टेण्डर आई.डी. क्रमांक 2025_PHED_414918_1 से 2025_PHED_414918_2 (02 समूह) से आमंत्रित की जाती है, जिनमें निविदा दर डालने की अंतिम तिथि दिनांक 21.04.2025 समय दोपहर 17.30 बजे तक निर्धारित है। समस्त कार्यों की कुल अनुमानित लागत रू. 7.71 लाख है। धरोहर राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ई-टेण्डर पोर्टल www.mptenders.gov.in/nicegp/app पर देखी जा सकती है। निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त वाले संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**खण्डवा**

जी-11385/24 "स्वच्छता ही सेवा"



## कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, श्री सरस्वती म. उपभोक्ता सहकारी संस्था मर्या. बदनावर जिला धार

पंजीयन क्रं. 1241, दिनांक 18.02.2008

क्रमांक/र.अ./2025/501 दिनांक : 09/04/2025

**:: सदस्यता सूचि के प्रथम प्रकाशन की सूचना ::**

एतद् द्वारा संस्था के समस्त सदस्य महानुभावों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए सूची का प्रकाशन संस्था कार्यालय, बदनावर विकासखण्ड कार्यालय विकासखण्ड बदनावर, जिला धार केन्द्रीय सहकारी बैंक धार शाखा बदनावर एवं कार्यालय उपायुक्त सहकारिता जिला धार पर दिनांक 09/04/25 को कर दिया गया है तथा सूचित करता हूं कि इस सूची के संबंध में यदि किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाण के सूची प्रकाशित होने के दिनांक 09/04/2025 से दिनांक 16/04/2025 तक लिखित में आपत्ति प्राधिकृत अधिकारी श्रीमती ममता चौहान प्रबंधक को कार्यालयीन सनय में संस्था कार्यालय बदनावर में प्रस्तुत कर सकते है।

प्रकाशित सदस्यता सूची पर आपत्तियों का निराकरण संस्था कार्यालय में दिनांक 17.04.2025 को समय दोप. 01.00 बजे से किया जाकर सदस्य सूची को अंतिम सदस्यता सूची के रूप में प्रकाशित किया जावेगा।

**प्रबंधक**
**श्री सरस्वती महिला उपभोक्ता सह. भंडार मर्या.**
**बदनावर**

**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**
**श्री सरस्वती म.उप. सहा संस्था मर्या.**
**बदनावर**


# केंद्रीय कृषि मंत्री और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को इंदौर पहुंचे

मनोहर राजपूत

**इंदौर( विनय उजाला )।** इस दौरान वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व सर कार्यवाह व वर्तमान में संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश भैयाजी जोशी के बड़े भाई अरविंद जोशी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पिछले दिनों अरविंदजी जोशी का उम्र संबंधी स्वास्थगत परेशानियों के बाद निधन हो गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को इंदौर आए। वे अरविंद जी जोशी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। यहां उन्होंने अरविंदजी जोशी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही भैयाजी जोशी सहित पूरे परिवार को सांत्वना दी। शिवराज सिंह चौहान ने इस दौरान अरविंदजी जोशी के समर्पित जीवन को याद किया साथ ही राष्ट्रसेवा, सामाजिक उत्थान के लिए किए उनके कार्यों को भी याद किया। इस दौरान विधायक मधु वर्मा, मनोज पटेल , भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे सहित भाजपा के कई नेता और आरएसएस के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अरविंदजी जोशी खुद भी संघ से जुड़े रहे थे। वे माधवाश्रम न्यास गौशाला मंडलेश्वर के संस्थापक और पूर्व अध्यक्ष रहे। इससे पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित कई बड़े नेता, भाजपा पदाधिकारी भी श्रद्धांजलि देने आ चुके हैं।


## कार्यालय अधीक्षक यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उज्जैन मण्डल, उज्जैन, कोठी महल के पीछे, उज्जैन (म.प्र.)

Telephone :- 0734-2510919, E-mail : seresujjain@mp.gov.in

क्रमांक/532/तक/ग्रायांसे/2025 उज्जैन, दिनांक : 04/04/2025

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2025-26**

उज्जैन मण्डल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| स.क्रं. | जिले का नाम | ऑनलाइन टेण्डर आईडी क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( राशि रू. लाख में ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | रतलाम | 2025_RES_414519 | शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जावरा होस्टल में शेड नवीनीकरण, बाउण्ड्रीवाल, सी.सी. रोड एवं पेवर ब्लॉक कार्य ग्राम बरखेड़ी | 85.66 |

उपरोक्त निविदाओं का निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट ) वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र पोर्टल पर दिनांक 17/04/2025 से प्रातः 10.00 बजे से उपलब्ध होगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25/04/2025 समय 18.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। उक्त निविदा दिनांक 28/04/2025 को कार्यालय, अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उज्जैन मण्डल, उज्जैन में खोली जावेगी।

**( पवन वैरागी )**
**अधीक्षण यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**उज्जैन मण्डल, उज्जैन**

जी-11356/25

"बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मैकेनिकल खण्ड, इंदौर

फैक्स नं. 2459300, फोन नं. 2451623, E-mail : eephemindore@gmail.com

क्रमांक 390/तक/का.यं./मेके खंड./2025 इंदौर, दिनांक : 04/04/2025

**विषय अनुपयोगी एवं पुरानी सामग्री विक्रय हेतु ऑनलाईन निलामी आमंत्रण सूचना क्रमांक 07/2025-26**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम निम्नानुसार स्टोर एवं मशीनरी के अनुपयोगी एवं पुरानी सामग्री के निलामी हेतु प्रपत्र जी का ऑनलाईन डिजिटल हस्ताक्षर कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मैकेनिकल खण्ड इंदौर द्वारा निम्न विवरण अनुसार स्टोर एवं मशीनरी के अनुपयोगी एवं पुरानी सामग्री की नीलामी हेतु ऑनलाईन में आरक्षित मूल्य से उच्चतम मूल्य प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन खुली निलामी आमंत्रण की जाती है।

| सामग्री | विवरण |
|---|---|
| निलामीकर्ता | Office of the Executive Engineer P.H.E. Mechnaical Division Indore. |
| E-AUCTION DATE | 21-04-2025 |
| AUCTION START TIME | 10.30 AM |
| AUCTION END TIME | 17.30 P.M. |
| NO. OF EXTENSIONS | Unlimited |
| DURATION OF EACH EXTENSION | 10 Minutes |
| INSPECTION | 11.00 upto 17.00 (07/04/25 to 17/04/25) |
| Scrap and unusable material LOCATION | Office of the Assistant Engineer P.H.E. Mechanical Sub-Divison, Khandwa, Near Central School, Harsood Naka, Khandwa |
| UPSET PRICE | Rs. 387640/- |
| EMD | Rs. 7753/- |
| LAST DATE OF SUBMISSION | Date 19/04/2025, Time 17.30 |
| E-AUCTION NO. | 2025_PHED_85 |

जी-11369/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**Executive Engineer**
**P.H.E.D. Mech Divison**
**Indore (M.P.)**

# सम्पादकीय

## अदालत की आत्मा को लगा झटका

उप्र के इलाहाबाद में बुलडोजर से घर ढहाने को सुप्रीम कोर्ट ने अमानवीय और अवैध करार देते हुए कहा कि इससे अदालत की आत्मा को झटका लगा है। उप्र सरकार को प्रत्येक परिवार को दस लाख रुपये का मुआवजा देने के साथ अधिकारियों को उनकी अत्याचारिता के लिए सबक सिखाने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि इस देश में आश्रय का अधिकार, कानून की उचित प्रक्रिया और कानून का शासन जैसी कोई चीज है। आवासीय परिसरों को मनमाने तरीके से ध्वस्त करने पर विकास अधिकारियों को यह याद रखने को कहा कि आश्रय का अधिकार मौलिक अधिकार है और संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन व स्वतंत्रता) का अभिन्न अंग है। सभी छह याचिकाकर्ता इलाहाबाद के लूकरगंज के निवासी हैं जिनके घर मार्च, 2021 में बुलडोजर से ध्वस्त किए गए थे। उनका कहना है कि स्थानीय अधिकारियों ने गलत धारणाओं के आधार पर घर गिराया कि वे माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की संपत्तियां हैं। शीर्ष अदालत ने अंबेडकरनगर जिले में बुलडोजर कार्रवाई का भी हवाला दिया। झोपड़ियों को ध्वस्त किए जाने पर कहा कि वह बहुत परेशान करने वाला और चौंकाने वाला है। उप्र सरकार के वकील ने दलील दी कि ये मकान अवैध थे इसलिए ध्वस्त किए गए। इनके साथ अन्य संपत्तियां भी ढहाई गई। हैरत है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तोड़-फोड़ की इस कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी थी। राज्य सरकार का दावा था कि बुलडोजर कार्रवाई पेशेवर अपराधियों और माफिया के खिलाफ की गई। इस हकीकत के बावजूद सरकारी तंत्र को उचित नोटिस देने के साथ ही रहवासियों को कागजात दिखाने और मालिकाना साबित करने का वक्त देना चाहिए था। रही बात अवैध कब्जों की तो यह राज्य सरकारों का जिम्मा है कि वे निकाय और स्थानीय विकास अधिकारियों को इतने मुस्तैद बनाएं कि वे कब्जा पक्का करने से पूर्व ही हरकत में आएं। भू-माफिया और सरकारी मिली-भगत के बगैर कोई कब्जा संभव नहीं है। बुलडोजर चलाना समस्या का हल नहीं कहा जा सकता। सरकार को अपनी लापरवाहियों और गैर-जिम्मेदाराना रवैये से सबक लेना चाहिए। इस तरह की कार्रवाइयां बगैर सरकार के इशारे के अधिकारी नहीं कर सकते। इसलिए असली लताड़ तो सरकार को ही लगानी चाहिए। जनता से जीने का अधिकार छीनने का नतीजा भुगतने को उसे भी तैयार रहना होगा।

## सुविचार

जीवन की सुगंध का आनंद,वही ले सकता है,
जो खिलने और बिखरने वाले पलों के बीच,
महक जाने की काबिलियत रखता हो...

**- राजेन्द्र मकवानी, इंदौर**

अच्छा मन के बिना सुंदर चेहरा, कांच की आँख के समान है,
जो चमक तो सकती है, लेकिन देख नहीं सकती।

**- डॉ. विनय दीवान, भोपाल**

जिसमें नुकसान सहने की ताकत हो वही मुनाफा
कमा सकता है फिर चाहे वो कारोबार हो या फिर रिश्ता...

**- प्रशांत महंत, इंदौर**

आत्म विश्वास का अभाव ही, अंध विश्वास का जनक है।

**- सोमनाथ तिवारी, मांडू**

किसी के साथ बैठना बहुत आसान है,
परंतु खड़े रहना बहुत ही कठिन है।

**- एच. एल. खुशाल**

## पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज़ को रेटिंग दिग्गज से रु. 11.18 करोड़ की बड़ी डील!

विनय उजाला

**मुंबई।** पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड (NSE: PARAMATRIX), जो उन्नत एंटरप्राइज़ सॉफ़्टवेयर सॉल्यूशंस और व्यापक आईटी सेवाओं की अग्रणी प्रदाता है, ने भारत की एक प्रमुख रेटिंग एजेंसी से रु. 11.18 करोड़ मूल्य की एक महत्वपूर्ण सेवा ऑर्डर प्राप्त करने की घोषणा की है।

यह सेवा ऑर्डर कंपनी की तकनीकी विशेषज्ञता और विश्वसनीयता पर एक और मुहर है, जो इसे भारत के तेज़ी से विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य में एक मजबूत भागीदार बनाता है।

इस प्रतिष्ठित अनुबंध के तहत, पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज भारत की एक प्रमुख एजेंसी द्वारा प्रबंधित कई मिशन-क्रिटिकल एप्लिकेशनों के लिए एप्लिकेशन डेवलपमेंट और मेंटेनेंस सेवाएं प्रदान करेगी। यह कार्य तीन वर्षों की अवधि में फैला हुआ है — अप्रैल 2025 से मार्च 2028 तक — और एक मास्टर सर्विस कॉन्ट्रैक्ट द्वारा शासित है।

यह नया अनुबंध कंपनी की उच्च गुणवत्ता वाली, विश्वसनीय और स्केलेबल डिजिटल समाधानों को डिलीवर करने की क्षमता को दर्शाता है, जो भारत की अग्रणी संस्थाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाए गए हैं। साथ ही, यह कंपनी की बाजार में स्थिति को और मजबूत करता है, विशेष रूप से वित्तीय सेवाओं और क्रेडिट रेटिंग उद्योग में एक विश्वसनीय टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में।

इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के संस्थापक, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री मुकेश ठुमर ने कहा:-

यह जीत इस बात का ठोस प्रमाण है कि उद्योग के दिग्गज हमारी क्षमताओं पर कितना विश्वास करते हैं। इतने बड़े पैमाने की परियोजना में साझेदारी करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।

इसलिए भी पाकिस्तान बहुत छटपटा रहा है। दरअसल गुजरे 7 मार्च 2025 को ही जब अमरीका के सुप्रीम कोर्ट ने,तहव्वुर राणा की भारत भेजे जाने से संबंधित उस अर्जी को भी ठुकरा दिया,जिसमें राणा ने अमरीकी कोर्ट से कहा था, 'मैं पाकिस्तानी मुस्लिम हूं, इसलिए अगर मुझे भारत भेजा गया तो मैं मार दिया जाऊंगा।'

# कस्टडी में तहव्वुर राणा बेनकाब होगा पाकिस्तान....!

वीना गौतम


दैनिक विनय उजाला



बीते गुरुवार यानी 10 अप्रैल 2025 की शाम करीब 6-30 बजे जब मुंबई 26/11 हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी [एनआईए] के अफसर दिल्ली पहुंचे,ठीक उसी समय पाकिस्तान की सरकार ने राणा से छुटकारा पाने की विधिवत शुरुआत की । पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने बुलाई गयी एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि तहव्वुर राणा पाकिस्तान का नहीं कनाडा का नागरिक है और उसने पिछले दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों को रिन्यू नहीं कराया है। उसके पास कनाडा की नागरिकता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह बात तकनीकी रूप से सच है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि 64 वर्षीय तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। वह पैदा कनाडा में हुआ था और यहीं पढ़ाई लिखाई करके पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर के तौर पर कई सालों तक काम किया है। यहीं रहते हुए उसके अंदर भारत के विरुद्ध जहर भरा था और इसी पाकिस्तान की परवरिश ने उसके अंदर आतंक की आत्मा ने प्रवेश कराया था। इस पृष्ठभूमि की अहमियत पाकिस्तान भी जानता है, इसलिए उसे पता है कि जांच एजेंसियों के कब्जे में रहने के दौरान राणा पूछताछ में जैसे जैसे 26/11 की परतें खोलेगा वैसे वैसे पाकिस्तान बेनकाब होगा। अमेरिकी गल्फस्ट्रीम जी 550 विमान से दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड होने वाला तहव्वुर राणा, अमेरिकी कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक कनाडा में रहते हुए न केवल पाकिस्तान के संपर्क रहा है बल्कि जल्दी जल्दी पाकिस्तान जाता रहा है और इस दौरान उसके पाकिस्तानी सेना से भी संबंध बने रहे हैं। इसलिए भारत पहुंचने के बाद राणा की जो पहली तस्वीर जारी हुई है,जिसमें पीछे से दिखाया गया है कि एनआईए के अफसर उसे दबोचे हुए हैं,पाकिस्तान को यह डराती है। राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल के हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा गया है। आतंकी राणा से एनआईए के अधिकारियों द्वारा पूछताछ शुरू हो चुकी है। यह पूछताछ राष्ट्रीय जांच एजेंसी के उच्च अधिकारी कर रहे हैं। यह पूरी पूछताछ इंटेरोगेशन रूम में सीसीटीवी के सामने होगी, जिसकी पूरी रिकॉर्डिंग की जाएगी। यही नहीं राणा की कस्टडी के दौरान रोजाना पूछताछ की एक डायरी भी तैयार होगी जो न सिर्फ इस एक मामले में बल्कि पाकिस्तान की और भी अनगिनत करतूतों का काला चिट्ठा खोलेगी। इसलिए भी पाकिस्तान बहुत छटपटा रहा है। दरअसल गुजरे 7 मार्च 2025 को ही जब अमरीका के सुप्रीम कोर्ट ने,तहव्वुर राणा की भारत भेजे जाने से संबंधित उस अर्जी को भी ठुकरा दिया,जिसमें राणा ने अमरीकी कोर्ट से कहा था,'मैं पाकिस्तानी मुस्लिम हूं, इसलिए अगर मुझे भारत भेजा गया तो मैं मार दिया जाऊंगा।' तभी यह स्पष्ट हो गया था कि न सिर्फ राणा बल्कि पाकिस्तान भी तहव्वुर राणा को भारत भेजे जाने से क्यों थर थर क्यों कांप रहा है? वास्तव में 2008 में भारत के मुंबई शहर में 26 नवंबर को जो भयानक आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 166 मासूम लोग मारे गये थे और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। उस हमले के मास्टर माइंड में से एक तहव्वुर हुसैन राणा था। तहव्वुर राणा को साल 2013 में डेविड कोलमैन हेडली के साथ मुंबई हमले को अंजाम देने और डेनमार्क में हमले की योजना बनाने के आरोपों का दोषी पाया गया था। इसलिए अमरीकी अदालत से इसे 14 साल जेल की सजा सुनायी थी।राणा पाकिस्तान में सक्रिय चरमपंथी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा रहा है। मुंबई में 26/11 हमले को अंजाम देने के लिए डेविड कोलमैन हेडली और तहव्वुर राणा ने कई बार हमले के पहले और उसके बाद भी मुंबई की यात्रा की थी, ताकि किसी को इन पर शक न हो। चूंकि मुंबई हमले में 6 अमरीकी नागरिक भी मारे गये थे, इसलिए अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई बहुत बारीकी से हमलावरों का सूत्र खोज रही थी,उन्हीं दिनों राणा और हेडली अक्टूबर 2009 शिकागो एयरपोर्ट पर धरे गये। तब ये दोनो एक चरमपंथी हमला करने के लिए डेनमार्क जा रहे थे। इनकी खतरनाक योजना जिलैंड्स-पोस्टेन अखबार के दफ्तर पर हमला करने की थी। क्योंकि इस अखबार ने पैंगबर मोहम्मद के विवादास्पद कार्टून प्रकाशित किये थे।

तब तक किसी को नहीं पता था ये 26/11 के भी गुनाहगार हैं। लेकिन गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ से यह खुलासा हुआ और अलग अलग की गई पूछताछ के दौरान तहव्वुर राणा ने माना कि पाकिस्तान में लगने वाले लश्कर के प्रशिक्षण शिविरों में वह और हेडली भाग लिया करता था। पहली बार तभी यह खुलासा भी हुआ था कि 2006 की शुरुआती गर्मियों में हेडली और लश्कर के दो सदस्यों ने उनकी गतिविधियों के कवर के रूप में मुंबई में एक इमीग्रेशन ऑफिस खोलने पर चर्चा की थी। वास्तव में मुंबई पर हमले का मिशन लश्कर-ए-तयैबा ने डेविड कोलमैन हेडली को सौंपा था। इसमें राणा ने अपनी इमीग्रेशन सर्विसेज की मदद से हेडली को पांच साल का बिजनेस वीजा दिलवाने में मदद की थी। जबकि राणा जानता था कि हेडली के वीजा पाने का मकसद क्या है?

हेडली और राणा बचपन के दोस्त थे, दोनो बचपन में एक साथ ही स्कूल में पांच सालों तक पढ़ाई की थी, इसके बाद दोनो अलग हो गये और सालों बाद 2006 में शिकागो में मिले। लेकिन जब भारत ने अमरीका से राणा को उसे सौंपने का अनुरोध किया तो राणा ने अमरीकी कोर्ट में उसे प्रत्यर्पित न किये जाने की गुजारिश की लेकिन कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। राणा 13 नवंबर 2024 को निचली अदालत के प्रत्यर्पण संबंधी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गया,मगर वहां भी 21 जनवरी 2025 को याचिका खारिज कर दी गयी, जिसके बाद यह तय हो गया कि अब राणा को भारत हर हाल में भेजा जायेगा। 13 फरवरी 2025 को अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी ऐलान कर दिया कि राणा को भारत भेजा जायेगा। क्योंकि 6 फरवरी 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने वाली याचिका को भी खारिज कर दिया था। लेकिन एक बार फिर से पुनर्विचार याचिका लगाये जाने से लग रहा था कि मामला फिर अटक सकता है, लेकिन आखिरकार 7 मार्च 2025 को अमरीकी सुप्रीम कोर्ट ने इस पुनर्विचार याचिका को रद्द कर दिया। इस तरह 28 अगस्त 2018 को एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने राणा के खिलाफ जो गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया था और 4 दिसंबर 2019 को भारत ने पहली बार राणा के प्रत्यर्पण के लिए अमरीका को जो डिप्लोमेटिक नोट दिया था, उसका वास्तविक नतीजा 10 अप्रैल 2025 को मिला जब तहव्वुर राणा को भारत ले आया गया। सवाल है आखिर तहव्वुर राणा को, भारत प्रत्यर्पित किया जाना, हिंदुस्तान की कितनी बड़ी कूटनीतिक सफलता है? नि:संदेह तहव्वुर राणा का भारत आना भारत की बहुत बड़ी कूटनीतिक सफलता होगी, जो न केवल भारत व अमरीका के संबंधों को मजबूत बनायेगी बल्कि आतंकवाद के खिलाफ दोनो देशों की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया है।

राणा के प्रत्यर्पण से हमें 26/11 हमलों की साजिश और उसके व्यापक नेटवर्क के बारे में गहराई से पता चलेगा साथ ही भारत के विरूद्ध पाकिस्तान के जहरीले दिमाग में किस तरह की साजिशें चलती रहती हैं, इसका भी पता चलेगा। निश्चित रूप से यह जानकारी भविष्य में हमें कई तरह की आतंकी वारदातों को रोकने में सहायक होगी और भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को अंतर्राष्ट्रीय आतंकियों के कार्यव्यवहार की शैली का भी पता चलेगा। वास्तव में भारत और अमरीका के बीच 1997 में प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर हुए थे, बावजूद इसके प्रत्यर्पण मामलों की गति बहुत धीमी रही है। 2002 से 2018 के बीच अमरीका ने भारत के केवल 11 प्रत्यर्पण अनुरोधों को स्वीकार किया था। हालांकि पिछले पांच वर्षों यानी 2019 से दिसंबर 2024 के बीच भारत ने विभिन्न देशों को 178 अनुरोध भेजे हैं। लेकिन अभी तक 13 व्यक्तियों को ही विदेशों द्वारा भारत वापस भेजा गया है। गौरतलब है कि यहां एक अकेला तहव्वुर राणा ही नहीं था बल्कि 65 अन्य भगोड़े भारतीय अपराधी भी मौजूदा समय में अमरीका में शरण लिए हुए हैं। इनमें डेविड कोलमैन हेडली भी एक है ।

**[ लेखिका मीडिया एवं शोध संस्थान इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में कार्यकारी संपादक हैं ]**

# स्वाद और स्वास्थ्य के राजा आम की कायम है बादशाहत...!

अपराजिता

महान साहित्यकार हैमिल्टन ने अठारहवीं शताब्दी में कहा था कि गोवा का आम फलों का राजा है। लेकिन बात सिर्फ गोवा की नहीं है, हकीकत ये है कि समूचे हिंदुस्तान के आम स्वाद में फलों के राजा हैं। अल्फानसो, लंगड़ा, दशहरी, ये नाम भले आम हों, लेकिन जब जीभ में इनके स्वाद का एहसास होता है तो इनकी बादशाहत का खुद ब खुद अंदाज लग जाता है। सिर्फ भारत के लोगों को ही नहीं पूरी दुनिया के लोगों को आम पसंद है। बात सिर्फ स्वाद की क्यों की जाए, आम सेहत के मामले में भी राजा है। इसमें विटामिन ए,बी,सी,ई और के जैसे पोषक तत्व पाये जाते हैं। आम में मैग्नीशियम, पौटेशियम और एंटीऑक्सीडेंट मैंगिफेरिन होते हैं, जो दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। आम खाने से पाचन शक्ति में भी सुधार होता है। यह कब्ज दूर करता है और कई तरह की बीमारियों से दूर रखते हुए हमारे हृदय को मजबूत बनाता है। इसके खाने से त्वचा चमकदार रहती है और मधुमेह से लड़ने में भी मदद मिलती है। आम पूरी दुनिया में किस तरह पसंद किया जाता है, इसका अंदाजा इसी बात से चलता है कि भारत से निर्यात होने वाला शायद आम एकमात्र ऐसा फल है, जिसका सबसे ज्यादा देशों को निर्यात किया जाता है। दो साल पहले भारत ने 176 देशों को आम का निर्यात किया था। किसी भी दूसरे फल का इतने ज्यादा देशों में निर्यात नहीं होता। वास्तव में इसलिए भी आम को फलों का राजा कहा जाता है। आम की मुरीद पूरी दुनिया है। क्या उत्तरी गोलार्ध, क्या दक्षिणी गोलार्ध। क्या विकसित देश, क्या विकासशील देश। लेकिन आम की जड़ें विशुद्ध भारतीय हैं। अंग्रेजी में आम का नाम मैंगो मलयालम से पड़ा है। मलयालम में आम को मंगा कहा जाता है। गौरतलब है कि वास्कोडिगामा सबसे पहले वर्ष 1498 में केरल के मालाबार तट पर ही पहुंचा था। यहीं पर उसका और उसके जरिये यूरोपीय दुनिया का आम से परिचय हुआ था। इसके बाद ही यूरोप के एक बड़े हिस्से तक आम पहुंचा और मलयाली मंगा, मैंगो बन गया। ऐसा नहीं है कि दुनिया में आम सिर्फ भारत में ही होता है। लेकिन आम फल कि जो लज्जत है, जिस कारण आम फलों की दुनिया का सिरमौर बना है,उस गुणवत्ता वाला आम सिर्फ भारत में पाया जाता है। इसीलिये दुनिया के बाजार में ब्राजील या दक्षिण अफ्रीका के आम भारतीय आमों के सामने फीके साबित होते है। अमेरिका में जो छिले और कटे हुए आम बिकते हैं वो मैक्सिकन आम होते हैं। लेकिन जो जनरल स्टोर से बड़ी नजाकत से खरीदकर घर लाये जाते हैं, वे भारतीय आम होते हैं। भारत में पूरे विश्व की कुल पैदावार का तकरीबन 50 से 52 प्रतिशत आम पैदा होता है। दुनिया में


दैनिक विनय उजाला

भारत को महात्मा गांधी,साधुओं और हाथियों के साथ-साथ आम से भी जाना जाता है। आम भारत का राष्ट्रीय फल है। हालांकि आम का उत्पादन पाकिस्तान, बंग्लादेश, नेपाल, अमरीका, फिलीपीन्स, सयुक्त अरब, अमीरात, दक्षिण अफ्रीका, जाबिया, माले, ब्राजील, पेरू, केन्या, जमैका, तंजानिया, मेडागास्कर, हेती, आइवरी, कोस्ट, थाईलैंड, इण्डोनेशिया, श्रीलंका, सहित और कई देशों में होता है। लेकिन इन सब देशों के आमों में वो बात नहीं है जो हमारे आम में होती है। जहां तक देश में आम उगाने वाले प्रांतों का सवाल है तो सबसे ज्यादा आम की खेती उत्तर प्रदेश में होती है। लेकिन उत्पादन सबसे ज्यादा आन्ध्रप्रदेश में होता है। आम एक ऐसा फल है जो अपनी हर अवस्था में खाया जाता है। आम की दुनिया में कोई 1200 किस्में या प्रजातियां पायी जाती है, जिसमें 90 प्रतिशत से ज्यादा प्रजातियां भारत में ही पायी जाती हैं। आम को अगर फलों के राजा होने का मान मिला है तो यूं ही नहीं मिला। आम एक ऐसा फल है जो शायद ही किसी को नापसंद हो। वेदों में आम को विलास का प्रतीक कहा गया है, तो इसका कारण इसका अद्भुत स्वाद है। आम पर हजारों कविताएं लिखी गयी हैं। हजारो कलाकारों ने अलग-अलग ढंग से आम को अपने कैनवास पर उतारा है। देश में आम को लेकर लाखों लोकगीत-लोक कहानियां मौजूद हैं। हिन्दुओं का शायद ही कोई धार्मिक संस्कार हो जिसमें आम की उपस्थिति न हो। शादी-ब्याह, हवन, यज्ञ, पूजा, कथा, त्योहार तथा सभी मंगलकार्यों में आम की लकड़ी, पत्ती, फूल, फल या कोई न कोई हिस्सा इस्तेमाल ही होता है। आम के कच्चे फल से चटनी, खटाई, अचार, मुरब्बा आदि बनाये जाते हैं तो वहीं पके आमों से आम्र रस के साथ साथ आम का जूस व दर्जनों दूसरे उत्पाद बनाये जाते हैं। इन सबके साथ ही पके आम खाना सबसे सुखदायक तो है ही। आम पाचक, रेचक और बलप्रद होता है। पके आम के गूदे को तरह-तरह से सुरक्षित करके भी रखते हैं। देश में हर साल कोई सवा से डेढ़ करोड़ टन आम पैदा होता है जो कि दुनिया के कुल उत्पादन का 52 प्रतिशत है। भारतीय प्रायद्वीप में आम की कृषि हजारों वर्षों से हो रही है। ईसा पूर्व चौथी या पांचवीं सदी में यह पूर्वी एशिया पहुंचा। जबकि पूर्वी अफ्रीका दसवीं शताब्दी के बाद पहुंचा। आम की प्रजातियों का निर्धारण मूलत: उनकी अपनी एक विशिष्ट महक और स्वाद से तय होती है। प्रजातियों के हिसाब से हापुस या अलफांसो देश का सबसे सुंदर और स्वादिष्ट आम है। इसकी विदेशों में बहुत मांग है इस कारण भी यह बहुत महंगा होता है। मार्च में आ जाने वाला हापुस शुरू में 800 से 1200 रूपये दर्जन तक बिकता है। इसके अलावा देश की और कई मशहूर आम प्रजातियों में से नीलम, बादाम, तोतापरी, लंगड़ा, सिंदूरी, दशहरी, रत्नागिरी केसरिया, लालपत्ता आदि हैं।

**इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

# उच्च रक्तचाप क्या है?



उच्च रक्तचाप तब होता है जब आपकी धमनी की दीवारों पर रक्त का दबाव लगातार बहुत अधिक होता है।

उच्च रक्तचाप के संकेत और लक्षण क्या हैं जब आपका रक्तचाप 180/120 mmHg या उससे अधिक होता है, तो आपको सिरदर्द, दिल की धड़कन तेज़ होना या नाक से खून आना जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। इतना अधिक रक्तचाप एक उच्च रक्तचाप संकट है जिसके लिए तत्काल चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता होती है।

उच्च रक्तचाप का क्या कारण है?

प्राथमिक उच्च रक्तचाप का कोई एक स्पष्ट कारण नहीं होता। आमतौर पर, इसके कई कारण होते हैं। सामान्य कारणों में शामिल हैं:-

अस्वास्थ्यकर भोजन पद्धति (जिसमें सोडियम युक्त आहार भी शामिल है)।

शारीरिक गतिविधि का अभाव. अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों का अधिक सेवन क्षण और कारण अवलोकन रक्त वाहिकाओं की दीवार पर रक्तचाप का प्रभाव। रक्तचाप तब मापा जाता है जब हृदय सिकुड़ता है, और तब भी जब वह शिथिल होता है।

यदि आपको उच्च रक्तचाप है, तो जब आपका हृदय सिकुड़ता और शिथिल होता है, तो आपकी धमनी की दीवारों पर रक्त का बल बहुत अधिक होता है।

स्वास्थ्य सेवा प्रदाता रक्तचाप को मिलीमीटर पारे (mmHg) में मापते हैं। कम से कम 140 mmHg की शीर्ष संख्या, और/या न्यूनतम संख्या 90 mmHg होनी चाहिए।

लक्षण और कारण

उच्च रक्तचाप के संकेत और लक्षण क्या हैं?

आमतौर पर, उच्च रक्तचाप के कोई संकेत या लक्षण नहीं होते हैं। इसलिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाता इसे साइलेंट किलर कहते हैं। हो सकता है कि आपको सालों तक उच्च रक्तचाप हो और आपको इसका पता न चले।

जब आपका रक्तचाप 180/120 द्वद्व।।द्द या उससे अधिक होता है, तो आपको सिरदर्द, दिल की धड़कन तेज़ होना या नाक से खून आना जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। इतना अधिक रक्तचाप एक उच्च रक्तचाप संकट है जिसके लिए तत्काल चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता होती है।

प्राथमिक उच्च रक्तचाप का कोई एक स्पष्ट कारण नहीं होता। आमतौर पर, इसके कई कारण होते हैं। सामान्य कारणों में शामिल हैं:-

अस्वास्थ्यकर भोजन पद्धति (जिसमें सोडियम युक्त आहार भी शामिल है)।

शारीरिक गतिविधि का अभाव: अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों का अधिक सेवन।

माध्यमिक उच्च रक्तचाप का कम से कम एक विशिष्ट कारण होता है जिसे स्वास्थ्य सेवा प्रदाता पहचान सकते हैं। माध्यमिक उच्च रक्तचाप के सामान्य कारणों में शामिल हैं-

कुछ दवाएं, जिनमें इम्यूनोसप्रेसेन्ट्स, एनएसएआईडी और मौखिक गर्भनिरोधक (गोली) शामिल हैं।

गुर्दा रोग।

अपने लिए स्वस्थ वजन बनाए रखें ।

आपका स्वास्थ्य सेवा प्रदाता आपको एक लक्ष्य सीमा दे सकता है।

स्वस्थ आहार लें। इसका एक उदाहरण है छ्वस्॥ आहार। यह खाने का एक तरीका है जिसमें भरपूर मात्रा में फल, सब्ज़ियाँ, साबुत अनाज और कम वसा वाले डेयरी उत्पाद शामिल होते हैं।

नमक का सेवन कम करें। पोटैशियम से भरपूर कुछ खाद्य पदार्थों में केला, एवोकाडो और आलू (छिलके सहित) शामिल हैं।

व्यायाम करें। शुरुआत करने के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से सलाह लें। सामान्य तौर पर, धीरे-धीरे शुरू करें और प्रति सप्ताह 150 मिनट तक एरोबिक व्यायाम करें। प्रतिरोध प्रशिक्षण (जैसे हल्के वजन उठाना) भी सहायक होता है।

शराब का सेवन सीमित करें।

दैनिक विनय उजाला



**डॉ. दीपशिखा दिवाकर**

# मप्र सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा कर्मचारियो को दी गई पुन : पदोन्नति की सौगात

विनय उजाला

**माण्डव, निप्र। माण्डव अनुग्रह राशि, नवीन आवास एवं अन्य भत्ते की बढ़ोतरी आदि को लेकर मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ एवं म प्र राज्य कर्मचारी संघ द्वारा माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी, को धन्यवाद दिया एवम आभार व्यक्त किया।**

मांडव जिला धार में अपने अल्पकालीन दौरे पर पधारे माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन जी यादव का मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव गंगासिंह जी सिसौदिया जिला अध्यक्ष श्री सुनील कानूनगो म प्र राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल जोशी एवं संघ के जिला सचिव/सदस्य बलराम प्रजापत, प्रदीप जोशी, सचिन मंडवाल, सुनील वर्मा, मुकेश वर्मा, सचिन त्रिवेदी, संजय तिवारी, धीरज पाल, द्वारा सरकार के कर्मचारी हितेषी निर्णय के लिए मुख्य मंत्री जी का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया एवं आभार माना।

साथ जी लिपिक संघ की लंबे समय से चली आ रही मांगो जिसमें सहायक ग्रेड 3 को समान कार्य समान वेतन, लिपक वर्ग को मंत्रालयीन लिपिक के समान वेतनमान, सीपिसिटी न करने पर सेवा से प्रथकता में शिथिलता, कर्मचारियों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाने। को पूर्ण करने के लिए नवीन आशाओ के साथ ज्ञापन सौंपा।

## तमिलनाडु में भाजपा और एआईएडीएमके में फिर गठबंधन

# शाह बोले- मिलकर लड़ेंगे चुनाव

चेन्नई

**तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन हो गया है। इसका एलान चेन्नई दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया है।**

चेन्नई में एआईएडीएमके नेता ई. के. पलानीस्वामी के साथ प्रेसवार्ता में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आज एआईएडीएमके और भाजपा के नेताओं ने मिलकर तय किया है कि आने वाला तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएके, भाजपा और सभी साथी दल मिलकर एनडीए के रूप में एक साथ लड़ेंगे।



इस दौरान अमित शाह ने कहा- एनईईटी और परिसीमन का मुद्दा ये (विपक्ष) लोग ध्यान भटकाने के लिए खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा- अन्नाद्रमुक की कोई शर्त और मांग नहीं है... अन्नाद्रमुक के आंतरिक मामलों में हमारा कोई हस्तक्षेप नहीं होगा... यह गठबंधन एनडीए और अन्नाद्रमुक दोनों के लिए फायदेमंद होने वाला है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ये चुनाव राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी के नेतृत्व में और राज्य स्तर पर एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़े जाएंगे। इस दौरान अमित शाह ने कहा, हम जनता के असली मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे और मैं मानता हूं कि तमिलनाडु की जनता असली मुद्दों को जानती है और डीएमके से जवाब भी चाहती है।

## कर्नाटक कैबिनेट से जाति जनगणना को मिली मंजूरी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक कैबिनेट ने जाति जनगणना के नतीजों को शुक्रवार को स्वीकार कर लिया। इस रिपोर्ट पर 17 अप्रैल को स्पेशल कैबिनेट मीटिंग में विस्तार से चर्चा होगी। फिलहाल जनगणना के नतीजे गुप्त रखे गए हैं। कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने कहा कि सभी कैबिनेट मेंबर्स को मीटिंग से पहले रिव्यू के लिए रिपोर्ट भेज दी गई है। कुछ लोग 2015 के सर्वे में 37 लाख लोगों के छूटने की बात उठा रहे हैं। इसका जवाब देते हुए पाटिल ने कहा, सामान्य जनगणना में भी लोग छूट जाते हैं। 94प्रतिशत कवरेज बहुत बड़ा नंबर है। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री शिवराज तंगडगी ने सर्वे के दायरे को और साफ किया। उन्होंने बताया कि सर्वे में 5.98 करोड़ लोगों को कवर किया गया, जो उस समय की अनुमानित 6.35 करोड़ आबादी का 94.17प्रतिशत है। इस तरह सिर्फ 37 लाख लोग छूटे, यानी 5.83प्रतिशत लोग सर्वे में शामिल नहीं हो पाए। जाति जनगणना का यह सर्वे 2015 में सिद्धारमैया के पहले कार्यकाल में शुरू हुआ था। ये एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट था, जिसमें 1.6 लाख से ज्यादा कर्मचारियों ने 162 करोड़ रुपये की लागत से 1 करोड़ से अधिक घरों का दौरा किया। सिद्धारमैया ने पिछले साल जून में रिपोर्ट को स्वीकार करने का ऐलान किया था, लेकिन इसका कंटेंट अभी तक पब्लिक नहीं किया गया है। एक मंत्री ने बताया कि कैबिनेट ब्रीफिंग में सर्वे की साइंटिफिक वैलिडिटी पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर कवरेज और तरीके का हवाला देकर इसकी साख का बचाव किया।

### कन्हैया कुमार पटना पुलिस की गिरफ्त में

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरने पहुंचे कांग्रेसी गिरफ्तार

पटना,(एजेंसी)

बिहार के सियासी गलियारी में आज काफी गहमागहमी है। राहुल गांधी के पटना से जाने के दो दिन बाद कांग्रेस राजधानी में बड़ा प्रदर्शन शुरू हुआ। कन्हैया कुमार सदाकत आश्रम से पलायन रोको नौकरी दो यात्रा में निकले, लेकिन उनके वहां से निकलते ही पुलिस ने उनको राजापुल के पास ही रोक दिया। कन्हैया कुमार आज सदाकत आश्रम से निकलने के बाद अपनी यात्रा के दौरान सीएम हाउस तक जाने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उनको रोक दिया। यात्रा में शामिल लोगों पर वाटर केनन भी चलाया गया। इस दौरान अन्य कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कन्हैया कुमार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

इधर, प्रदर्शन से पहले कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार की जनता बेराजगारी और गरीबी से त्रस्त है। मजबूरी में उन्हें पलायन करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने 16 मार्च को पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से पदायात्रा की शुरुआत की थी। यह यात्रा बिहार के नौजवानों और बेरोजगारों के लिए निकाली गई थी।

### सीएम हाउस तक मार्च करेंगे कन्हैया कुमार

दरअसल, कन्हैया कुमार पटना में प्रदर्शन के जरिए अपनी पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा का समापन करने जा रहे थे। कांग्रेस का दावा है कि प्रदर्शन में पांच हजार से ज्यादा नेता और कार्यकर्ताओं शामिल हुए। सभी कांग्रेसी सीएम हाउस तक मार्च करने वाले थे। कन्हैया ने कहा कि हमलोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौंपने की कोशिश करेंगे। इधर, कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पटना पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी थी। पटना एसएसपी ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी थी।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में हंगामे से भड़की भाजपा

## ऐसे नारे लगेंगे तो नहीं चाहिए राज्य का दर्जा



जम्मू, (एजेंसी)

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में जमकर हुए हंगामे की वजह से राज्य की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस पर सदन की कार्यवाही को बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विधानसभा को चरमपंथी विचारधारा के मंच में बदलने के किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं किया जाएगा और अगर विधानसभा में ऐसे ही नारे लगाए जाने हैं तो अभी क्षेत्र के राज्य का दर्जा भी बहाल नहीं किया जाना चाहिए।

भाजपा ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के ऊपर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता पक्ष ने पिछले तीन दिनों से सदन की कार्यवाही को बाधित किया है। जम्मू-कश्मीर के लोगों इच्छाओं और अकांक्षाओं की परवाह किए बिना उन्होंने सदन में गतिरोध पैदा करने में इतिहास रच दिया है। विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने सदन में लगे नारों पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर क्षेत्र में कहीं अलगाववाद या आतंकवाद की कोई जड़ें बची हैं तो हम चाहते हैं कि उन्हें भी पूरी तरह से उखाड़ दिया जाए और उसके बाद ही राज्य का दर्जा बहाल किया जाए उन्होंने कहा कि सरकार विधानसभा में कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा दे रही है। मीडिया से बात करते हुए शर्मा ने कहा,हम किसी भी कीमत पर राज्य का दर्जा बहाल करने के पक्ष में नहीं हैं।

## पहली रैली में ही चार घंटे देरी से पहुंचे प्रशांत किशोर

पटना, एजेंसी

**जनुसराज पार्टी के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया है। वह पटना के गांधी मैदान में कल बिहार बदलाव रैली की। करीब चार घंटे तक चलने वाली इस रैली में पार्टी के वरीय नेताओं के बाद प्रशांत किशोर अपना संबोधन दिया। मंच पर करीब पौने चार घंटे लेट पहुंचे प्रशांत किशोर ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला।**

उन्होंने कहा कि सरकार ने तानाशाही कर मुझे जेल में डाला था। लेकिन, कोर्ट ने मुझे न्याय दिया और बाइज्जत बरी कर दिया। प्रशांत किशोर ने कहा कि आज से 10 दिन बाद मैं यहीं से बिहार बदलाव यात्रा पर निकलने वाला हूं। इस दौरान फिर से आप सबके बीच जाऊंगा। हर पंचायत में जाकर विकसित बिहार की योजना आप लोगों के साथ शेयर करूंगा। पीके ने सीएम नीतीश पर हमला बोलते हुए कहा कि 2015 में मैने नीतीश कुमार की मदद नहीं की होती तो वह राजनीति से संन्यास ले चुके होते। आज वह बहुत होशियार बन रहे हैं।

### जन सुराज की बिहार बदलाव रैली में कुर्सियां नहीं भर सके पीके



### 10 लाख का दावा, पहुंचे 50 हजार भी नहीं

इधर पीके के संबोधन से पहले जनसुराज के दावा किया कि यह रैली ऐतिहासिक होगी और बिहार की राजनीति में बदलाव लाएगी। दावा यह भी किया गया था कि इस रैली में 10 लाख से अधिक लोग आएंगे। लेकिन, शाम चार बजे तक 50 हजार लोगों की भीड़ भी नहीं जुट पाई थी। कई कुर्सियां खाली पाई गई। वहीं भीड़ कम होने के सवाल पर जनसुराज के कार्यकर्ताओं ने कहा कि गुरुवार को मौसम खराब होने के कारण हजारों लोग नहीं आ पाए। कई लोग धूप होने के कारण गांधी मैदान में ही पेड़ों के नीचे बैठे हैं।

## सेक्स वर्कर्स पर मंत्री जी की बेहूदा टिप्पणी लांघ दीं सारी सीमाएं

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके के एक मंत्री का भाषण वायरल होने के बाद बड़ा बवाल मच गया है। इसकी वजह है मंत्री जी के बिगड़े बोल। दरअसल तमिलनाडु के वन मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे के पोनमुडी ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। के पोनमुडी कथित तौर पर चुटकुला सुना रहे थे, जिस दौरान उन्होंने शब्दों की सीमाएं लांघ दी। इस दौरान वह सेक्स वर्कर्स को लेकर भी मजाक करते भी नजर आएं। भाषण का एक हिस्सा सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पार्टी मुश्किलों में घिर गई है। विपक्षी पार्टियों के अलावा डीएमके के कुछ बड़े नेताओं ने भी इस टिप्पणी की आलोचना की है।

### यूएस से ट्रेड डील पर बोले केंद्रीय मंत्री

## हम बंदूक की नोंक पर बात नहीं करते, अपने हितों की रक्षा करेंगे

नई दिल्ली, (एजेंसी)

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अमेरिका के साथ बातचीत में सरकार, देश तथा जनता के हितों की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में कोई भी कदम उठाना उचित नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की सभी व्यापार वार्ताएं 'भारत पहले' के दृष्टिकोण के साथ अच्छी तरह से आगे बढ़ रही हैं और 'विकसित भारत 2047' का मार्ग सुनिश्चित कर रही हैं।



भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने पत्रकारों से कहा, 'हमने पहले भी कई बार कहा है कि हम बंदूक की नोक पर बात नहीं करते हैं। समयबद्ध तरीके से काम करना अच्छा है लेकिन जब बात देश हित और जनहित की हो तो तब किसी भी तरह की जल्दबाजी अच्छी नहीं होती।'

### द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है

दोनों देशों ने इस वर्ष शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने का लक्ष्य रखा है। इस समझौते का मकसद 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 191 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुना कर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) व्यापार समझौते पर गोयल ने कहा कि व्यापार वार्ता तब आगे बढ़ती है जब दोनों पक्ष एक-दूसरे की चिंताओं व आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील होते हैं। उन्होंने कहा, मैं केवल इतना बता सकता हूं कि सभी व्यापार वार्ताएं 'भारत पहले' के दृष्टिकोण और 'विकसित भारत 2047' के लिए मार्ग प्रशस्त करने हुए अच्छी तरह से आगे बढ़ रही हैं। मंत्री ने कहा कि यूरोपीय संघ में व्यवसायों को गैर-शुल्क बाधाओं के कारण कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस बीच, इटली-भारत व्यापार मंच में गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्रता से पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है जिससे दोनों पक्षों को आर्थिक संबंधों को गहरा करने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप गलियारा (आईएमईसी) भारत तथा इटली को एक-दूसरे के और करीब आने का अवसर प्रदान करता है।

### जन्मोत्सव विशेष

# महाबली वीर हनुमान

दैनिक विनय उजाला

हिंदू धर्म में हर तिथि हर वार का धार्मिक महत्व है। हर साल चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमानजी महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस दिन माता अंजनी और वानरराज केसरी के घर भगवान हनुमान का जन्म हुआ था। इस दिन को हनुमान जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। हनुमान जयंती के अवसर पर देशभर के हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होती हैं। जगह-जगह भंडारे भी आयोजित किए जाते हैं। इस दिन मारुति नंदन की आराधना करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। इस वर्ष यह पर्व और खास होने वाला है, क्योंकि सालों बाद शुभ संयोग में यह पर्व मनाया जाएगा।

## 57 साल बाद शुभ योग्य में मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

पंचांग के अनुसार 57 साल बाद पंचग्रही योग में हनुमानजी का प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। इससे पहले 1968 में ऐसा योग बना था। इस बार हस्त नक्षत्र में पंचग्रही योग मीन राशि में बन रहा है। मीन राशि के स्वामी बृहस्पति हैं। बृहस्पति और शुक्र वृषभ राशि में गोचर कर रहे हैं। शुक्र मीन राशि में है। इस विशेष योग में सूर्य, शनि और राहु की त्रियुति के साथ शुक्र और बुध का संयोग भी है। यह स्थिति धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए बेहद शुभ मानी जा रही है।

### हनुमानजी का स्वरूप

धार्मिक ग्रंथों में भगवान हनुमान का स्वरूप वानर के समान बताया गया है। उन्हें लाल वर्ण वाला और वानर के सामान एक घुमावदार पूंछ के साथ चित्रित किया जाता है। उन्हें गदा धारण किए हुए दर्शाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान हनुमान ने महिरावण नामक दैत्य का संहार करने के लिए पंचमुखी अवतार धारण किया था। पंचमुखी अर्थात् हनुमानजी का पांच मुखों वाला स्वरूप, इसमें उत्तर दिशा की ओर श्री वराह, दक्षिण दिशा की ओर श्री नरसिंह, पश्चिम दिशा की ओर श्री गरुण, आकाश की ओर श्री हयग्रीव तथा पूर्व दिशा की ओर स्वयं हनुमान जी का श्रीमुख होता है।



### जरूर करें यह उपाय हनुमानजी करेंगे बेड़ापार

इस दिन कई जातक हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए कई प्रकार के जतन करता है, लेकिन इस दिन अगर हनुमान चालीसा का पाठ, हनुमत स्तोत्र का पाठ, हनुमान वडवानल स्तोत्र, हनुमान साठिका, पंचमुखी हनुमान कवच का पाठ करता है, तो हनुमानजी महाराज काफी प्रसन्न होते है और जातक के जीवन मे पारिवारिक सुख, शांति, स्वास्थ्य, सुरक्षा व दीर्घायु की का शुभ आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

### कब मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव ?

इस बार हनुमान जयंती की तिथि को लेकर भ्रम है। वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल को सुबह 3 बजकर 20 मिनट से शुरू होकर 13 अप्रैल 2025 को सुबह 5 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर हनुमान जयंती 12 अप्रैल शनिवार को मनाई जाएगी।

### भगवान हनुमान का जन्मकाल

मान्यता के अनुसार हनुमान जी का जन्म चैत्र पूर्णिमा पर मंगलवार के दिन सूर्योदय के बाद हुआ था। उनका जन्म चित्रा नक्षत्र और मेष लग्न में हुआ था। इनके माता का नाम अंजना और पिता का नाम वानरराज केसरी था। उन्हें वायुदेव के पुत्र के रूप में जाना जाता है।

### पृथ्वी पर अमर रहने वाले चिरंजीवियों में से एक हैं हनुमानजी

हनुमानजी भगवान राम के अनन्य भक्त हैं। रामायण, राम चरित मानस, शिव पुराण, हनुमान उपासना समेत कई ग्रंथों में इनकी महिमा का बखान किया गया है। हनुमानजी इस पृथ्वी पर अमर रहने वाले चिरंजीवियों में से एक हैं। भगवान हनुमान को आजीवन ब्रह्मचारी माना जाता है। मान्यता है कि उन्होंने आजीवन अविवाहित रहने और भगवान राम की अनन्य भक्ति का प्रण लिया था। महावीर, बजरंगबली, आंजनेय, पवनपुत्र, अञ्जनीपुत्र, केसरी नंदन और मारुति आदि नामों से जाने वाले बजरंग बली आसानी से प्रसन्न हो जाते हैं।

### वानर रूप में क्यों आए हनुमान जी

पौराणिक कथाओं के अनुसार माता अंजनी अपने पूर्व जन्म में इंद्रराज के महल की अप्सरा थीं और उनका नाम पुंजिकस्थला था। वह रुप में आकर्षक और स्वभाव से काफी चंचल थी और अपनी इसी चंचलता के कारण उन्होंने एक बार एक ऋषि के साथ अभद्र व्यवहार किया था, तब ऋषि ने क्रोधित होकर उन्हें श्राप दिया कि तुम अगले जन्म में वानरी का रूप लोगी। इस श्राप को सुनकर अप्सरा दुखी हुई और ऋषि से क्षमा मांगने लगी। फिर ऋषि ने उन्हें क्षमा करते हुए कहा कि तुम्हारा वानर रूप परमतेजस्वी होगा और तुम एक यशस्वी पुत्र को जन्म दोंगीं।

तपस्या में लीन ऋषि से श्राप मिलने के पश्चात एक दिन पुंजिकस्थला से इंद्र देव ने मनचाहा वरदान मांगने के लिए कहा, तब पुंजिकस्थला ने इंद्र देव से कहा कि यदि संभव हो तो वो उसे ऋषि द्वारा दिए गए श्राप से मुक्ति प्रदान करें। इंद्रदेव के पूछे जाने पर पुंजिकस्थला ने बताया कि मुझे प्रतीत हुआ कि वो ऋषि एक वानर हैं और मैंने उन ऋषि पर फल फेंकना शुरू कर दिए परंतु वो कोई साधारण वानर नहीं अपितु परम तपस्वी साधु थे। मेरे द्वारा तपस्या भंग होने के कारण उन्होंने मुझे श्राप दिया जब भी मुझे किसी से प्रेम होगा तो मैं वानर का रूप धारण कर लूंगी। मेरा ऐसा रूप होने बाद भी उस व्यक्ति का प्रेम मेरे प्रति कम नहीं होगा। इंद्रदेव ने पूरा वृत्तांत सुनने के बाद कहा कि तुम्हे धरती पर जाकर निवास करना होगा, वहां तुम्हे एक राजकुमार से प्रेम होगा जो तुम्हारा पति बनेगा। विवाह के पश्चात तुम शिव के अवतार को जन्म दोगी और फिर तुम्हे इस श्राप से मुक्ति मिल जाएगी।

इंद्र के वचन सुनकर पुंजिकस्थला अंजनी के रूप में धरती पर निवास करने लगी। उसे वन में एक बार एक युवक दिखा जिसकी और वो आकर्षित हुई। जैसे ही उस युवक ने अंजनी को देखा अंजनी का चेहरा वानर का हो गया। अंजनी ने युवक से अपना चेहरा छुपाया, जब युवक उनके पास आया तो अंजनी ने कहा मैं बहुत बदसूरत हूं परंतु जब अंजनी ने उस युवक की ओर देखा तो वो भी वानर रूप में ही था। उस युवक ने बताया कि मैं वानरराज केसरी हूं और जब चाहूं तब मनुष्य रूप धारण कर सकता हूं। दोनों को एक-दूसरे से प्रेम हुआ और वे विवाह के बंधन में बंध गए। कुछ समय पश्चात जब दोनों संतान सुख से वंचित रहे तब अंजनी मातंग ऋषि के पास पहुंची और अपनी पीड़ा बताई तब मातंग ऋषि ने उन्हें नारायण पर्वत पर स्थित स्वामी तीर्थ जाकर 12 वर्ष तक उपवास करके तप करने के लिए कहा। तब एक बार वायु देव ने अंजनी की तपस्या से प्रसन्न होकर वरदान दिया कि तुम्हे अग्नि, सूर्य, सुवर्ण, वेद वेदांगों का मर्मज्ञ और बलशाली पुत्र प्राप्त होगा। यह वरदान प्राप्त होने के पश्चात वे शिव जी की तपस्या करने लगीं तब शिवजी ने प्रसन्न होकर उन्हें वरदान मांगने के लिए कहा तब अंजना ने ऋषि द्वारा मिले श्राप के विषय में बताते हुए कहा कि इस श्राप से मुक्त होने के लिए मुझे शिव के अवतार को जन्म देना है, इसलिए कृपया आप बालरूप में मेरे गर्भ से जन्म लें। शिवजी ने अंजनी को आशीर्वाद दिया और अंजना के गर्भ से बजरंग बलि के रूप में शिव जी ने जन्म लिया। अंजनी पुत्र होने के कारण हनुमान जी को आंजनेय भी कहा जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वरोजगार मेले का आयोजन 16 को

**उज्जैन, निप्र।** प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग क्रेन्द्र व शासकीय आई.टी.आई संस्थान के तत्वाधान में 16 अप्रैल को प्रात-10-00 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय, 153 महाश्वेता नगर इस्कॉन मंदिर के सामने उज्जैन में एक दिवसीय युवा संगम मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में लगभग 200 से अधिक विभिन्न पदों जैसे सेल्स एक्जिकिटीव, टेक्नीशियन, ट्रेनर, सैल्स, टिम लिडर, बैकआफिस, सुरक्षा गार्ड, ऑपरेटर, हेल्पर, ऑफिस बॉय आदि पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनीयों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे। इस मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो की 5वीं से स्नाकोत्तर किसी भी विषय में पास आवेदक एवं तकनीकी योग्यता के आवेदक भी उक्त पदों हेतु रोजगार मेले में भाग लेकर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडेटा की प्रतियां एवं अन्य प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड आदि के प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियां भी आवश्यक रूप से साथ लावें।

### एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर परिचर्चा सर्किट हाउस पर




**नागदा जंक्शन, निप्र।** एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर सर्किट हाउस में विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान की उपस्थिति में परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक ने कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि देश में सभी चुनाव एक साथ होना चाहिए, ताकि विकास तेजगति से हो सके। प्रथम आम चुनाव (1952) भारत ने अपनी लोकतांत्रिक यात्रा लोक सभा और सभी राज्य विधान सभाओं के लिए समकालिक चुनावों के साथ शुरू की। 1957, 1962 और 1967 में एक साथ चुनाव सफलतापूर्वक आयोजित किये गये, जिससे राजनीतिक और प्रशासनिक स्थिरता सुनिश्चित हुई। 1968-1969 में कुछ राज्य विधानसभाओं, विशेषकर हरियाणा और केरल, के समय से पहले भंग होने के कारण यह चक्र बाधित हो गया। 1970 में, लोकसभा अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही भंग कर दी गई , जिसके परिणामस्वरूप लोकसभा और विभिन्न राज्य विधानसभाओं के लिए अलग-अलग चुनाव चक्र अपनाए गए। ओएनओई एमसीसी के लागू होने को हर पांच साल में एक बार तक सीमित कर देगा, जिससे निर्बाध शासन सुनिश्चित होगा। इसके अतिरिक्त, नीति-निर्माण अधिक कुशल हो जाता है क्योंकि सरकारें अल्पकालिक चुनावी लाभ के बजाय विकास पर ध्यान केंद्रित करती हैं। एक साथ चुनाव कराने से सरकार और राजनीतिक दलों पर पडने् वाले भारी वित्तीय बोझ में भारी कमी आ सकती है। 2019 का लोकसभा चुनाव एक ऐतिहासिक चुनाव रहा, क्योंकि चुनाव खर्च 1998 के 9,000 करोड़ से बढक़र 55,000 करोड़ हो गया। ऐसा अनुमान है कि चुनावों की आवृत्ति कम करने से 7,500 करोड़ रुपये से 12,000 करोड़ रुपये तक की बचत हो सकती है। इस धनराशि को बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के लिए आवंटित किया जा सकता है। बार-बार चुनाव होने से मतदाता थक जाते हैं, तथा अक्सर उपचुनावों और स्थानीय चुनावों में उनकी भागीदारी कम हो जाती है। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत, सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा, स्वच्छता समिति चेयरपर्सन बबिता रघुवंशी, लोनिवि चेयरपर्सन भावना रावल, मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, प्रकाश जैन, पार्षद गौरव यादव, शैलेंद्रसिंह यादव, सुनीता मीणा, संध्या जोशी, कौशल्या ठाकुर, भाजपा कार्यकर्ता अनिल जोशी, विजयसिंह सिसोदिया, योगेश मीणा, सुभाष रावल आदि मौजूद रहे।

# महाकाल में 11 मिट्टी के कलशों से सतत जलधारा हेतु गलंतिका बांधी

## वैशाख एवं ज्येष्ठ माह में श्री महाकालेश्वर भगवान पर होगा अभिषेक

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। श्री महाकालेश्वर मंदिर में परंपरानुसार 13 अप्रैल (वैशाख कृष्ण प्रतिपदा) से 11 जून 2025 (ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा) तक श्री महाकालेश्वर भगवान जी पर 11 मिट्टी के कलशों से सतत जलधारा हेतु गलंतिका बांधी जावेगी।**

कलशों पर प्रतीकात्मक रूप में नदियों के नाम क्रमशः गंगा, सिंधु, सरस्वती, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी, शरयु, क्षिप्रा, गण्डकी, अलखनंदा आदि नामो को अंकित किया जाता है। भगवान श्री महाकालेश्वर पर सतत शीतल जलधारा प्रवाहित की जावेगी, जो प्रतिदिन प्रात- भस्मार्ती के पश्चात से सायंकाल पूजन तक रहेगी।

उल्लेखनीय है कि, श्री महाकालेश्वर मंदिर में परंपरा अनुसार प्रतिवर्ष वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा तक (दो माह) श्री महाकालेश्वर भगवान जी को शीतलता प्रदान करने के लिए प्रतिदिन लगने वाले अभिषेक पात्र (रजत कलश) के साथ मिट्टी के 11 कलशों से सतत जलधारा प्रवाहित करने हेतु गलंतिका बांधी जाती है। वैशाख व ज्येष्ठ माह में अत्यधिक ऊष्ण व ग्रीष्म ऋतु का होता है। भीषण गर्मी में भगवान श्री महाकालेश्वर जी को दो माह तक प्रतिदिन भस्मार्ती के पश्यात प्रातः 6 बजे से सायं 5 बजे संध्या पूजन तक गलंतिका बधेगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के समय भगवान शिव ने गरल (विष) पान किया था। गरल अग्नि शमन करने के लिए ही आदिदेव सदाशिव का जलाभिषेक किया जाता है। गर्मी के दिनों में विष की उष्णता (गर्मी) और भी बढ़ जाती है। इसलिए वैशाख व ज्येष्ठ मास में भगवान को शीतलता प्रदान करने के लिए मिट्टी के कलश से ठंडे पानी की जलधारा प्रवाहित की जाती है। जिसको गलंतिका कहते हैं।

धर्म-सिन्धु पुस्तक के अनुसार अत्र मासे प्रपादान देवे गलंतिका बंधन व्यजनच्छत्रोपान वंदनादिदान महाफलम अर्थात इस मास में प्रपाका दान (जलदान) पशु-पक्षी, देवताओं, ऋषियों, मनुष्यों को जलसेवा करनी चाहिए, देव के गलंतिका(कंठी) बांधना और बीजना(बोवाई) छत्र,चन्दन, धान्य आदि के दान का महान फल होता है। वैशाख एवं ज्येष्ठ माह तपन के माह होते है। भगवान शिव के रूद्र एवं नीलकंठ स्वरूप को देखते हुए सतत शीतल जल के माध्यम से जलधारा प्रवाहित करने से भगवान शिव प्रसन्न एवं तृप्त होते है तथा प्रजा एवं राष्ट्र को भी सुख समृद्धि प्रदान करते है। गलंतिका केवल श्री महाकालेश्वर मंदिर में ही नही अपितु 84 महादेव एवं संपूर्ण भारतवर्ष में भी लगायी जाती है।

## बाबा महाकाल को भक्त ने चढ़ाया रजत मुकुट



श्री महाकालेश्वर मंदिर में हरियाणा के पतवल पधारे गौरव ने पुजारी देवेंद्र शर्मा की प्रेरणा से भगवान श्री महाकालेश्वर को 1 नग चांदी का मुकुट मय नग लगे किरणों सहित भेट किया। जिसका कुल वजन 750.250 ग्राम है। जिसे श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा दानदाता का सम्मान किया जाकर विधिवत रसीद प्रदान की गई। यह जानकारी मंदिर प्रबंध समिति के कोठार शाखा के कोठारी मनीष पांचाल द्वारा दी गई।

### गर्मी में भक्तों की सुध ली महाकाल मंदिर प्रशासन ने

# महाकाल महालोक व परिसर में छाया, मेटिंग, जल की व्यवस्था की गई



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा वर्तमान में ऋतु परिवर्तन को देखते हुए श्री महाकाल महालोक, मंदिर परिसर एवं अन्य स्थानों पर पर्याप्त छाया, मेटिंग व शीतल जल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।**

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक द्वारा मंदिर के निरीक्षण में पाया गया कि मंदिर के बाह्य क्षेत्र के दुकानदारों द्वारा श्रद्धालुओं के जूते-चप्पल दुकान पर ही रखवा लिए जाते है, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है। श्री कौशिक द्वारा दुकानदारों को श्रद्धालुओं के जूते-चप्पल नहीं रखने के निर्देश दिए गए। इसी के साथ शीतल जल के अतिरिक्त काउण्टर लगाने, जूता स्टैण्ड से मंदिर प्रवेश द्वार तक मेटिंग एवं टेन्ट की अतिरिक्त व्यवस्थाए किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

ग्रीष्मऋतु में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धुप से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में छाया, मेटिग एवं शीतल जल की व्यवस्था की गई है। जिससे श्रद्धालु उक्त व्यवस्थाओं का उपयोग कर श्री महाकालेश्वर भगवान जी के दर्शनों का लाभ ले रहे हैं साथ ही मंदिर के आंतरित एवं बाह्य परिसर में भक्तों की सुविधा हेतु मेटिंग बिछाई गई है। साथ ही जगह-जगह पर पर्याप्त मात्रा में शीतल जल की व्यवस्था भी की गई है। श्री महाकालेश्वर मंदिर के बाहरी परिसर मानसरोवर, श्री बडा गणेश से चार नम्बर गेट तक व बाहरी परिसर में जूता स्टैण्ड से मंदिर के सभी मुख्य द्वार तक सभी स्थानों पर मेटिंग बिछाई गई है साथ ही जगह-जगह पर अतिरिक्त शीतल पेयजल के काउण्टर स्थापित किए गए है। मंदिर के बाहरी परिसर में छाया हेतु अतिरिक्त टेन्ट की व्यवस्था की जा रही है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इस हेतु श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा पर्याप्त छाव, मेटिंग एवं शीतल जल की व्यवस्थाए की गई है।

### सूचना बोर्ड भी लगाए

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सूचना बोर्ड लगाये गये हैं। जिसमें श्रद्धालुओं को भस्मार्ती, मंदिर में प्रवेश, दान, दान हेतु अनाधिकृत व्यक्ति या कर्मचारी से संपर्क न करने, किसी को भी शीघ्र दर्शन या भस्मार्ती के लिए निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त राशि नहीं देने व काउण्टर पर ही भुगतान करने के निर्देश संबंधी सूचना बोर्ड लगाये गये है। मंदिर में अधिक जानकारी हेतु टोल फी नम्बर 18002331008 पर सूचना कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## महावीर की भक्ति में रसा जैन समाज ,भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रोता हुवे भावविभोर



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** सकल श्वेतांबर जैन समाज भगवान महावीर जन्मकल्याणक समिति के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर विराट भक्ति संध्या एवं हाऊजी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रियंका जैन सुराणा ने नमोकार मंत्र से अपनी प्रस्तुति का शुभारंभ किया। कालिदास मोंटसरी स्कूल बम्बाखाना में आयोजित इस कार्यक्रम में जावरा की प्रसिद्ध भजन गायिका प्रियंका जैन सुराणा ने भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रावक-श्राविकाएं झूमते और तालियां बजाते नजर आए। उन्होंने बजे कुंडलपुर में बधाई शंखेश्वर का नाथ है हमारा तुम्हारा, मेरे दोनों हाथों में ऐसी लकीर है , पंखिड़ा ओ पंखिड़ा और दादा का दरबार सुहाना लगता है , जैसे लोकप्रिय भजनों से मंच को भक्ति रस में डुबो दिया। पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति से सराबोर हो गया। महिलाओं ओर बच्चों में हाऊजी के प्रति एक अलग ही आकर्षण देखा गया। हाऊजी में विजेताओं को विशेष पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजीव जैन और श्रीमति प्रफुल्ल गादिया रहे। कार्यक्रम में रजत मेहता, दर्शन जैन, अश्विन मेहता, वरुण श्रीमाल, राजेश पाटनी, राजेंद्र पटवा, मनोज सुराणा, किरण नाहटा, तारा सालेचा, शिखा श्रीमाल आदि समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## भारतीय किसान यूनियन ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन




विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र। भारतीय किसान यूनियन तहसील नागदा द्वारा तहसील अध्यक्ष नानालाल जाट के अध्यक्षता में दो सूत्रीय मांग बिंदु पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नागदा एसडीएम को दिया गया।**

ज्ञापन में किसान हित में भूमि अधिग्रहण पर बना कानून वापस लेने की मांग की गई तथा सहकारी समितियां द्वारा की जा रही ऋण वसूली की समय सीमा 30 मई 2025 तक बढ़ाई जाने की मांग की गई क्योंकि वर्तमान में किसान अपने उपज को खेतो से मंडी ले जाने में व्यस्त है तथा उपज बिक्री के बाद उनके खाते में राशि देरी से आ रही है। इस अवसर पर किसान यूनियन मंच के प्रदेश अध्यक्ष कवि देव सिंह गुर्जर मनोहर सिंह गुर्जर दारा सिंह पटेल हेमंत शर्मा संदीप सिंह जादोन आदि अनेक किसान उपस्थित रहे।

### केन्द्रीय जेल, उज्जैन का जेल महानिदेशक, द्वारा आकस्मिक भ्रमण

**उज्जैन, निप्र।** केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू द्वारा बताया गया कि गत दिवस केन्द्रीय जेल उज्जैन पर जेल महानिदेशक, गोविन्द प्रतापसिंह, द्वारा आकस्मिक भ्रमण किया गया। केन्द्रीय जेल, उज्जैन पर जेल चिकित्सालय, मूर्ती कारखाना, बुनाई कारखाना एवं आई.टी.आई का निरीक्षण किया गया। जेल में परिरूद्ध बंदियों से रूबरू चर्चा कर उनकी समस्याओं के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिये गये। आई.टी.आई. में वर्तमान में संचालित ट्रेडों के अतिरिक्त नवीन प्लंबिंग ट्रेड प्रारंभ करने हेतु आदेशित किया गया। डी.जी. जेल द्वारा जेल पर किये जा रहे सुधारात्मक एवं मरम्मत कार्यों की प्रशंसा की गई एवं व्यवस्थाओं के प्रति संतोष व्यक्त कर प्रसन्न नजर आये। निरीक्षण के दौरान उप अधीक्षक नवीन कुमार नेमा, सहा. अधीक्षक सुरेश गोयल एवं समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

## ईश्वर की संतानों की सेवा का सौभाग्य मिला



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। समाज के त्यज्य, परित्यक्त, अपनों के द्वारा परिष्कृत लोग ईश्वर की संतानें हैं, जिनकी सेवा का सौभाग्य अंबोदिया ग्राम स्थित सेवाधाम आश्रम के संस्थापक सुधीर भाई गोयल को मिला है। सुधीर गोयल ने वहां रहने वाले लोगों के लिए हर प्रकार की सुविधा प्रदान की है। आश्रम में हर आयु वर्ग के लोग हैं।**

यह बात लेडीज क्लब की अध्यक्ष दीपा मिश्रा ने सेवाधाम आश्रम में कही। लेडीज क्लब ने यहां त्यज्य, परित्यक्त, अपनों से परिष्कृत लोगों के लिए वस्त्र व अन्न दान किया। दीपा मिश्रा ने कहा कि जिसने ज्ञान को आचरण में उतार लिया, उसने ईश्वर को ही मूर्तिमान कर लिया। अंबोदिया ग्राम अवस्थित सेवा धाम आश्रम के संस्थापक सुधीर भाई विनोबा भावे की कही इस उक्ति को पूर्णतः चरितार्थ करते हैं। आज से छत्तीस वर्ष पूर्व उन्होंने गांव में जमीन दान देकर आश्रम की स्थापना की, जहाँ आज ग्यारह सौ से अधिक लोग रहते हैं। उन्हें सुधीर भाई और उनकी धर्मपत्नी कांता गोयल संतान रूप में पालन पोषण करते।

लेडीज क्लब के सदस्यों ने आश्रम में छोटे बच्चों, वृद्ध महिलाओं तथा मानसिक रूप से अस्वस्थ महिलाओं से मिलकर उनसे बातचीत की। क्लब की अध्यक्ष दीपा मिश्रा, सचिव मोना मालवीय, चिंटू बेरवा, भारती माधव एवं सुकृति केलकर वहां गए थे। आश्रम के संस्थापक सुधीर गोयल ने सभी का सम्मान किया, साथ ही उन्हें पूरे आश्रम घुमाकर उसके बारे में अवगत कराया। दीपा मिश्रा ने सुधीर गोयल और उनके कार्य की सराहना करते हुए आगे भी यथासंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### एक ही पांडाल में होंगे फेरे और निकाह

# आंगनवाड़ी केंद्र पर मेहंदी और हल्दी की रस्म अदा की जाएगी



विनय उजाला

**नागदा जंक्शन। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत एक ही पांडाल में फेरे और निकाह की रस्म अदा की जाएगी, चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए इस बार सामुहिक विवाह रात्रि में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। शाम को वर निकासी निकालेगी, जिसका मार्ग में जगह जगह स्वागत किया जाएगा। विवाह के दौरान प्रत्येक जोड़े के पास आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।**

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत एक ही पांडाल में फेरे एवं निकाह की रस्म 30 अप्रैल को नरेंद्र मोदी खेल प्रशाल में शाम सात बजे अदा की जाएगी। सामुहिक विवाह समारोह को लेकर शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पर विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान की उपस्थिति में आयोजन समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक में नपाध्यक्ष संतोष गेहलोत, सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा, स्वच्छता समिति चेयरपर्सन बबिता रघुवंशी, पूर्व नपाध्यक्ष राजेंद्र अवाना, मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन, विजय पटेल, गोपाल यादव, अनिल जोशी, मनीष कारिया आदि मंचासीन रहे। विधायक डॉ. चौहान ने कहा कि गर्मी को देखते इस बार फेरे और निकाह की रस्म रात्रि में अदा की जाएगी, शाम को वर निकासी निकलेगी। मप्र शासन द्वारा वधु के खाते में 49 हजार रुपए की राशि चैक द्वारा प्रदान की जाएगी। इस बार नवाचार करते हुए आंगनवाड़ी केंद्र पर वधु की मेहंदी एवं हल्दी की रस्म अदा की जाएगी, इसके लिए विधायक स्वैच्छानुदान से राशि वधु के खाते में डालेंगे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में कहा कि हमारे मोहल्ले की बेटी के लिए हम स्वयं राशि यह रस्म अदा करेंगे। पूर्व नपाध्यक्ष राजेंद अवाना ने सुझाव दिया कि पांडाल में आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जाए। गोपाल यादव ने कहा कि वर्ष 2024 में सामुहिक विवाह योजना के अंतर्गत वार्ड दो में एक बेटी के विवाह की सभी रस्म आंगनवाड़ी केंद्र पर अदा की गई थी। जब विधायक ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से सुझाव देने का कहा कि तो चंर्द्रप्रभा यादव ने कहा कि सामुहिक विवाह के लिए प्रचार प्रसार से लेकर अन्य औपचारिकताओं को हम पूर्ण करते है जब विवाह पांडाल में पहुंचते है तो गायत्री परिवार के लोगों द्वारा हमको दरकिनार कर दिया जाता है हमको भी सम्मान मिलना चाहिए। विधायक डॉ. चौहान ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की इस बात पर सहमति जताते हुए कहा कि निश्चित ही हवन कुंड पर जो कार्य करना है वह तो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी कर सकती है निश्चित ही इस बार हवन कुंड के समीप आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

### विवाह पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज़

विवाह के लिए वधु की न्युनतम उम्र 18 वर्ष, वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना चाहिए, मप्र का मुलनिवासी प्रमाण पत्र, वर वधु की समग्र आईडी, आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज के दो दो फोटो, विधवा होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता महिला होने की स्थिति में कानूनी रुप से तलाक न्यायालयीन आदेश, पंजीकृत श्रमिक होने की स्थिति में श्रमिक पंजीयन कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व होम्योपैथी दिवस नया हरसूद में किया नि:शुल्क होम्योपैथी शिविर का आयोजन



**हरसूद, निप्र।** शुक्रवार को राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनान्तर्गत होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ हेनिमैन की 270 वीं जयंती एवं विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में आयुष्मान आरोग्य मंदिर नया हरसूद में निशुल्क मेगा होम्योपैथी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ शुक्रवार सुबह 10 बजे के लगभग नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश वर्मा, विधायक प्रतिनिधि कमल खंडेलवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमति ममता सतीश सावनेर, पार्षद गोलू बौरासी द्वारा डॉ हैनीमैन एवं भगवान धन्वंतरिजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया। षिविर में मधुमेह, बीपी एवं हीमोग्लोबिन की जांच की गई तथा वात रोग, चर्म रोग, श्वांस रोग, अम्लपित आदि रोगों का निदान कर निशुल्क औषधियां दी गई। शिविर में डॉ रविन्द्र जायसवाल, डॉ अभिलाषा राजपूत, रविकांत तिवारी, संगीता कौशल, डेविड हीरे आदि द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। शिविर में कुल 203 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर ओषधियां वितरित की गई। इस अवसर पर 50 औषधीय पौधों का वितरण भी किया गया।

### शुक्रवार को हनुमान जी एवं शिव जी की प्रतिमाओं को ग्राम कुमीखेडा में कराया भ्रमण



**हरसूद, निप्र।** खालवा ब्लॉक के ग्राम कुमीखेड़ा में नवनिर्मित मंदिर में हनुमानजी एवं शिवजी की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम में हनुमानजी एवं शिवजी की प्रतिमाओं को भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। ग्राम कुमीखेडा में गरीब परिवारों द्वारा लगभग 600 स्केवर फिट क्षेत्र में भव्य मंदिर का निर्माण करवाकर मंदिर में हनुमानजी एवं शिवजी की प्रतिमाओं को स्थापित किया जा रहा है। नवनिर्मित मंदिर में शनिवार को विधि-विधान से भगवान हनुमानजी एवं शिवजी की प्रतिमाओं को स्थापित किया जाएगा।

### पश्चिम रेलवे वापी-दानापुर-वलसाड के बीच चलाएगी समर स्पेशल ट्रेन



**मुंबई ( विनय उजाला )।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा स्पेशल रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से वापी-दानापुर-वलसाड के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस स्पेशल ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है:-

ट्रेन संख्या 09063/09064 वापी - दानापुर - वलसाड साप्ताहिक स्पेशल [22 फेरे] ट्रेन संख्या 09063 वापी - दानापुर स्पेशल प्रत्येक शनिवार को वापी से 22.00 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 08.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 19 अप्रैल से 28 जून 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09064 दानापुर-वलसाड स्पेशल प्रत्येक सोमवार को दानापुर से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.00 बजे वलसाड पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 अप्रैल से 30 जून 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नवसारी, भेस्तान, चलथान, नंदुरबार, अमलनेर, धरनगांव, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09063 का वलसाड स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09063 की बुकिंग 13 अप्रैल, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और ढ्ढक्रञ्जष्ट की वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

जावरा कंपाउंड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर

# आगामी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती उत्सव को लेकर आयोजित हुई बैठक





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** भारतीय जनता पार्टी इंदौर द्वारा जावरा कंपाउंड स्थित पार्टी कार्यालय पर आगामी डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर बैठक आयोजित की गई।जिसमें पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती पर आयोजित उत्सव को लेकर चर्चा की गई।

जिसमेंनगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने कहा कि अंबेडकर जयंती के अवसर पर हमारी पार्टी के द्वारा बस्ती चलो अभियान आयोजित किया गया था और 13 अप्रैल को इस अभियान का आखिरी दिन है।हमें 13 अप्रैल को सुबह 12 प्रतिमाओं पर सफाई अभियान चलाना है।साथ ही हर वार्ड के शक्ति केंद्रों पर सफाई अभियान चलाना है। इस बात की जिम्मेदारी मंडल में कार्य करने वाले पदाधिकारी की है। शहर में कुल 340 शक्ति केंद्र है। हर शक्ति केंद्र पर नगर से प्रतिनिधि भेजे जाएंगे। इस दौरान हर शक्ति केंद्र पर सफाई अभियान के बाद भीमराव जी अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करना है। विधानसभा में माल्यार्पण के लिए सभी को निमंत्रण देते हुए एकत्रित करना है। इसी के साथ यदि शक्ति केंद्र के आसपास किसी भी वार्ड में या मंडल में कोई मीसाबंदी या कारसेवक रहते हैं तो हमें उनका भी सम्मान करना है।भीमराव जी ने सभी को समानता का पाठ पढ़ाया है और संविधान में भी इसी बात को बताया है। हम सभी डॉ भीमराव अंबेडकर जी के अनुयाई है और भीमराव जी भी हम सभी के हैं यहां पर कोई जातिवाद नहीं है।हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं। जिन्होंने भीमराव जी के जन्मदिन पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया है।भीमराव जी ने देश की संस्कृति बचाई है लेकिन मुझे इस बात का बहुत दुख है कि संविधान निर्माता को पहले आम चुनाव में यह शिकायत करनी पड़ी थी कि उनके चुनाव में धांधली हुई है क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा से भीमराव जी का शोषण ही किया। जब कांग्रेस के द्वारा कश्मीर में धारा 370 लगाई गई थी। उस समय भी बाबा साहब ने कहा था कि कांग्रेस ने संविधान का गला घोट दिया है और इसी भेदभाव से आहत होकर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और डॉ. बाबासाहेब ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस हमेशा से फूट डालो और राज करो कि राजनीति कर रही है।कांग्रेस द्वारा फैलाए गए जातिवाद को हमारी पार्टी ने मिटाया है।भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भारत के हर एक नागरिक को समान अधिकार दिए गए हैं एवं समान रूप से सभी को लाभ भी दिए जा रहे हैं।इलाज के लिए आयुष्मान हो ,दीनदयाल योजना हो, चाहे लाडली बहन योजना हो भारतीय जनता पार्टी द्वारा बाबा साहब का समानता का और समरसता का संदेश लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।मैं सभी कार्यकर्ताओं से यह भी कहना चाहता हूं कि आगामी भीमराव जी की जयंती पर गीता भवन स्थित प्रतिमा के माल्यार्पण के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायक भी उपस्थित रहेंगे। इसी के साथ ही भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के बाद 20 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच पार्टी संगोष्ठी भी आयोजित करेगी, जिसमें बड़े वक्ताओं के आने की संभावना है।

कार्यक्रम के संयोजक श्री घनश्याम शेर जी ने कहा कि हमारी पार्टी के द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के जन्म उत्सव को भव्य रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। हमारे लिए काफी गर्व की बात है कि हम इस बार भी भव्य रूप से बाबा साहब की जयंती मना रहे हैं। बाबा साहब का लिखा हुआ संविधान सर्वमान्य है। हमारे शहर में पंचशील नगर में पिछले 13 दिन से बाबा साहब की जयंती को लेकर उत्सव लगातार चल रहा है और यह काफी गर्व की और गौरव की बात है।कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का शोषण किया और उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। कांग्रेस ने हमेशा से सिर्फ बाबा साहब के नाम पर राजनीति ही की है लेकिन हमारे प्रधानमंत्री पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने बाबा साहब के जन्मदिन पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया है। आगामी 13 अप्रैल को हमें अपने-अपने मंडल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होना है एवं उसे सफल भी बनाना है। जिन भी पदाधिकारी को इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई है। वह सभी बाबा साहब की प्रतिमाओं या उनके नाम से जुड़े सार्वजनिक स्थलों या शक्ति केंद्रों का अवलोकन कर रहे हैं और यहां पर साफ सफाई का विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। 13 अप्रैल को सुबह गीता भवन स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा एवं शाम को दीप प्रज्वल किए जाएंगे। वही 14 अप्रैल को भी प्रतिमा का माल्यापर्ण किया जाएगा।

बैठक के दौरान नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा,श्री दिनेश वर्मा,घनश्याम शेर,सूरज केरो,मुकेश राजावत,श्रीमती उमाशशि शर्मा,श्री आलोक दुबे,श्री राजेश शिरोडकर,श्री बलजीत सिंह चौहान,श्री भारत पारिख,श्री अमर पेंढारकर,श्री अश्विन शुक्ल,अशोक अधिकारी, श्री हरप्रीत बक्शी भारतीय जनता पार्टी के समस्त मंडल अध्यक्ष कार्यक्रम के संयोजक एवं सहसंयोजक उपस्थित थे।

# आकृति आर्ट फाउंडेशन द्वारा 22 वीं अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का 17 अप्रैल से मुंबई में आयोजन





आकृति आर्ट फाउंडेशन की आगामी कला प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जाने वाली विभिन्न आकर्षक कलाकृतियों की झलक।

विनय उजाला

**मुंबई।** देश की प्रमुख सांस्कृतिक, सामाजिक और कलात्मक संस्था आकृति आर्ट फाउंडेशन द्वारा अपनी 22 वीं अंतर्राष्ट्रीय समूह कला प्रदर्शनी का आयोजन मुंबई में 17 अप्रैल, 2025 से 20 अप्रैल, 2025 तक किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए आकृति आर्ट फाउंडेशन के संस्थापक डायरेक्टर मनमोहन जायसवाल ने बताया कि यह संस्था पिछले 17 वर्षों से कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। इसी क्रम में संस्था की 22 वीं अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल के पास स्थित सिमरोज़ा आर्ट गैलेरी में लगाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया एवं लिथुआनिया के साथ विभिन्न यूरोपीय देशों के लगभग 50 हुनरमंद कलाकार सहभागी हो रहे हैं। प्रदर्शनी में सुविख्यात चित्रकार एम एफ हुसैन, टी वैकुंठम, अमृता शेरगिल, रॉबिन हिक्स, आऊद्रा ब्रज़वस्कैते, किशोर कावड़ और सोहन चौधरी सहित विभिन्न प्रतिभावान कलाकारों की एक सौ से भी अधिक अद्भुत चित्रकला कृतियों का प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में लोढ़ा फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती मंजू लोढ़ा, मशहूर गायक पद्मश्री अनूप जलोटा, सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका पद्मश्री डॉ. सोमा घोष, वरिष्ठ राजनेता मिलिंद देवरा, राकेश भास्कर और पद्मश्री डॉ. प्रकाश कोठारी विशिष्ट अतिथियों के रूप में मौजूद रहेंगे। इनके अलावा बहुत से कला प्रेमी, इंटीरियर डिजाइनर, आर्किटेक्ट तथा संगीत और साहित्य जगत के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। दीप प्रज्ज्वलन के साथ इस भव्य प्रदर्शनी की शुरुआत होगी। श्री जायसवाल ने बताया कि यह संस्था पिछले 17 वर्षों से हर साल दो आर्ट एग्जिबिशन एवं दो अवॉर्ड शो के अलावा संगीत, फैशन और सामाजिक, धार्मिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। इनमें देश- विदेश से आने वाले कलाकारों को अपनी खूबसूरत कला के प्रदर्शन का सुअवसर मिलता है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान : श्रमदान के लिये बड़ी संख्या में लोग आ रहे है आगे

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** इंदौर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान से बड़ी संख्या में लोग जुड़ने लग गये है। शहर हो या गांव सभी जगह जल स्त्रोंतो को पुनर्जीवित करने और जल बचाने हेतु श्रमदान के लिये बड़ी संख्या में लोग आगे आ रहे है। भविष्य के लिये जल और जीवन बचाने हेतु लोगों में इस अभियान के प्रति बड़ा उत्साह देखा जा रहा है।



इंदौर जिले में चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत बिसनावदा तथा बड़ी कलमेर में जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों, नवांकुर संस्था, मेंटर, प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों एवं ग्रामीणों द्वारा जल संरक्षण हेतु जल है तो कल है, जल है तो जीवन है के नारो के साथ जल यात्रा निकाली गई। जल संवाद कार्यक्रम किये गये। इसके पश्चात ग्राम के छोटे तालाब में श्रमदान कर पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने,जल को बचाने,पेड़-पौधों के संरक्षण एवं गांव-गांव में जन जागरूकता हेतु शपथ गई। विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण से संबंधित नारों का दीवार लेखन कर अभियान का प्रचार-प्रसार भी किया गया। घर-घर जाकर जल के अपव्यय को रोकने हेतु समाज को प्रेरित किया गया। जल की हर एक बूंद को सहेजने एवं उसके संरक्षण हेतु संदेश दिया गया।

इन्दौर विकास प्राधिकरण संचालक मण्डल की बैठक

## दीपक सिंह, संभागायुक्त सह अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** बैठक में श्री आशीष सिंह, कलेक्टर, श्री शिवम वर्मा, आयुक्त, नगर पालिक निगम, श्री प्रदीप मिश्रा, वन मंडलाधिकारी, श्री सी.एस. खरत मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, इन्दौर, श्री सुनील कुमार उदिया, अधीक्षण यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, श्री सारंग गुप्ता, संयुक्त संचालक (प्रतिनिधि), नगर तथा ग्राम निवेश विभाग एवं श्री आर.पी. अहिरवार, मुख्य कार्यपालिक अधिकारी, इ.वि.प्रा. (सदस्य सचिव) उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम (संशोधन) 2019 के परिपेक्ष में इन्दौर विकास प्राधिकरण की नगर विकास योजना अहिल्यापथ ए.पी.-01, ए.पी.-02, ए.पी.-03, ए.पी.-04 एवं ए.पी.-05 में प्रस्तावित आवासीय एवं मार्ग उपयोग हेतु प्रस्तावित धारा 50 (1) में प्रेषित प्रस्ताव पर शासन द्वारा धारा 50 (1)(क) के तहत पुनर्विलोकन कर प्रस्तावित टी.पी.एस. से लगे हुए 75.0 मीटर चैडे मार्ग के दोनों ओर योजना प्रस्तावित कर पुन: प्रस्तुत करने के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में संचालक मंडल द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित मार्ग के एक ओर कृषि भूमि होने से योजना की उपयुक्तता के सम्बंध में परीक्षण करवाया जावेगा। इस हेतु प्राधिकारी के कन्सलटेन्ट पेनल में से कन्सलटेन्ट का चयन किया जावेगा। परीक्षण उपरांत प्राप्त रिपोर्ट पश्चात् योग्य अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सकेगी।

एक अन्य निर्णय में संचालक मण्डल द्वारा शहर की पार्किंग की समस्या एवं योजना क्रमांक 139, 169-ए में नव-निर्मित आय.एस.बी.टी. के अंतर्गत पार्किंग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योजना क्रमांक टी.पी.एस.-8 में 2.292 हेक्टेयर का भूखण्ड पार्किंग हेतु आरक्षित किये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त भूखण्ड का विकास, पार्किंग हेतु सुविधाओं जैसे- बाउण्ड्रीवाल, पेव्हर, टायलेट ब्लॉक आदि को दृष्टिगत रखते हुए विकास कार्य किया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि बसों की पार्किंग के संबंध में प्राधिकरण द्वारा बस आपरेटर की आहुत बैठक में भी बस आपरेटरों द्वारा इसकी पुरजोर मांग की गई थी।

संचालक मण्डल द्वारा विधानसभाग क्षेत्र क्रमांक-1 के वार्ड क्रमांक 9 के अंतर्गत उपलब्ध शासकीय भूमि (महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पास) पर ऑडिटोरियम एवं अन्य निर्माण कार्य किये जाने के सम्बंध में गैर योजना के अंतर्गत राशि रू. 15.5 करोड की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

संचालक मण्डल द्वारा प्राधिकारी की नगर विकास योजना टी.पी.एस.-08 पर स्थित भूखण्ड क्रमांक एफ.पी.-422 क्षेत्रफल 1.613 हेक्टर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत आवासगृह बनाने हेतु आरक्षित करने का निर्णय लिया गया। उक्त भूमि पर प्राधिकारी की योजना टी.पी.एस.-08 एवं टी.पी.एस.-03 से विस्थापित रहवासियों के लिये आवास उपलब्ध हो सकेंगे।

एक अन्य निर्णय में प्राधिकरण के समस्त अभिलेखों का डिजिटलाइजेशन किये जाने के कार्य हेतु प्राप्त निविदाओं पर विचार करते हुए न्यूनतम निविदादाता द्वारा प्राप्त दर स्वीकृत की गई।

## बच्चों को आत्म निर्भर बनाने ग्लोबल राइज स्कूल ने कराया चौकी ढाणी का भ्रमण



विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** नया हरसूद-छनेरा की ग्लोबल राइज इंटरनेशनल स्कूल बच्चों को आत्म निर्भर बनाने तथा विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराने के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है। स्कूल द्वारा नवंबर माह में स्टेच्यु ऑफ युनिटी गुजरात का भ्रमण कराया गया था। इसी कडी में स्कूल प्रबंधन द्वारा गुरूवार को बच्चों को इंदौर स्थित चौखी ढाणी का भ्रमण कराया गया। समर फन टूर के अंतर्गत गुरूवार को स्कूल के 110 बच्चों ने चौखी ढाणी का भ्रमण किया। जहां बच्चों ने वाटर पार्क, एडवेंचर पार्क में खूब मनोरंजन किया। वहीं राजस्थानी कल्चर एवं आदिवासी कल्चर के बारे में जाना। इस दौरान बच्चों ने जायकेदार राजस्थानी व्यंजन का भी जमकर लुत्फ उठाया। स्कूल डायरेक्टर अजीत रायखेरे ने बताया कि भ्रमण से बच्चों को बाहरी दुनिया को जानने का मौका मिलता है। बच्चों को नये लोगों, नये स्थानों तथा रहन-सहन, खान-पान, पहनावा, बोली एवं आचार-विचार जानने का अवसर मिलता है। बाहरी दुनिया का भ्रमण करने से बच्चे आत्मनिर्भर बनते है।

बाजार भाव

इंदौर मंडी

## सोयाबीन तेल तेज

**इंदौर ( व्यापार प्रतिनिधि )।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - ( प्रति क्विंटल )-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार ( प्रति 10 किलो ) -** मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### युवाओं ने गोशाला में गोसेवा कर मनाया भगवान महावीर जन्म कल्याणक



**बाग, निप्र।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक के पवन अवसर पर जैन श्री संघ के सानिध्य में आदिनेमपार्श्व परिवार द्वारा आज गंगाकुई धाम गोशाला में जीव दया निमित हरि घास, सब्जी,फल एवं गुड़ का वितरण कर जन्मकल्याणक पर्व मनाया इस अवसार पर धाम में विराजित संत सूरज पूरी महाराज ने शुभ आशीष देते हुवे कहा कि भगवान महावीर दया और करुणा की प्रतिमूर्ति थे उन्होंने संपूर्ण विश्व को सत्य,अहिंसा, अपरिग्रह एवं जिओ ओर जीने दो का उपदेश दे कर संपूर्ण मानव जगत का मार्ग प्रशस्त किया हमे भी प्रभुजी के बताए गए उपदेशों को आत्मसाद कर अपने जीवन को धन्य बनाना चाहिए। इसी कड़ी में युवाओं ने जय महावीर का उदघोष लगा कर संपूर्ण गोशाला को गुंजायमान कर दिया।

### किसानों का नि:शुल्क पंजीयन शुरू

**अलीराजपुर, निप्र।** सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग ने बताया कि ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई फल पौध रोपण जैसे आम, अमरूद, नींबू, सीताफल, संतरा, आंवला चीकू इत्यादि की संरक्षित खेती सहित अन्य योजनाओं के लिए किसानों का निशुल्क पंजीयन किया जा रहा हैं। किसान उद्यानिकी विभाग के पोर्टल https://mpfsts.mp.gov.in पर पंजीयन करा सकते हैं, साथ ही विकास खण्ड स्तर पर शासकीय रोपणियों तथा वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय पर नि:शुल्क पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही फल पौध रोपण योजना अंतर्गत जिले की शासकीय रोपणणियों से सशुल्क फल पौधे भी उपलब्ध कराए जायेंगे।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 15 अप्रैल 2025 को

**अलीराजपुर, निप्र।** कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अलीराजपुर ने बताया कि SUPREME COMMITTEE ON ROAD SAFETY द्वारा मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 215 (3) में दिये गये प्रावधानुसार सड़क दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग करने एवं सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। इसी क्रम में माह अप्रैल 2025 हेतु उक्त बैठक कलेक्टर सभागार में कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में दिनांक 15.04.2025 को सायं 04 बजे आयोजित की जाएगी ।

### सर्वेक्षण संक्रियाओं के प्रारंभ होने के लिए उद्घोषणा जारी

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर ने अधिसूचित किया कि मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-सर्वेक्षण तथा भू-अभिलेख) नियम 2020 के नियम 14 में उपबंधों के अनुसरण में



आयुक्त, भू-अभिलेख मध्य प्रदेश द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 274-भू-सर्वेक्षण-423828-2025 दिनांक 28 फरवरी 2025 जो कि राजपत्र में प्रकाशित की गई है, जिसमें वर्णित क्षेत्र भू-सर्वेक्षण के अधीन अधिसूचित किए गए है। उन्होंने बताया कि भू-सर्वेक्षण के दौरान नवीन अधिकार अभिलेख तैयार किया जाएगा जिसमें समस्त खातेदारों के नाम, उनके अंश, दायित्व तथा सुखाचार अधिकार अभिलेख अभिलिखित किए जाएंगे तथा ग्रामों के लिए निस्तार पत्रक तथा वाजिब-उल-अर्ज भी तैयार किया जाएगा ।उन सभी व्यक्तियों से जो कि प्रभावित हो सकते हों, यह अपेक्षा की जाती है कि वे उक्त सर्वेक्षण संक्रियाओं के दौरान अपने क्षेत्र में उपस्थित रहें तथा अभिनियोजित कर्मचारियों को सहयोग करें तथा भूमि में उनके स्वत्व, सीमाओं, अंशों, दायित्वों और अधिकारों को उपलब्ध कराएं। यह समस्त कृषकों के हित में होगा। इसके साथ ही नियम 10 के साथ पठित मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा की 64 के अंतर्गत अलीराजपुर नगरीय क्षेत्र के पटवारी हल्का नं 54 भू सर्वेक्षण के अधीन लिए गए है ।

### दो दिनों से ऑनलाइन.ई रजिस्ट्री ओर स्टांप की समस्या

**कसरावद, निप्र।** सर्वर डाउन दो दिनों से नहीं निकल पा रहे स्टाप व आनलाइन ई रजिस्ट्री की लिंक पिछले दो दिनों से प्रभावित होने के कारण रजिस्ट्री कराने वाले स्वामित्व की परेशानी बड़ी खरीदार बिक्री



एवं बंधन को लेकर ऑनलाइन की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। बाहर से आने वाले क्रेता एवं विक्रेता दोनों ही परेशान है। दूसरी और स्टांप पर भी ऑनलाइन सर्वर डाउन होने के कारण पिछले दो दिनों से घटों इतजार के बाद सेवा प्रदाता के यहां परेशान हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि नए सिस्टम को लागू करने के कारण तकनीकी समस्या खड़ी हो रही है। तकनीकी खामी की वजह से सिस्टम को दुरुस्त होने में समय लग रह है। लेकिन इधर आमजन परेशान हो रहे हैं। क्योंकि ई स्टॉप ऑनलाइन नहीं निकल पा रहा है।

# एसडीएम ने किया दौरा, तालाब का होगा गहरीकरण

विनय उजाला

**धार, निप्र।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोशनी पाटीदार और अन्य अधिकारियों ने शुक्रवार को दिलावरा तालाब का दौरा किया, जिसमें तालाब के गहरीकरण के लिए रेलवे अधिकारियों को आमंत्रित किया गया। रेलवे को मुरम की आवश्यकता है, और दिलावरा तालाब को इस उद्देश्य के लिए एक आदर्श स्थान पाया गया। तालाब के गहरीकरण से न केवल पेयजल आपूर्ति में वृद्धि होगी, बल्कि रेलवे को आवश्यक मुरम भी मिल जाएगी।

दरअसल, वर्तमान में केवल 200 डंपर मुरम निकालने पर सहमति बनी है, जो तालाब के विशाल आकार को देखते हुए पर्याप्त नहीं है। स्थानीय किसानों का मानना है कि कम से कम 800 डंपर मुरम निकालने से ग्रीष्मकाल तक जल संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है।





**दिलावरी नदी का भी होगा गहरीकरण :** किसानों की मांग पर, एसडीएम ने दिलावरी नदी से मिट्टी निकालने की अनुमति दी है। यह मिट्टी केवल खेतों में उपयोग के लिए होगी और इसे बेचा नहीं जा सकेगा। दिलावरा और पाडल्या ग्राम पंचायत सचिवों को इस संबंध में मुनादी कराने और विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सामाजिक संस्थाओं से सहयोग की अपेक्षा :** अधिकारियों ने तालाब गहरीकरण में सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की है। दिलावरा तालाब धार की पेयजल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, और इसके संरक्षण के लिए सभी हितधारकों का सहयोग आवश्यक है। दिलावरा और पाडल्या गांव के किसान, पटवारी, पंचायत सचिव, जनपद पंचायत के अधिकारी और रेलवे के अधिकारी उपस्थित रहे। यह पहल धार क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, और यह उम्मीद की जाती है कि इससे स्थानीय किसानों और रेलवे दोनों को लाभ होगा।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क राशन निर्वाध प्रदान करने के लिए

# समस्त हितग्राहियों का ई केवाईसी के लिए 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान : कलेक्टर

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर के निर्देशन में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिले के समस्त विकासखंड स्तरीय के पात्र हितग्राहियों ई-केवायसी प्रगति की समीक्षा बैठक कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की गई । इस बैठक में प्रभारी अधिकारी खााद्य एवं डिप्टी कलेक्टर श्री जीपी अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को निशुल्क राशन निर्वाध प्रदान करने के लिए समस्त हितग्राहियों का ई केवाईसी अनिवार्य है । जिले में 1 लाख 27 हजार से अधिक परिवार शासन की राशन वितरण प्रणाली से जुडे है जिनके 6 लाख 72 हजार से अधिक सदस्य है । 5 लाख से अधिक सदस्यों की ई-केवायसी का कार्य पूर्ण हो चुका है, लगभग 1 लाख 65 हजार से अधिक सदस्यों की ई-केवाईसी शेष है । इस बैठक में पात्रता पर्ची धारियों की ई-केवाईसी लक्ष्यपूर्ती हेतु कार्य योजना तैयार की गई है । जो कि युद्धस्तर पर कार्य करके आगामी दिनों में शेष बचे हितग्राहियों की ई-केवाईसी पीओएस मशीन के माध्यम से कार्य को पूर्ण करेंगे ।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रखर सिंह ने बताया कि जिले में 75 प्रतिशत से अधिक हितग्राहियों की ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, 25 प्रतिशत शेष है जिनके लिए जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय एवं पंचायतवार दल गठित किए गए है । अप्रैल माह में चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत प्रतिदिन 9 हजार ई केवायसी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अपने अपने कार्यक्षेत्र के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर इस अभियान की निगरानी करेंगे । जमीनी स्तर का अमला जैसे की पटवारी, ग्राम सचिव, रोजगार सहा, आगनवाडी कार्यकर्ता, मोबाइलाइजर, नगरीय वार्ड प्रभारी लक्ष्य प्राप्ति के लिए सहयोग करेंगे। उचित मूल्य दुकान विक्रेता ई-केवायसी के लिए अधिकृत कर्मचारी रहेंगे। इस दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकर शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत यह अभियान काफी महत्वपूर्ण है । शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेताओं को 30 अप्रैल 2025 तक शत-प्रतिशत पर्चा धारियों ई-केवाईसी किया जाना है । यदि किसी सदस्य को ई-के. वाय.सी. कराने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो वह संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक, वार्ड प्रभारी से सम्पर्क कर अपनी ई-के. वाय. सी. करा सकते है। साथ ही यदि परिवार के किसी सदस्य का विवाह हो जाने पर वह किसी अन्य परिवार का सदस्य हो जाता है, किसी सदस्य मृत्यु हो जाती है अथवा कोई सदस्य स्थाई रूप से पलायन कर गया हो, तो ऐसे सदस्यों को अपनी राशन पात्रता पर्ची से ग्राम पंचायत सचिव एवं वार्ड प्रभारी से विलोपित करा सकते हैं ।

इस दौरान उन्होंने सभी विक्रेताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की इस योजना से कोई भी पात्र जिलेवासी वंचित न रहे इस बात का विशेष ध्यान रखें । आप लोगो की मदद के लिए पंचायतवार दल गठित किया जा रहा है, मुमकिन हो तो ग्रामवार शिविर लगाकर, घर घर जाकर समस्त हितग्राहियों की ई-केवाईसी के कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करें । कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित रहता है तो संबंधित विक्रेता की पूर्ण जवाबदारी होगी । जिले के जो व्यक्ति किसी अन्य स्थान पर पलायन कर चुके है या निवासरत है उन्हें आग्रह कर यह सूचित किया जाए कि संबंधित क्षेत्र की उचित मूल्य दुकान पर जाकर ई-केवाईसी कराएं अन्यथा आगामी माह से संबंधित राशन वितरण नहीं होगा ।



#### समस्त जिलेवासियों से अपील

कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने समस्त जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि 30 अप्रैल 2025 तक समयावधि के भीतर समस्त पात्रता पचीर्धारी अपना ई-केवाईसी अनिर्वाय रूप से करें । उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार बिना ई-केवाईसी के हितग्राहियों को राशन नहीं दिया जाएगा। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अर्थ जैन, तहसीलदार सोण्डवा श्री हिरालाल अस्के, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री रामा अवासिया, ऑपरेटर श्री नदीम कुरैशी, श्री देवेन्द्र भुर्रा, श्री राहुल रावत सहित समस्त जिले के उचित मूल्य दुकान के विक्रेता सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे। इस दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर 20 विक्रेताओं को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए ।

# भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई मध्य प्रदेश कार्यभारित एवं दैनिक वेतन भोगी श्रमिक महासंघ की बैठक हुई संपन्न

प्रस्ताव बनाकर सरकार से की गई मांग, बनाई योजना



विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** मध्यप्रदेश कार्यभारित दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई कर्मचारी श्रमिक महासंघ की प्रदेश पदाधिकारी की बैठक बुधवार दिनांक 10 /04-2025 को ठेंगडी भवन भोपाल में आयोजित हुई।

**शीर्ष नेतृत्व का मिला मार्गदर्शन :** संघ के पेटलावद झाबुआ क्षेत्र के सदस्य रामलाल पुरोहित ओर सरदारपुर धार क्षेत्र के सदस्य मनोहरलाल पुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त बेठक में भारतीय मजदूर संघ के शीर्ष नेतृत्व, महामंत्री माननीय कुलदीप सिंह गुर्जर जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, एवं प्रदेश अध्यक्ष महासंघ माननीय द्वारका कुशवाह जी, प्रदेश महामंत्री महासंघ माननीय, प्रदीप कुमार झा जी द्वारा सभी प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति एवं सहमति से कर्मचारी हित में निम्न प्रस्ताव पारित करते हुए सरकार से इन मांगों को पूर्ण करने की मांग रखी

**आगामी योजना पर हुई चर्चा :** कर्मचारियों महत्वपूर्ण प्रस्ताव पदाधिकारी से चर्चा उपरांत कार्य योजना बनी एवं आगामी रणनीति तैयार की, उपस्थिति सभी सम्मानीय प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारी गण का हृदय से धन्यवाद एवं आभार।

#### सरकार से रखी ये मांगे

- वन विभाग में कार्य सुरक्षा श्रमिकों को स्थाई कर्मी घोषित किया जाए
- वन विकास निगम के मस्टर कर्मचारी को स्थाई कर्मी घोषित किया जाए
- प्रदेश समस्त विभाग निगम मंडलों विश्वविद्यालय महाविद्यालय में कार्यरत समस्त स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी सुरक्षा श्रमिक मास्टर कमी सभी वर्ग के कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति का पात्रता दिया
- 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करें कर चुके कर्मचारियों को स्थाई कर्मी एवं 15 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके स्थाई कर्मियों को नियमित कर्मचारियों का लाभ दिया जाए
- स्थाई कर्मी कर्मचारियों का वेतन5000 से 8000 वेतन पुन: रिवाइज किया जाए किया जाए
- कृषि विभाग एवं कृषि विश्वविद्यालय के मस्टर कर्मचारियों श्रमिकों को न्यूनतम 26 दिन का वेतन एवं स्थाई कर्मी घोषित किया जाए
- प्रदेश के शासकीय कार्यालय में स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को एक कैलेंडर वर्ष में 15 दिवस अवकाश पात्रता एवं कर्मचारियों को 5 डेज वर्किंग के अंतर्गत शनिवार अवकाश के पात्रता दिया जाए

# कठोरा गांव नर्मदा में आज भंडारा आयोजन

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** नर्मदा तट स्थित कठोरा गांव में परम पूज्य संत श्री नानक दास जी महाराज की स्मृति में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हर वर्ष भंडारे का धार्मिक आयोजन किया जाता है। शनिवार को आज शाम 5:00 बजे से भंडारे की शुरुआत होगी। इसके लिए संत नानक दास जी सेवा आश्रम समिति सदस्यों के माध्यम से तैयारियां पूर्ण कर ली गई है ग्रामीण बताया कि गांव को दो बार शांति के लिए पुरुस्कार भी मिल चुका है। क्योंकि पिछले लंबे समय से इस गांव में विवादहीन था इसलिए शासन द्वारा पूर्व में इस गांव को शांति के रूप में पुरस्कार दिया जा चुका है। भंडारा आयोजन में करीब 25 गांव के श्रद्धालु शामिल होंगे। नर्मदा तट पर आयोजन को लेकर पिछले दो दिनों से व्यवस्था जारी है।



धार्मिक मान्यता को लेकर श्रद्धालुओं का मानना है कि परम पूज्य संत श्री नानक दास जी महाराज जी की जीवित अवस्था में यहां समाधि है। उन्होंने जीवित समाधि ली है। उनकी जप तप एवं साधना की तपोभूमि रही है। इसीलिए यहां पर उन्होंने मां नर्मदा के तट किनारे पर जीवित समाधि ली। पिछले लंबे समय से यहां किसी प्रकार की कोई महामारी या आगजनी की घटना नहीं हुई है। ऐसी मान्यता है कि गांव के किसी भी कोने में यदि आगजनी की घटना होती है, तो मां नर्मदा का पावन जल लेकर बाबा का नाम स्मरण कर छिड़क दिया जाता है, तो अग्नि की लपेटे स्वत : ही शांत हो जाती है।

### श्री हाटकेश्वर प्रकट उत्सव, अभिषेक पूजन

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** श्री चिंतामणि मंदिर में. श्री हाटकेश्वर प्रकट उत्सव मनाया गया। भगवान शिव का अभिषेक कर पूजन किया गया स्थानीय व्यापारी भूपेंद्र गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को श्री हाटकेश्वर प्रकट उत्सव के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान शिव जी की आराधना करते हुए पूजा अर्चना की तत्पश्चात



अभिषेक किया गया। पूजन कर विधि विधान पूर्वक पंडित राजकुमार गांव शिंदे के द्वारा संपन्न कराई गई।

हनुमान जयंती पर विशेष : लाखों लोग माथा टेकेंगे हनुमान जयंती पर


# बहुत चमत्कारी हैं बलवारी हनुमानजी, दिन में तीन रूपों के होते हैं दर्शन

विनय उजाला

**गंधवानी, निप्र।** औद्योगिक नगरी इंदौर से 130 किलोमीटर दूर एवं धार जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर एवं गंधवानी से महज नौ किलोमीटर दूर बलवारी हनुमान की पाषाण प्रतिमा साडे 13 फीट ऊंची ढाई फीट चौड़ी बगैर किसी सहारे से खड़ी हनुमान जी की प्राचीन प्रतिमा स्थीत है पांडव कालीन यह प्रतिमा घने जंगलों के बीच ऊंची नीची पहाड़ियों के मध्य घुमावदार मार्ग के बीच में बलवारी में स्थित है विगत कई वर्षों से बलवारी हनुमान जी का चमत्कार कई श्रद्धालुओं ने देखा है।

हनुमान जी का बगैर किसी सहारे पर खड़ी यह पाषण प्राचीन प्रतिमा दिन में तीन बार अपने रूप बदलती है

#### 13.5 फीट ऊंची, 2.5 फीट चौड़ी बिना सहारे के पाषाण प्रतिमा खड़ी है



मंदिर के पुजारी निरंजन दास एवं श्रद्धालुओं का कहना है कि हनुमान जी की प्रतिमा सुबह बाल्यवस्था में दोपहर में युवावस्था वह शाम को वृद्धावस्था में श्रद्धालुओं को दर्शन देती है सूर्योदय से सूर्यास्त तक गंधवानी बलवारी हनुमान जी के दर्शन के लिए देश के कई राज्यों के लोग बलवारी हनुमान जी की प्रतिमा के दर्शन के लिए आते हैं गुजरात महाराष्ट्र मध्य प्रदेश राजस्थान व अन्य जगह से जिनकी मान मन्नते पूर्ण होती है वह साल में एक बार बलवारी हनुमान मंदिर प्रतिमा का दर्शन करने जरूर आते हैं मान मन्नते पूर्ण होने पर हनुमान जी का तेल सिंदूर से चोला वह भव्य श्रृंगार किया जाता है।

इस दिन मान मन्नत लेने वाले हनुमान जी को चूरमे का भोग लगाकर हनुमान जी की आरती कर अपनी मान मन्नत पूर्ण करते हैं बलवारी हनुमान जी की जो भी मान मन्नत है लेते हैं वह अधिकतर पूर्ण होती है।

परिणाम स्वरूप श्रद्धालु मंगलवार और शनिवार के दिन पोस व महा महीने में निरंतर पैदल चलकर यात्रा कर हाथ में ध्वजा लेकर बलवारी हनुमान मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई जाती है ध्वजा चढ़ाने का क्रम भी मान मन्नत लेने वाले लोग ही पूर्ण करते हैं साल के जनवरी माह में भी पहले सोमवार से लेकर जनवरी-फरवरी में कई श्रद्धालु ध्वजा लेकर हजारों की संख्या में बलवारी हनुमान मंदिर पहुंचकर बलवारी हनुमान जी बालाजी महाराज को ध्वजा चढ़ाकर मान मन्नत पूर्ण कर प्रसादी बनाकर प्रसादी की जाती है महा व पोस महीने में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी बलवारी हनुमान मंदिर पर चोला चढ़ाया जाता है जिसमें तिल्ली के तेल की घाणी वह सिंदूर से इस विशाल प्रतिमा का तेल सिंदूर की घाणीचढ़ाकर अपनी मान मन्नत पूरी की जाती है हजारों की संख्या में लोग महा व पोस के 2 माह में अपने अपने निजी वाहनों से आकर मान मन्नते पूरी करते हैं इस दौरान लोगों को लाइनों में लगकर घंटों में दर्शन करना होता है।

बलवारी हनुमान की कई तरह के चमत्कार गंधवानी देखें गये है जहां से भी श्रद्धालु आता है उन्होंने देखे हैं यही मान्यता है कि बलवारी हनुमान को मानने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दीन प्रती दिन निरंतर बढ़ती ही जा रही है ग्रामीण अंचल के एवं आदिवासी समाज के लोग भी मन्नते पूरी होने पर बलवारी हनुमान पर पूर्ण करने के लिए भी ट्रैक्टर ट्राली में भरकर लोग आते हैं।

खासकर हनुमान जयंती पर सुबह सूर्योदय के पूर्व महा आरती उसके पश्चात संध्या कालीन सूर्यास्त के समय महा आरती का विशेष महत्त्व कई वर्षों से माना जा रहा है हनुमान जयंती पर सूर्य उदय की आरती में भी आसपास के सैकड़ों लोग सूर्योदय के पूर्व ही हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव पर इकट्ठा होकर सूर्य उदय की आरती में शामिल होते हैं साथ ही दिन भर दर्शन का लाभ लेते हैं एवं संध्या कालीन आरती सूर्यास्त के समय जो होती है उसमें भी हजारों की संख्या में लोग आसपास के आते हैं और हनुमान जन्मोत्सव पर उस आरती का लाभ लिया जाता है इसलिए श्रद्धालु दर्शन लाभ करके ही हनुमान जन्मोत्सव पर बलवारी हनुमान बालाजी के दर्शन कर महाआरती में शामिल होते हैं यह मूर्ति अति प्राचीन पांडव कालीन है जो कि बगैर किसी सहारे से खड़ी मूर्ति पूरे देश में एक ही प्रतिमा बताई जाती है जो बलवारी हनुमान मंदिर में स्थित है ऐसा कहा जाता है बलवारी हनुमान जी के चमत्कारों की वजह से श्रद्धालुओं में इस मंदिर और प्रतिमा के प्रति अगाध आस्था है और इसी वजह से पूरे देश के लोग यहां पर समय-समय पर दर्शन करने आते हैं बलवारी हनुमान मंदिर परिसर में मेले का आयोजन भी ग्राम पंचायत द्वारा किया जाता है जिस में भी श्रद्धालु हिस्सा लेकर बलवारी हनुमान जी के दर्शन लाभ लेते हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### आशा ग्राम के तीन कुष्ठ हितग्राहियों का हुआ मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन

**बड़वानी, निप्र।** विगत दिनों विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आशा ग्राम ट्रस्ट में कलेक्टर एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष सुश्री गुंचा सनोबर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। संगोष्ठी के माध्यम से 15 वरिष्ठ हितग्राहियों का नेत्र परीक्षण हेतु पंजीयन किया गया जिनका जिला चिकित्सालय बड़वानी में परीक्षण उपरांत 15 में से पांच मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन चोइथराम हॉस्पिटल इंदौर में शल्य चिकित्सा हेतु चयनित किया गया।शेष हितग्राहियों को आवश्यक परीक्षण अनुसार उपचार दिया गया।इंदौर गए पांच कुष्ठ हितग्राहियों में से श्री जाम सिंह ,श्रीमती तुलसा बाई ,श्रीमती जनाधी बाई का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन इंदौर में संपन्न हुआ।तीनों हितग्राहियों ने शासन, प्रशासन एवं जिला चिकित्सालय एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र आशाग्राम ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके आपसी समन्वय से उनके अंधत्व निवारण में सहयोग प्राप्त हुआ। बड़वानी से इंदौर चोइथराम हॉस्पिटल तक केयरटेकर के रूप में ट्रस्ट के श्री दूर सिंह गुथरे, श्री प्रदीप किराडे ने सेवाएं प्रदान की।




### दिव्यांगजन, निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना का उठाएं लाभ

**खरगोन, निप्र।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, बौद्धिक विकलांगता और बहु विकलांगता से ग्रसित व्यक्तियों को आर्थिक और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए लागू की गई है। इस योजना के तहत सभी आयु वर्ग के दिव्यांगजन लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बीपीएल परिवारों के लिए 250 रुपए और एपीएल परिवारों के लिए 500 रुपए के वार्षिक प्रीमियम पर एक लाख रुपए तक का बीमा लाभ दिया जाता है। इसमें अस्पताल में भर्ती होने का खर्च, सुधारात्मक सर्जरी, ओपीडी खर्च, दवाएँ, जाँच और निदान, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी और वैकल्पिक चिकित्सा जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। इसके अलावा दिव्यांगजनों की परिवहन लागत के लिए भी सहायता दी जाती है। योजना का लाभ उठाने के लिए दस्तावेजों में यूडीआईडी कार्ड, विकलांगता प्रमाण पत्र, लाभार्थी का आधार कार्ड, माता-पिता का आधार कार्ड, लाभार्थी की फोटो, बीपीएल कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, लाभार्थी के बैंक खाते का विवरण और समग्र आईडी शामिल है। केंद्र में दिव्यांग हितग्राहियों की निःशुल्क दैनिक देखभाल, फिजियोथेरेपी, विशेष शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण और नियमित चिकित्सा परामर्श की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। दिव्यांगजनों से संबंधित अन्य योजनाओं की जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति संबंधित कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत रैली व शपथ ग्रहण कार्यक्रम




**पलसूद, निप्र।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आगामी तीन माह के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा हैं,अभियान के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के जल संरक्षण व संवर्धन एवम् जल स्त्रोतों के साफ सफाई के जनजागरूकता हेतु कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।इसी तारतम्य में म. प्र.जन अभियान परिषद् के माध्यम से नगर विकास प्रस्फुटन समितियों,नवांकुर संस्थाओं व सामाजिक कार्य के विद्यार्थियों द्वारा राजपुर विकासखंड में जल गंगा संवर्धन अभियान में जनजागरूकता का कार्य किया जा रहा हैं।इसी के तहत् नगर पलसूद में नवांकुर संस्था द्वारा जागरूकता को ध्यान में रखते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं की एक जन जागरूकता का संदेश देने हेतु रैली निकालकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम कीया गया। शपथ श्रीमती अमृता मोदी द्वारा दिलाई गई ओर नवांकुर संस्था प्रमुख सायसिंग नरगावे ने उपस्थित जनों को जल गंगा संवर्धन अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर रावत,योगेश शर्मा जिला प्रतिनिधि ,चेतन राठौड मण्डल महामंत्री तरुण जी गोले सामाजिक कार्यकर्ता व मेंटर्स श्रीमती अर्मता मोदी, जनशिक्षक सुरेशचंद्र राठौड़, कमल गोले, राकेश वर्मा, देवीलाल महाकाल, अरुणा अजरावानीया, इंसराम जमरे, भारती गुप्ता, ज्योति डावर, हमीदा कुरैशी, शोएब शेख,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य व विद्यालय का स्टॉफ मौजूदा था।

### बलराम ऊर्फ बल्लू केवट पर जिला बदर की कार्रवाई

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भव्या मित्तल ने पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के प्रतिवेदन पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही कर बड़वाह थाना के ग्राम नावघाटखेड़ी के निवासी बलराम ऊर्फ बल्लू पिता आनंदराम केवट को तीन माह की अवधि के लिए खरगोन, खंडवा, बड़वानी एवं इंदौर जिले की राजस्व सीमाओं से तत्काल बाहर चले जाने का आदेश दिया । कलेक्टर न्यायालय की पूर्व अनुमति के इन जिलों की राजस्व सीमाओं में प्रवेश करने पर उसे मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत दंडित किया जायेगा। बलराम ऊर्फ बल्लू के विरूद्ध थाना बड़वाह में हत्या, अपहरण, बलात्कार, झगड़ा, मारपीट एवं चोरी के मामले में भादवि की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

## बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

# अप्रिय घटना होने पर डरें नहीं, इसकी शिकायत करें

विनय उजाला



**खरगोन, निप्र।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में 11 अप्रैल को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मण्डलेश्वर में जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर का शुभारंभ न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं सचिव सुश्री प्रीति जैन, एलएडीसीएस असिस्टेंट सुश्री निशा कौशल ने कक्षा 7वी की बालिका आयत पठान के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य एस एस डावर ने अतिथियों का स्वागत किया। शिविर में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूश्री प्रीति जैन ने बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट की बारीकियों से रूबरू करवाया और बताया कि हमारे देश में छेड़छाड़ बलात्कार अपहरण जैसी घटनाओं के लिए पहले से कानून मौजूद है। उसके बाद भी सरकार ने बच्चों की सुरक्षा के लिए अलग से पॉक्सो एक्ट बनाया है, क्योंकि 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक बालिकाएं की मानसिक, शारीरिक स्थिति वयस्क लोगों से भिन्न होती है। इसलिए उनके खिलाफ होने वाले अपराधों के लिए भी अलग और सख्त कानून की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, इसके बाद पास्को एक्ट लाूग किया गया। यह कानून बालक और बालिका में भेद नहीं करता अर्थात यह कानून जेंडर न्यूट्रल है। न्यायाधीश सूश्री जैन ने बताया कि यदि व्यक्ति 18 वर्ष से कम उम्र के बालक, बालिका को अश्लील इशारा करता है, गलत तरीके से छूता है, गलत चित्र दिखाया है तो ऐसे में वह पॉक्सो एक्ट के दायरे में आता है। अगर ऐसी कोई घटना आपके साथ होती है तो डरने की जरूरत नहीं है। इसके खिलाफ पुलिस में शिकायत जरूर करना चाहिए। इससे बदनामी का डर भी नहीं रहता, क्योंकि शिकायत करने वाली लड़की का नाम पता गोपनीय रखा जाता है। उसके माता-पिता परिजन इसका निवास स्थान किसी का जिक्र नहीं किया जाता है और नहीं ऐसे मामले में किसी अखबार या अन्य मीडिया प्लेटफार्म में पीड़ित की पहचान बताई जाती है। पीड़ित व्यक्ति को निःशुल्क चिकित्सा के साथ पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत आर्थिक सहायता भी दी जाती है।

इस अवसर पर एलएडीसीएस असिस्टेंट सूश्री निशा कौशल ने विधिक सेवा की जानकारी देते हुए सायबर क्राइम के बारे में बालिकाओं को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल इंटरनेट की दुनिया में हर कदम सावधानी के साथ रखना जरूरी है। आजकल वॉट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म फ्रॉड करने का सबसे अच्छा माध्यम बन चुका है। आए दिन इसके माध्यम स्वार्थिक अपराध के साथ-साथ लड़कियों का शारीरिक शोषण भी हो रहा है। इसलिए इस सोशल साइट का उपयोग सोच समझ कर और सावधानी के साथ ही करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन पैरालीगल वालेंटियर दुर्गेश राजदीप ने किया और आभार वरिष्ठ शिक्षक श्रीमती शबनम खान व्यक्त किया। इस अवसर पर पीएलवी नवीन कुमार, विकास यादव, शिक्षक दीपक चौबे, श्रीमती किरण दवाडे, प्रिया कोठारी, मोनिका मंडलोई, पूजा सोलंकी सहित शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रही।

# डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न

विनय उजाला





**बड़वानी, निप्र।** वार बुधवार को डिस्ट्रिक्ट 304 की डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट श्रीमती मिनाक्षी शर्मा अपनी आधिकारिक यात्रा पर इनरव्हील क्लब बड़वानी में होटल कृष्णा भोग में आगमन हुआ व सर्व प्रथम सरस्वती पुजन क्लब प्रार्थना कर आयोजन को प्रारंभ किया।जिसमें क्लब अध्यक्ष श्रीमती शकुन्तला राठौर को क्लब सचिव श्रीमती दमयंती सराफ के द्वारा कालर पहनाई गयी बाद क्लब अध्यक्ष ने डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट श्रीमती मीनाक्षी शर्मा मैडम को कालर पहनाई क्लब अध्यक्ष ने सभा प्रारंभ की घोषणा की सम्मानित मंच के स्वागत के बाद में अध्यक्ष शकुंतला राठौड़ ने स्वागत भाषण दिया।पश्चात सचिव दमयंती सराफ द्वारा प्रोजेक्ट रिपोर्ट का वाचन किया गया। कोषाध्यक्ष संगीता जोशी द्वारा क्लब का आय व व्यय के ब्यौरे का वाचन किया। आय एस ओ कविता अग्रवाल ने अपने कार्य का वाचन भी किया।

एडीटर रविनरकौर वाधवा दारा एडीटर क्लब रिकार्ड चेक करवाया गया।डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट द्वारा क्लब का सम्पूर्ण रिकार्ड चेक कर हस्ताक्षर किए गए मेम के परिचय का वाचन अनीता चोयल ने किया। मेम ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में क्लब के कार्यों व सदस्यों की प्रशंसा की गई।मेम के साथ पधारीं मधुलिका दुबे ने भी आशिर्वाद स्वरुप दो शब्द कहे।

डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट के समक्ष पक्षियों के लिए पानी हेतु मिट्टी के सकोरे बगीचे इत्यादि जगह लगाने के लिए दीए गये।रुचिका उपाध्याय के द्वारा आभार व्यक्त किया व कार्यक्रम का विधिवत संचालन विजयलक्ष्मी यादव ने किया।क्लब अध्यक्ष ने सभा समाप्ति की घोषणा की उक्त आयोजन में निम्न उपस्थित सदस्यों फाउन्डर संगीता लोह,भुतपूर्व अध्यक्ष रेखा जोशी व प्रिया सोनी, ज्योति मकवाना,बसन्ती पटेल,चन्दा औचानी,रुचिका सिसोदिया, सरला कानुनगो,रमिला करते इत्यादि सदस्यों का अमुल्य सहयोग रहा अन्त में सामूहिक राष्ट्र गान के बाद साथ आयोजन पुर्ण हूआ।

## दसोरा नागर समाज ने अपने कुल देवता भगवान हाटकेश्वर का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया

### नगर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** दसोरा नागर समाज बड़वानी द्वारा अपने कुल देवता भगवान हाटकेश्वर के प्रकट उत्सव को प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी धूमधाम से मनाया गया।इसके आयोजन की पूर्व तैयारी में दसोरा समाज नगर मंडल एवं युवा मंडल के कार्यकर्ता विगत कुछ दिनों से लगे हुए थे।भगवान हाटकेश्वरजी की पूजा अर्चना कर भव्य शोभायात्रा नगर के विभिन्न मांगों से निकाली। शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह जगह स्वागत किया । भगवान हाटकेश्वर की भव्य शोभायात्रा समाज की धर्मशाला पर पहुंची।जहां भगवान हाटकेश्वर की महाआरती की।सामाजिक कार्यक्रमों के पश्चात समाज के सभी स्वजनों को महाप्रसादी प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।दसोरा समाज अध्यक्ष गणेश गुप्ता ने बताया की हमारे आराध्य भगवान हाटकेश्वर का प्राकटयउत्सव सभी स्थानों पर समाज जन बड़े धूमधाम के साथ मनाते हैं।इसी तारतम्य में बड़वानी नगर में भी यह आयोजन किया गया और इस माध्यम से सभी स्वजाती बंधु एक जगह एकत्रित होकर अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हैं।

## खरगोन, भग्यापुर, ईटावदी, गवल, ठीबगांव व लोहारी में आयोजित हुए शिविर

# पोषण पखवाड़ा अंतर्गत कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया





विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. वासुदेव आसलकर के मार्गदर्शन में 11 अप्रैल को पोषण पखवाड़ा अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालयों द्वारा गर्भवती माताओं, धात्री महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए निःशुल्क आयुवर्दे चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। यह शिविर गंगा नगर खरगोन, ग्राम ईटावदी, गवल, ठीबगांव, ग्राम पंचायत भग्यापुर तथा लोहारी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आयोजित किए गए। इस दौरान इन शिविरों में 250 से अधिक धात्री माताएं, गर्भवती महिलाएं, किशोरी बालिकाएं एवं कुपोषित बच्चों को निःशुल्क उपचार कर औषधियों का वितरण किया गया। इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों द्वारा गर्भवती माताओं को गर्भावस्था में पोषण स्वास्थ्य देखभाल एवं जन्म के प्रथम 06 माह में केवल स्तनपान कराने तथा कुपोषण से बचाव जैसी आवश्यक जानकारियों से अवगत करवाया गया। खून की कमी को दूर करने के लिए आयुष औषधि और पोषण आहार का सेवन करना चाहिए। स्वस्थ रहते हुए व्यक्तिगत साफ-सफाई का भी ध्यान रखना चाहिए। साथ ही गर्भावस्था के दौरान आयरन एवं कैल्शियम की दवाइयों के उपयोग का विशेष महत्व भी समझाया गया। साथ ही गर्भवती व धात्री माताओं को उचित पोषण स्तर के संबंध में परिवार को जागरूक किया गया।

शिविर में बच्चों को निःशुल्क सुवर्णप्राश करवाया गया।आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री महिलाओं का स्वास्थ्य जांचा गया। साथ ही बदलते मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। बच्चों को मौसमी बीमारियों व कुपोषण से बचने के लिए और रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा अभियान मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन के प्रथम 1000 दिन के दौरान स्वास्थ्य व पोषण आवश्यकता के प्रति जागरूक होना जरूरी है। इस दौरान आयुष के डॉक्टर व कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

### ग्रीष्म ऋतु में लू के प्रकोप से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.एस. सिसोदिया ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि लू (तापघात) के लक्षण दिखाई देते ही निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। लू के प्रकोप से बचाव के उपाय करें। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में लू लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना लू के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं। नगरिकों को सलाह दी गई है कि गर्मी व लू से बचाव के लिए खूब पानी पीये व खाली पेट न रहें, शराब व चाय-कॉफी के अधिक सेवन से बचें, ठण्डे पानी से नहाएं, सर ढके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहने, बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़े, दोपहर में 12 से 04 के मध्य बाहर जाने से बचें, धूप में नंगे पाँव न चलें, बहुत अधिक परिश्रम वाले कार्य न करें। बाहर निकलना आवश्यक हो तो छतरी व धूप के चश्मे का उपयोग करें।

## थाना पानसेमल पुलिस द्वारा 3720 बल्क लीटर अवैध शराब का विधिसम्मत नष्टीकरण



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री जगदीश डावर के निर्देशानुसार जिले के थानों में जप्त अवैध शराब के समय पर निराकरण की कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में थाना पानसेमल द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दर्ज एक प्रकरण में जप्त की गई कुल 3720 बल्क लीटर अवैध शराब का विधिसम्मत रूप से नष्टीकरण दिनांक 11 अप्रैल 2025 को संपन्न किया गया।

यह नष्टीकरण नगर परिषद ट्रेंचिंग ग्राउंड, राजपुर में माननीय न्यायालय के आदेशानुसार, समस्त विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया। इस कार्रवाई के दौरान अपर कलेक्टर, जिला बड़वानी जिला आबकारी अधिकारी, बड़वानी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री राजेश मंडलोई अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), राजपुर श्री आयुष अलावा थाना प्रभारी पानसेमल श्री मंशाराम वगेन उपस्थित रहे।

यह कार्रवाई जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल है, जिससे समाज में कानून व्यवस्था की सशक्त स्थापना हो सके।

## खाद्य मंत्री ने अफसरों को दिए निर्देश, कैंप लगाकर हितग्राहियों की ई-केवायसी करवाएं

# राशन हितग्राहियों को 30 अप्रैल तक ई-केवायसी कराना अनिवार्य : गोविंद सिंह राजपूत

विनय उजाला





**खरगोन, निप्र।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्दसिंह राजपूत ने राष्ट्रीय खाद्य, सुरक्षा अधिनियम के पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर करने के निर्देश दिये हैं। गोविन्दसिंह राजपूत ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत 543.31 लाख पात्र हितग्राहियों में से शेष 108.27 लाख हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश भारत सरकार द्वारा प्राप्त हुए हैं। समय-सीमा में समस्त पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी न होने पर हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। इसलिये समस्त पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि इसी तारतम्य में 9 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रदेश में ई-केवायसी कराने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के तहत ई-केवायसी से शेष रह गये सभी पात्र हितग्राहियों की सूची पीओएस मशीन, स्थानीय निकाय, जेएसओ लॉगिन पर उपलब्ध कराई गयी है। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग के स्थानीय अमले का सहयोग लिया जा रहा है।

**कैंप लगाकर करायी जाएगी ई-केवायसी :** खाद्य मंत्री गोविन्दसिंह राजपूत ने कहा है कि अभियान के तहत हितग्राहियों की ई-केवायसी ग्रामवार एवं मुहल्लेवार कैंप लगाकर की जाये। ई केवायसी करने गठित दलों को ग्राम अथवा मोहल्ले की सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी करने के बाद ही अन्य ग्राम या मोहल्ले में कैंप आयोजित किये जाये। ई-केवायसी के दौरान परिवार के किसी सदस्य की मुत्यु होने, स्थायी रूप से प्रवास पर जाने एवं डुप्लीकेट होने पर एम राशन मित्र पोर्टल पर स्थानीय निकाय के लॉगिन से विलोपन हेतु प्रविष्टि की जाएगी।

**सभी संभागायुक्त एवं कलेक्टर्स को जारी हुये निर्देश :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत शामिल पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी 9 से 30 अप्रैल तक जिलावार पूर्ण कराने के लिये खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने समस्त संभागायुक्त एवं कलेक्टर्स को ई-केवायसी कार्य को गंभीरता से तिथिवार पूर्ण कराने के निर्देश जारी किये हैं। श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने कहा है कि ई-केवायसी से शेष हितग्राहियों की संख्या के अनुसार जिलों हेतु निर्धारित दैनिक लक्ष्य के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में शत्-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी पूर्ण कराये जाये। उन्होंने अफसरों को ई-केवायसी कार्य के जागरूकता के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कैंप में किया पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण



**देवास, निप्र।** प्रतिमाह की 10 तारीख को आयोजित होने वाले निशुल्क मेडिकल केम्प में 12 से अधिक पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. एसएस मालवीय द्वारा अवंतिका हास्पिटल में किया गया। परीक्षण के दौरान डॉ. श्रीराम सोलंकी मेडिकल विशेषज्ञ द्वारा भी परीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्यरूप से ओ.पी. सोलंकी, एम.एल.मालवीय देवड़ा, बाबूलाल चौहान, छीतरसिंह परमार, रणजीतसिंह सोलंकी, गंगाराम मालवीय आदि उपस्थित थे।

### आकस्मिक एवं एच्छिक अवकाश को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन दिया



**देवास, निप्र।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में जनभागीदारी के अतिथि विद्वान एवं तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने प्राचार्य डॉ. भारत सिंह गोयल को 13 दिवस के आकस्मिक अवकाश एवं 3 दिवस के ऐच्छिक अवकाश की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन प्रो. रेनू नामदेव ने किया। इस अवसर पर समस्त जनभागीदारी स्टाफ उपस्थित रहा।

### विजयगढ़ मुरम्या में तालाब का किया जा गहरीकरण



**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं ग्रामीणों के जनसहयोग से जिले की जनपद पंचायत टोंकखुर्द की ग्राम पंचायत विजयगढ़ मुरम्या में तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। इस तालाब के गहरीकरण के बारिश के दिनों में पानी का संग्रहित होगा तथा वाटर लेवल भी बढ़ेगा, जिससे पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पानी मिल सकेगा।

### गांव-गांव में आयोजित की जा रही चौपाल



**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत देवास जिले के विकासखंड बागली अंतर्गत ग्राम पंचायत सेवन्याखुर्द के ग्राम राजगढ़ में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में सीएमसीएलडीपी छात्र दुर्गा बघेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान में जल के महत्व के संबंध में चर्चा। उन्होंने जल को बचाने के लिए शासन द्वारा चलाए अभियान में ग्रामीणों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जल संवर्धन एवं जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूकता संदेश भी दिया। इस अवसर पर सरपंच रामप्रसाद जाटव, अशोक भाटी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।







### कई विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया

# गरीबी मुक्त व विकसित गांव बनाने का सपना : केंद्रीय मंत्री

### केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कन्नौद में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृति पत्र वितरित किए

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पात्र हितग्राहियों एवं अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम कन्नौद में आयोजित हुआ। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने 1 करोड़ 46 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 10 करोड़ 53 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खातेगांव विधानसभा क्षेत्र में मां रेवा उद्यम सिंचाई योजना सहित अन्य योजनाओं से पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इन योजनाओं से विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई के लिए और घर-घर पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसानों की सबसे बड़ी समस्या पानी है। हम सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचाने का कार्य कर रहे है। किसानों को पानी उपलब्ध करवा रहे हैं।

**मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है :** केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार की मंशा सभी पात्र नागरिकों पक्का मकान देने की है। सर्वे में जो छूट गए थे उनका सर्वे किया जा रहा है, उन्हें भी पक्का मकान दिए दिया जाएगा। वर्ष 2024-25 आवास प्लस में दो चरणों में खातेगांव विधानसभा में 10 हजार 450 आवास का लक्ष्य आया हैं, इनमें से 9 हजार 689 आवास स्वीकृत किए है, जो लगभग 92% है। वहीं केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने बताया कि, अब पक्के आवास की सूची में नाम जुड़वाने के लिए नया सर्वे भी शुरू हो गया है, और हितग्राही खुद ही अपने मोबाइल से सेल्फ सर्वे कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि, अब प्रधानमंत्री आवास योजना के नियमों में भी तीन बड़े बदलाव किए गए हैं। पहले प्रतिमाह 10 हजार रूपए की आमदनी वाले पक्के आवास के लिए पात्र नहीं थे, लेकिन अब 10 हजार की जगह 15 हजार रूपए की आमदनी वाले भी पात्र होंगे। ऐसे ही पहले जिनके पास दो पहिया वाहन था उन्हें पक्के आवास नहीं दिए जा रहे थे, लेकिन अब दो पहिया वाहन वालों को भी पात्रता की श्रेणी में रखा गया है। साथ ही ढाई एकड़ सिंचित और 5 एकड़ असिंचित जमीन वाले किसान भी पक्के आवास के लिए पात्र होंगे। परिवार के एक सदस्य को आजीविका के काम से जोड़ा जाएगा।

**जिले में 11 हजार 800 स्व सहायता समूह की महिलाएं लखपति दीदी बनी :** केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिलाओं को स्व सहायता समूह से जोड़ा जा रहा है। समूह की महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाती है, उन्हें लोन दिलाया जा रहा है। समूह की महिलाओं को अलग-अलग कामों में जोड़ा जा रहा है। जिससे समूह की महिलाएं प्रतिमाह 10 हजार रुपये कमा सके और लखपति दीदी बन सके। यही खुशी की बात है कि जिले में 11 हजार 800 स्व सहायता समूह की महिलाएं प्रतिमाह 10 हजार से अधिक कमा कर लखपति दीदी बनी है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

**किसान कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता :** केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि, कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा। किसान की खेती बढ़िया हो गई तो भगवान की पूजा हो गई। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में लगातार कोशिश यही है कि, कैसे खेती आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि, पिछले दिनों कई फैसले लिए गए हैं, जिसमें उड़द, तुअर, मसूर, जितना भी किसान पैदा करेंगे, मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर पूरी की पूरी खरीदी जाएगी, एक-एक दाना खरीदने का फैसला केंद्र सरकार ने लिया है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटरिया, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापति, रायसिंह सेंधव, माया पटेल, राजीव खंडेलवाल, भेरूलाल अटारिया, एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

#### केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र को कई विकास की सौगात दी गई

इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र को कई विकास की सौगात दी गई है। विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई परियोजना से खेत में पानी पहुंचा जा रहा हैं। वर्ष 2027 तक घर-घर नर्मदा का पानी पहुंचाया जाएगा।विधानसभा क्षेत्र में रेल लाइन परियोजना, नेशनल हाईवे का काम चल रहा है। काम पूरा होने पर विकास की कई सौगातें मिलेगी। सरकार द्वारा जनता के जीवन में उजाला करने का कार्य किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र में कहीं विकास कार्य किया जा रहे हैं। नागरिकों का पक्के मकान में रहने का सपना पूरा हुआ है। विधानसभा क्षेत्र विकास में अग्रणी श्रेणी में है।

# हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर सोनकच्छ में हुआ विशाल भंडारा

### हनुमान जन्मोत्सव शनिवार को सोनकच्छ में निकलेगा भव्य चल समारोह







विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर एक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। यह भंडारा मारुति नंदन रामायण मंडल के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस भंडारे में श्री राठौर हनुमान मंदिर के सामने सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की, जो देर शाम तक चला। मारुति नंदन रामायण मंडल द्वारा सतत् 15 वर्षों से हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया जा रहा है इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया गया।

यह भंडारा हनुमान जयंती से एक दिन पहले, यानी शुक्रवारको, आयोजित किया गया । मारुति नंदन रामायण मंडल द्वारा जनसहयोग से इस भंडारे का आयोजन किया गया। श्री राठौर समाज हनुमान मंदिर के सामने, एमजी रोड पर इस भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में नगर और क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

मंदिर में विराजित बालाजी हनुमानजी की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

पूजा अर्चना के बाद भंडारे की शुरुआत हुई, जो देर शाम तक चला, वहीं सांवरिया गुरुप के कलाकारों द्वारा सुंदर सुंदर भजनों पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। कल शनिवार को नगर के रणजीत हनुमान मंदिर,दत्त हनुमान मंदिर,बजहुणा हनुमान मंदिर छायन मैना सहित क्षेत्र के समस्त हनुमान मंदिरों पर हनुमान जी महराज का आकर्षक श्रंगार कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम को रणजीत हनुमान मंदिर हनुमान भक्तों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### आबकारी विभाग ने चार प्रकरण दर्ज किए



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** अवैध शराब संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग के दल ने व्रत सोनकच्छ में ग्राम जलोदिया, पादा, बीसाखेड़ी, ऐनाबाद एवं देवास शहर के ढाबों आदि स्थानों में सर्चिंग की। जिसमें देशी मदिरा प्लेन के कुल 94 पाव, 21 कैन बियर विदेशी मदिरा जब्त किए गए। कार्रवाई में कुल 4 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए,जब्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 9800 रुपए है।

कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक राजकुमारी मंडलोई, प्रेम यादव, विजय कुचेरिया, डीपी सिंह, उमेश स्वर्णकार,कैलाश जामोद आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जैसवाल, विकास गौतम, नितिन सोनी , दीपक, गोविंद, सनत एवं सैनिक संजय शर्मा, किशोर केदार चौधरी, संतोष शामिल थे। जिले में आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### पोषण अभियान 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित ,खंड स्तरीय बैठक संपन्न

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** प्रभारी परियोजना अधिकारी फिरदोस शैख ने बताया कि पोषण अभियान अंतर्गत विशेष पोषण पखवाडा दिनांक 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चलाया जाएगा।

जिसमे महिला एवं बाल विकास विभाग नोडल विभाग है तथा स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, शिक्षा विभाग आयुष विभाग कृषि विभाग एवं नागरिक खाद आपूर्ति विभाग सहयोगी विभाग के रूप में कार्य करेंगे इस अभियान सुचारू एवं सफलतापूर्वक संचालन के लिए सोनकच्छ में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रियंका मीमरोट की अध्यक्षता में खंड स्तरीय बैठक की गई।

### खिवनी अभयारण्य : वन विभाग ने कर रखे पानी के इंतजाम

# बाघ युवराज को पानी में मस्ती करते देख रोमांचित हुए पर्यटक

### गर्मी बढ़ते ही पानी की तलाश में सघन वन क्षेत्रों से बाहर निकल रहे वन्यजीव

विनय उजाला



**कन्नौद, निप्र।** गर्मी का असर अब वन्य जीवों पर भी होने लगा हैं। गर्मी से बचने के लिए वन्यजीव दोपहर को अपने लिए छाव व पानी वाली जगह को तलाश कर रहे हैं। गर्मी बढते ही जंगल में पानी का संकट खडा हो जाता हैं। पानी की तलाश में वन्यजीव गहरे जंगल से बाहर निकल आते हैं। ऐसे ही गर्मी में बाघ युवराज पानी में मस्ती कर अपनी गर्मी भगा रहा था। ये नजारा पर्यटकों को भी रोमांचित कर गया. ग्रीष्म कालीन सीजन के आरंभ में खिवनी अभयारण्य कन्नौद अंतर्गत विगत दिवस बाघ 'युवराज' पानी की तलाश में बीट खिवनी पश्चिम के कक्ष क्रमांक 204-ए में बने तालाब में बैठकर पेड की छाया में पानी का आनंद लेते दिखाई दिया। पर्यटक बाघ को पानी में मस्ती करते देख उत्साहित दिखे और अपने मोबाइल कैमरे में इस दृश्य को कैद किया। पर्यटकों को साथ ही मोर को नाचते/पंखों को फैलाते एवं हिरणों को चिलचिलाती धूप में पेंडों की छाया में आराम करते दर्शन हुए। सुरक्षा संबंध में अधीक्षक खिवनी अभयारण्य कन्नौद विकास माहोरे से बात हुई तो उनके द्वारा बताया गया है, कि ग्रीष्म काल में खिवनी अभयारण्य का जल स्तर कम हो जाता है जिसके कारण वन्यजीव सघन वनक्षेत्र से बाहर निकलकर पानी की तलाश करते है।

### कुष्ठधाम, वृद्धाश्रम, दृष्टिहीन विद्यालय पर हुआ भोजन वितरण

# अपूर्व उत्साह के साथ मनाया महावीर स्वामी जन्म कल्याणक

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** जियो और जिने दो का अमर संदेश देकर दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले जैन जगत के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जयंती देवास नगर के समग्र जैन समाज द्वारा अपूर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। दुर्लभ एवं अविस्मरणीय संयोग के रूप में पूज्य आचार्य श्री जिनसुंदर सुरीश्वरजी म.सा. एवं दिगम्बर मुनि श्री 108 निष्पक्ष सागरजी म.सा. एवं मुनि श्री 108 निष्प्रह सागरजी म.सा. अपने संपूर्ण साधु मंडल के साथ उपस्थित रहे। पूज्य साध्वीजी श्री अक्षयनंदिता श्रीजी म.सा. आदि साध्वी मंडल ने जन्म कल्याणक महोत्सव में चर्तुविध संघ की उपस्थिति साकार की। इसके चलते संपूर्ण नगर महावीरमय बन गया। महावीर प्रभु के जन्मोत्सव की खुशियां मनाते हुए श्रद्धालु नौजवान झूमते-नाचते चल रहे थे। चांदी के सुसज्जित रथों में बैठकर जब भगवान महावीर स्वामी नगर भ्रमण पर विशाल शोभा-यात्रा के साथ निकले तो श्रीफल एवं अक्षत से अपने प्यारे प्रभु की अगवानी के लिए श्रद्धालु दौडे चले आए। शोभा यात्रा मार्ग में महावीर स्थानकवासी संघ ने प्रभु महावीर के जीवन चरित्र पर नयनाभिराम जीवंत झांकी की सराहनीय प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर शोभायात्रा का मार्ग में अनेक धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संस्थाओं ने भव्य स्वागत किया। आयोजन में समिति के अध्यक्ष विजय जैन, महासचिव शैलेन्द्र चौधरी सचिव संजय कटारिया एवं पदाधिकारी अतुल जैन, मनीष जैन कायथावाला, मुकेश चौधरी, विशाल जैन , नितिन जैन मानव, पारस जैन, रिंकेश जैन, पंकज चौधरी, पारस जैन इटावा, निलेश जैन, विकास जैन, सुनील जैन घोटू ने सहयोग प्रदान किया।

## एसआरएच के बल्लेबाज मचाएंगे धमाल, या पंजाब किंग्स करेगी धमाल

# सनराइजर्स हैदराबाद जीत के लिए कर रही संघर्ष

नई दिल्ली, एजेंसी।

**आईपीएल में पहले मैच में धमाकेदार प्रदर्शन करने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद जीत के लिए संघर्ष कर रही है। अब हैदराबाद की टीम का मुकाबला पंजाब किंग्स के खिलाफ है। यह शनिवार को होने वाले डबल हेडर का दूसरा मैच है।**

एसआरएच की टीम यहां पर जोरदार वापसी करना चाहेगी। पिछले साल के उप विजेता सनराइजर्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पहले मैच में 286 रन बनाकर 44 रन से शानदार जीत हासिल की थी। लेकिन इसके बाद उसके बल्लेबाज कुंद पड़ गए। आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए मशहूर सनराइजर्स की टीम पिछले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसने इन मैचों में अधिकतम 163 रन ही बनाए। बल्लेबाजों की नाकामी के कारण मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी खराब हो गया।



### नहीं चल रहे बल्लेबाज

सनराइजर्स के पास ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और क्लासेन जैसे विस्फोटक बल्लेबाज हैं। लेकिन पिछले कुछ मैच में अति आक्रामकता के कारण उन्हें अपने विकेट गंवाने पड़े। पिछले साल सनराइजर्स की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हेड और अभिषेक इस बार टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाए हैं। वर्तमान सत्र में इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी 15 रन की है। हेड के प्रदर्शन में आश्चर्यजनक रूप से गिरावट आई है। वह अभी तक पांच पारियों में 67, 47, 22, 04 और 08 रन ही बना पाए हैं।

### आक्रामक अंदाज छोड़ने को तैयार नहीं

ईशान किशन ने पहले मैच में नाबाद शतक लगाया था। लेकिन इसके बाद वह अपने इस प्रदर्शन को जारी नहीं रख पाए। सनराइजर्स के मध्यक्रम के मुख्य बल्लेबाज क्लासेन भी अभी तक उम्मीद पर खरा नहीं उतरे हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि उनकी टीम अपने आक्रामक अंदाज को नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहाकि मेरा मानना है कि हम जानते हैं कि हमने अपनी इस शैली के दम पर जीत हासिल की हैं लेकिन हमें परिस्थितियों का सम्मान करना होगा। हमें परिस्थितियों का अच्छी तरह से आकलन करना होगा जैसा कि हम अभी तक नहीं कर पाए हैं।

### एसआरएच की गेंदबाजी भी चिंता का विषय

सनराइजर्स के लिए बल्लेबाजी नहीं गेंदबाजी भी चिंता का विषय है। उसके गेंदबाजों ने अभी तक काफी रन लुटाए हैं। कप्तान पैट कमिंस, मोहम्मद शमी और हर्षल पटेल जैसे गेंदबाज अभी तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। उसके स्पिन गेंदबाजों को बीच के ओवरों में संघर्ष करना पड़ रहा है। इसके विपरीत पंजाब किंग्स ने नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। यह भारतीय बल्लेबाज आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। उसको प्रियांश आर्या के रूप में विस्फोटक सलामी बल्लेबाज मिला है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़ा था। पंजाब के गेंदबाजी विभाग में अर्शदीप सिंह, लॉकी फर्ग्यूसन, युजवेंद्र चहल और मार्को यानसन ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

## कप्तान रजत पाटीदार से विराट कोहली की हुई अनबन?

नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल 2025 में दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में बेंगलुरु को 6 विकेट से मात दी। 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को आरसीबी ने शुरुआती झटके दिए थे लेकिन केएल राहुल की नाबाद 93 रन की पारी ने बेंगलुरु से जीता हुआ मैच छीन लिया। हालांकि मैच के दौरान पूर्व कप्तान विराट कोहली किसी चीज से नाखुश दिखे और दिनेश कार्तिक से शिकायत करते हुए नजर आए। फैंस का मानना है कि शायद वह कप्तान रजत पाटीदार से नाराज हुए थे।

दिल्ली कैपिटल्स की पारी के दौरान 15वें ओवर में केएल राहुल ने जोश हेजलवुड के ओवर में 22 रन बनाकर मैच का रूख बदल दिया। उन्होंने तीन चौके और एक छक्का लगाया। आरसीबी इस ओवर से ऊबर नहीं सकी और दिल्ली ने फिर आसानी से जीत हासिल की। राहुल और स्टब्स ने 111 रनों की साझेदारी की। 16वें ओवर के दौरान बाउंड्री लाइन के पास विराट कोहली टीम के बैटिंग कोच दिनेश कार्तिक के साथ बातचीत करते हुए नजर आए। हालांकि वह काफी गुस्से में दिखे। वह किसी चीज को लेकर काफी नाखुश थे। वहीं फैंस ने अनुमान लगाया कि शायद कोहली कप्तान रजत पाटीदार के फील्डिंग प्लेसमेंट को लेकर नाराज थे।

### IPL आज के मैच

लखनऊ सुपर जायंट्स VS गुजरात टाइटन

स्थान : लखनऊ समय : दोपहर 3.30 बजे

## क्रिकेट में योगदान के लिए जेम्स एंडरसन को मिलेगा नाइटहुड

कोलकाता, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स एंडरसन को देश का सबसे बड़ा सम्मान दिया जाएगा। एंडरसन को क्रिकेट में उनके सराहनीय योगदान के लिए नाइटहुड का सम्मान दिया जाएगा। एंडरसन ने अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इस्तीफा देते वक्त कुछ पुरस्कारों के लिए नाम घोषित किए थे। इन नामों में नाइटहुड के लिए जेम्स एंडरसन का नाम भी शामिल था। 42 साल के जेम्स एंडरसन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, लेकिन घरेलू क्रिकेट में अभी भी एक्टिव हैं।

### एंडरसन ने खेले सबसे ज्यादा टेस्ट

एंडरसन ने अपने करियर में कुल 188 टेस्ट मैच खेले हैं। यह किसी तेज गेंदबाज द्वारा खेले गए टेस्ट मैचों की सबसे ज्यादा संख्या है। उनसे ज्यादा टेस्ट मैच सचिन तेंदुलकर ने खेले हैं। जेम्स एंडरसन ने अपना आखिरी टेस्ट मैच जुलाई 2024 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला था। मई 2003 में 20 साल की उम्र में यहीं पर एंडरसन ने जिम्बॉब्वे के खिलाफ डेब्यू किया था। एंडरसन ने साल 2015 से व्हाइट बॉल क्रिकेट नहीं खेली है। इसके बावजूद वह वनडे में देश के लीडिंग विकेट टेकर बने हुए हैं। उन्होंने टी 20 में भी 18 विकेट लिए हैं और 1000 विकेट से कुछ ही दूर रह गए। जिमी के नाम कुल 991 विकेट हैं।



## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप : क्वार्टर फाइनल में ध्रुव-तनिशा की हार के साथ भारतीय चुनौती समाप्त

नई दिल्ली, (हि.स.)

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2025 में भारत की आखिरी उम्मीद भी शुक्रवार को खत्म हो गई, जब मिश्रित युगल वर्ग में ध्रुव कपिला और तनिशा क्रास्टो की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हार गई। इस हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का अंत हो गया।**

पहले गेम में ध्रुव-तनिशा की जोड़ी ने जबरदस्त शुरुआत करते हुए 8-0 की बढ़त बनाई। गेम के अंत तक दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला रहा, लेकिन तांग




और त्से नेपहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम की शुरुआत में भारतीय जोड़ी मुकाबले में बनी रही और स्कोर 9-9 तक बराबर रहा। लेकिन इसके बाद हांगकांग की जोड़ी ने लगातार आठ अंक हासिल करते हुए बढ़त बना ली, जिसे ध्रुव और तनिशा पाट नहीं पाए।

## मोहम्मद सालाह ने लिवरपूल के साथ दो साल का करार बढ़ाया

नई दिल्ली, (हि.स.)

लिवरपूल के स्टार फॉरवर्ड मोहम्मद सालाह ने अपने भविष्?य को लेकर महीनों से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए शुक्रवार को क्लब के साथ दो साल का नया करार कर लिया है। 32 वर्षीय मिस्र के स्टार खिलाड़ी सालाह का अनुबंध इस साल जून में खत्म होने वाला था, जिसके बाद वह फ्री एजेंट बन सकते थे। लेकिन अब वह 2027 तक लिवरपूल की जर्सी में नजर



आएंगे। सालाह 2017 में इटली के क्लब एएस रोमा से लिवरपूल में शामिल हुए थे।

अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद सालाह ने कहा, बिलकुल, मैं बेहद उत्?साहित हूं। हमारे पास इस समय शानदार टीम है। पहले भी टीम मजबूत थी, लेकिन मैंने साइन इसलिए किया क?योंकि मुझे लगता है हम और ट्रॉफी जीत सकते हैं और फुटबॉल का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने अपने करियर के सबसे अच्छे साल यहां बिताए हैं। आठ साल हो गए हैं, और उम्मीद है कि अब यह 10 साल पूरे होंगे। मैं यहां की जिंदगी और फुटबॉल का पूरा मजा ले रहा हूं।



## अंतरराष्ट्रीय बाजार में रिकॉर्ड ऊंचाई पर सोना

**नई दिल्ली(हि.स.)।** घरेलू बाजार में तूफानी तेजी के साथ ही सोना ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज एक बार फिर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड कायम किया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने के भाव में तेजी लगातार जारी है, जिसकी वजह से आज ये चमकीली धातु 3,200 डॉलर प्रति औंस के स्तर को भी पार कर गई। इंट्रा-डे में सोना 3,234.49 डॉलर प्रति औंस के स्तर तक पहुंच गया। सोना इसके पहले कभी भी इस ऊंचाई तक नहीं पहुंचा है। यूएस गोल्ड फ्यूचर्स में भी आज तेजी का माहौल बना हुआ है। गोल्ड फ्यूचर्स में सोना 1.9 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,236 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर भारत में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज एमसीएक्स में भी सोने ने आज तेजी का नया रिकॉर्ड क्राइम कर दिया। एमसीएक्स में गोल्ड फ्यूचर्स 1,567 रुपये यानी 1.70 प्रतिशत की उछाल के साथ 93,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया।



## टैरिफ में राहत से सेंसेक्स 1,620 अंक तक उछला

नई दिल्ली, (हि.स.)

**अमेरिकी टैरिफ से 90 दिन के लिए राहत मिलने की वजह से घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को चौतरफा खरीदारी का माहौल बना रहा, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक इंट्रा-डे में 2 प्रतिशत से भी अधिक उछल गए।**

बाद में मुनाफा वसूली होने की वजह से ये दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे फिसल कर बंद हुए। आज के कारोबार की शुरुआत भी 1 प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ हुई थी। बाद में खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार ने तेज रफ्तार हासिल कर ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.77 प्रतिशत और निफ्टी 1.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

कल दिन भर के कारोबार के दौरान सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। इनमें मेटल, ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस, बैंकिंग, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, टेलीकॉम, पावर और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी का माहौल बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.84 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 3.04 प्रतिशत उछल कर आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े सात करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 401.54 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 393.82 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 7.72 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

## ऑस्ट्रिया के संघीय वित्त मंत्रीसे मिलीं निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली/वियना, (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने वियना में ऑस्ट्रिया के संघीय वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने अहम मुद्दों पर बातचीत की। वित्त मंत्री ने मार्टरबाउर को भारत आने का निमंत्रण भी दिया।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि ऑस्ट्रिया के संघीय वित्त मंत्री मार्कस ने इस मुलाकात के दौरान ऑस्ट्रिया और भारत को साझा मूल्यों वाले स्वाभाविक सहयोगी बताया। वहीं, केंद्रीय वित्त मंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रमुख सुधारों और नीतिगत उपायों के प्रमुख पहलुओं को साझा किया। वित्त मंत्री ने ई-मोबिलिटी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्रों में राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष के माध्यम से और दोनों पक्षों की स्टार्ट-अप कंपनियों के बीच विशेष रूप से फिनटेक में निवेश और व्यापार सहयोग के अवसरों को रेखांकित किया।

### मार्च में बंद हुए 51 लाख एसआईपी अकाउंट्स

# बाजार में उतार - चढ़ाव से छोटे निवेशकों का भरोसा डगमगाया

### इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में 11 महीने के निचले स्तर पर पहुंचा निवेश

नई दिल्ली, (हि.स.)

**पिछले साल अक्टूबर के महीने से ही घरेलू शेयर बाजार में जारी जबरदस्त उतार-चढ़ाव के कारण छोटे निवेशकों का भरोसा काफी डगमगा गया है। इसका असर इक्विटी म्युचुअल फंड्स में होने वाले निवेश और एसआईपी अकाउंट्स की संख्या में आई गिरावट से भी पता चलता है। मार्च के महीने में निवेशकों की बेरुखी के कारण 51 लाख एसआईपी अकाउंट्स बंद हो गए। इसी तरह मार्च के महीने में इक्विटी म्युचुअल फंड्स में होने वाला निवेश भी 11 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।**

एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च के महीने में म्युचुअल फंड्स में होने वाले ओवरऑल निवेश में गिरावट आई है। खासकर, इक्विटी म्युचुअल फंड्स का इनफ्लो पिछले 11 महीने के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गया है। मार्च के महीने में इक्विटी स्कीमों में होने वाला निवेश मासिक आधार पर 14 प्रतिशत घट कर फरवरी के 29,241 करोड़ रुपये के की तुलना में 25,017 करोड़ रुपये के स्तर तक आ गया। मार्च के पहले फरवरी के महीने में भी इक्विटी म्युचुअल फंड्स के इनफ्लो में गिरावट दर्ज की गई थी। इस तरह लगातार दूसरे महीने इक्विटी म्युचुअल फंड्स में होने वाले निवेश में गिरावट आई है।



### 57 प्रतिशत की कमी आई

एएमएफआई के आंकड़े के अनुसार सेक्टोरल फंड्स में होने वाले निवेश में मार्च महीने के दौरान मासिक आधार पर 57 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। निवेशकों ने मिडकैप और स्मॉलकैप फंड्स में अपना निवेश बढ़ा दिया है। जहां तक एसआईपी की बात है तो मार्च के महीने में निवेशकों का इससे भी मोह भंग हुआ है। इसका प्रत्यक्ष असर 51 लाख एसआईपी अकाउंट्स बंद होने के रूप में देखा जा सकता है। मार्च के महीने में एसआईपी इनफ्लो भी कम होकर 4 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया है। फरवरी के महीने में एसआईपी के जरिए 25,999 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था, लेकिन मार्च के महीने में निवेश का ये आंकड़ा घट कर 25,926 करोड़ रुपये रह गया। इसके पहले जनवरी के महीने में निवेश का ये आंकड़ा 26,459 करोड़ रुपये का था।?

### लार्ज और स्मॉल कैप में भी गिरावट

लार्ज कैप फंड्स की बात की जाए, तो इस साल मासिक आधार पर इसमें होने वाले निवेश में भी लगातार गिरावट आई है। जनवरी में लार्ज कैप फंड्स में 3,063.30 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था, जबकि फरवरी में ये निवेश घट कर 2,866 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं मार्च में निवेश का ये आंकड़ा और गिर कर 2,479 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसके विपरीत स्मॉलकैप फंड्स में होने वाले निवेश में मार्च के महीने में फरवरी की तुलना में बढ़ोतरी हुई है। फरवरी में स्मॉलकैप फंड्स में 3,722.50 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था, जो मार्च में बढ़ कर 4,092 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। हालांकि जनवरी के महीने में स्मॉलकैप फंड्स में निवेशकों ने 5,720 करोड़ रुपये डाले थे।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 676.27 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई, (हि.स.)।** विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अप्रैल को समाप्त हफ्ते में 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि चार अप्रैल को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 6.59 अरब डॉलर बढ़कर 665.39 अरब डॉलर हो गया था। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 9.1 अरब डॉलर बढ़कर 574.09 अरब डॉलर हो गईं। आंकड़ों में बताया गया कि स्वर्ण भंडार का मूल्य 15.7 लाख डॉलर बढ़कर 79.36 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 18.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.36 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 4.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.46 अरब डॉलर हो गया।

## औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर छह माह के निचले स्तर 2.9 फीसदी पर

नई दिल्ली, (हि.स.)

**अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर सरकार को झटका लगने वाली खबर है। देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर इस साल फरवरी में सुस्त पड़ कर छह माह के निचले स्तर 2.9 फीसदी पर आ गई है।**

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन मुख्य रूप से विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि सुस्त पड़ी है। देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर फरवरी में छह माह के निचले स्तर 2.9 फीसदी पर आ गई है। पिछले साल फरवरी 2024 में इसमें 5.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई थी।



राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक इस बीच सरकार ने जनवरी 2025 के लिए आईआईपी पर आधारित औद्योगिक उत्पादन के वृद्धि दर के आंकड़े को संशोधित कर 5.2 फीसद कर दिया है। पिछले माह मार्च में जारी आंकड़ों में इसके पांच फीसदी रहने का अनुमान जताया गया था। इससे पहले पिछला सबसे निचला स्तर अगस्त 2024 में सबसे कम वृद्धि दर शून्य फीसदी पर स्थिर रही थी। विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन में वृद्धि फरवरी में सुस्त पड़कर 2.9 फीसदी रही, जो पिछले साल इसी महीने में 4.9 फीसदी रही थी। खनन क्षेत्र का उत्पादन फरवरी महीने में 1.6 फीसदी रही, जो एक साल पहले फरवरी महीने में 8.1 फीसदी थी। फरवरी 2025 में बिजली उत्पादन की वृद्धि दर भी धीमी होकर 3.6 फीसदी रही जो पिछले साल इसी अवधि 7.6 फीसदी थी। वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-फरवरी के दौरान आईआईपी में 4.1 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो पिछले साल इसी अवधि में 6.0 फीसदी थी।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक – श्रीमती दिव्या गुप्ता*, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560